लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -289, पृष्ठ 16+4-, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 45.0° अधिकतम तापमान, 31.0° न्यूनतम तापमान — आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 05:15, सूर्यास्त 19:01

कानपुर, रविवार, 9 जून 2024

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं...16

मंत्री वीआईपी कल्चर छोड़ फील्ड में उतरें, जनता की सुनें : मुख्यमंत्री

- जनता के लिए है सरकार, उनकी समस्याएं सख्ती से निपटाएं
- लोकसभा चुनाव में निराशाजनक परिणामों के बाद सीएम की दो टूक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। लोकभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के कारणों का फीडबैक लिया वहीं मंत्रियों को वीआईपी कल्चर छोड़कर फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद रखने और उनकी समस्याएं निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं थे। दोनों ही दिल्ली दौरे पर है।

लखनऊ में बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने चुनाव बाद नये सिरे से जनहित के काम में जुट जाने को उत्साहित करते हुए मंत्रियों को संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता का मंत्र देकर जनता के बीच जाने को कहा। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं।

देश को मिले 355 जांबाज अफसर

भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चैटवुड भवन के ठीक सामने जश्न मनाते कैडेट्स। ● एजेंसी

ब्यूरो, देहरादून

- आईएमए की पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

अमृत विचार : देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में शनिवार को एक और गौरवमयी पल जुड़ गया। 355 नौजवान युवा कैडेट्स भारतीय सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। अकादमी से 394 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, इसमें मित्र देशों के भी 39 जेंटलमैन कैडेट सैन्य अफसर बन गए। पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर मिला। परेड के बाद जेंटलमैन कैडेट ने जब परिजनों के हाथों से बैज पहने तो उनकी खुशी देखने लायक थी।

इस बार रिव्यूइंग अफसर के रूप में उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार पहुंचे थे जिन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होंने युवा अफसरों को हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने सेना में इन जांबाज अफसरों का स्वागत करते हुए आसमान से पुष्प वर्षा की। पीओपी सेरेमनी में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन और डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी उपस्थित रहे। आईएमए में 154वां नियमित और 137वां तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स संपन्न हुआ।

तीसरी बार मोदी सरकार

शपथ ग्रहण समारोह आज, कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का रविवार को तीसरी बार राजतिलक होगा। वह राष्ट्रपति भवन में अपने मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले सदस्यों के साथ शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलाएंगी।

प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराएंगे। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोग शामिल होंगे। समारोह के मंच और अतिथियों के लिए बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिये अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात की जा रही हैं।

सजा राष्ट्रपति भवन

शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचीं। समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत पहुंचेंगे।

मंत्रिपरिषद में 40 चेहरे, 20 नए, बाकी पुराने

● अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में करीब 40 सदस्यों को शामिल किया गया है जिनमें गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 लोग शामिल किए गए हैं। वहीं, महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ाएंगे। सूत्रों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।

पहली महिला लोकों पायलट समेत 10 सदस्य होंगे शामिल

शपथ ग्रहण समारोह में पहली लोको पायलट सुरेखा यादव समेत दल के 10 लोको पायलटों को नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं।

सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। यह प्रस्ताव दिल्ली में होने वाली अगली बैठक में लाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक के बाद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।

● दिल्ली में होगी औपचारिक घोषणा

सपा मुखिया की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए चौधरी ने बताया कि चुने सांसदों को बधाई देने के साथ ही पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया है। बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से पार्टी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं को उठाना, उनके हित में अपनी बात रखने को समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। बैठक में पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिम्पल यादव, राजेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

राहुल बन सकते हैं विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस कार्य समिति ने राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा जयराम रमेश ने समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया गया है, जिस पर उन्होंने कहा है कि वह बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौर सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। चर्चा हैकि वह वायनाड की सीट को छोड़ सकते हैं।

सीपीपी की बैठक के लिए जाते राहुल और सोनिया।

सोनिया सीपीपी की प्रमुख

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

मुरादाबाद। सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार को मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में उनके आवास पर हुई। उनका शव आवास के निचले तल पर बने कमरे में मिला है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अवाक हैं। घटना सुबह सवा आठ से 8.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोपहर तक घटना के कारण की जांच करते रहे।

पत्नी-बेटी सहित सीओ सिटी पर केस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को सीओ सिटी पद से हटाया
- एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

अमृत विचारः बस्ती जिले में तैनात सीओ सिटी की महिला मित्र ने उन पर, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, सीओ सिटी को लेकर जिले एवं पुलिस विभाग में चर्चा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर आरोपी सीओ को पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया। सीओ रुदौली को अब सीओ सिटी बनाया है।

महिला डाक्टर ने सीओ विनय सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजस्थान स्वास्थ्य विभाग में राज्य नियंत्रण अधिकारी के रूप में तैनात हैं। उसके पति राजस्थान के एक नगर निगम में तैनात हैं। सीओ विनय सिंह चौहान से उनका पांच वर्ष पुराना रिश्ता है। उनकी लगातार मुलाकातें होती रहती हैं। महिला डाक्टर ने दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2024 को वह राजस्थान से बस्ती सीओ विनय सिंह से मिलने सरकारी आवास पहुंची थी। तभी अचानक विनय सिंह की पत्नी और बेटी पहुंची और उसे पीटने लगी। इसके बाद महिला कांस्टेबल को बुलवाकर भी मुझे पीटा गया। उस समय विनय सिंह ने मुझे गिरफ्तार भी कराया। घटना के बाद मैंने मौखिक रूप से एसएचओ महिला थाना और बस्ती के एएसपी को पूरी बात बताई। इस दौरान एएसपी बस्ती ने घटना के लिए मुझे सोच-समझकर जवाब देने को कहा। महिला डाक्टर ने बताया कि विनय ने मुझे छोड़कर अपने परिवार का साथ दिया।

विनय ने कहा कि तुम मर जाओ, मैं अपने परिवार का साथ नहीं छोड़ुंगा। जबकि सीओ मेरे साथ पांच साल से जुड़े हैं और कई बार विवाह से जुड़ी बातें भी हो चुकी हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी सीओ, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ धारा 342, 323, 341, 504, 34 के अलावा एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज किया है।

भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सॉल्वर गैंग और पेपर लीक से निपटने के लिए प्रदेश सरकार जल्द लाएगी नया कानून
- योगी ने रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ की बैठक

अमृत विचारः पेपर लीक व साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून लाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह के अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। चयन आयोगों को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों तथा एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक के बाद विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों व चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई, कोषागार तक पहुंचाने, कोषागार से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने, परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, परीक्षा के बाद ओएमआर आयोग तक पहुंचाने, ओएमआर की स्कैनिंग, परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसियों को उनका भलीभांति रिकॉर्ड जांच करने के बाद दायित्व दें। हर पाली में 2 या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। हर सेट के प्रश्नपत्र की छपाई भी अलग-अलग एजेंसी का माध्यम से करायी जानी चाहिए। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो। आयोग भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में दूसरे संस्थान के प्रधानाचार्य को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को भी व्यवस्था से जोड़ें। गड़बड़ी हुई तो इनकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह भी कहा कि राजकीय इंटर कालेज, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अथवा साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले शैक्षिक संस्थान ही परीक्षा केंद्र बनाए जाएं। सभी परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में हों, सीसीटीवी से लैस हों।

शिक्षा सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र

प्राथमिक, माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक आदि शिक्षण संस्थानों में शिक्षक चयन की प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए हाल ही में शिक्षा सेवा आयोग का गठन किया गया है। इसके सदस्य नामित किए जा चुके हैं, अध्यक्ष की नियुक्ति भी यथाशीघ्र कर दी जाएगी। सभी विभाग नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

पैराशूट निर्माणी का एडीजी ने किया दौरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उत्पाद की गुणवत्ता के साथ ही उसकी खासियत भी समझी
- निरीक्षण के दौरान उत्पादों की गुणवत्ता को बेहतर बताया

ओपीएफ के उत्पादों का अवलोकन करते अपर महानिदेशक सी. रमेश। अमृत विचार

अमृत विचार। ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी में शनिवार को अपर महानिदेशक (उत्तर एवं मध्य क्षेत्र) गुणवत्ता सी. रमेश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीएफ के उत्पादों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि ओपीएफ के रक्षा उत्पादों की गुणवत्ता व विश्वसनीयता अत्यंत उच्च एवं प्रशंसनीय है।

अपर महानिदेशक (उत्तर एवं मध्य क्षेत्र) गुणवत्ता सी. रमेश का सबसे पहले इकाई में स्वागत किया गया। ओपीएफ में उन्होंने सबसे पहले अधिकारियों से उत्पादन के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होने निर्माणी के कटिंग शाप व पैराशूट उत्पादनशाला (शाप) में किये जा रहे कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खासतौर पर अत्याधुनिक तकनीकि के उपयोग को समझा। निरीक्षण में उन्होंने कहा कि ओपीएफ के उत्पाद एवं यहां की कार्य करने की शैली वास्तव में अनूठी है। इस दौरान वे प्रदर्शनी कक्ष भी गए। यहां पर भी उन्होंने प्रतिदर्शित उत्पादों को भी देखा। समारोह में ओपीएफ महाप्रबंधक एमसी. बालासुब्रमणियम ने कहा कि ओपीएफ की पूरी टीम गुणवत्ता व विशिष्टता के साथ उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। यहां संयुक्त महाप्रबंधक एस बनर्जी, विवेक गुप्ता, केके. टोप्पो, समदर्शी श्रीवास्तव, कार्य प्रबंधक रूपेश कुमार मौजूद रहे।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में जायका बढ़ाएंगे शहर के मसाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

41 निर्यातकों ने ट्रेड शो के बारे में जानकारी ली

- गुड़ पाउडर, डॉग फूड व गर्म मोजे विदेशियों को लुभाएंगे
- ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक चलेगा यूपी इंटरनेशलन ट्रेड शो

अमृत विचार। ग्रेटर नोएडा में इस बार दूसरे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शहर के मसाले, गुड़ का पाउडर और गर्म मोजे भी अपनी शान बिखेरेंगे। इसके अलावा पारंपरिक लेदर और होजरी के उत्पाद विदेशी खरीदारों को लुभाएंगे। कारोबारी इस बार सितंबर महीने में लगने वाले ट्रेड शो के लिए उत्साहित हैं। शहर के 41 ऐसे निर्यातक हैं, जिन्होंने आवेदन शुरू होने से पहले ही ट्रेड शो के लिए पूछताछ की है।

सूबे का सबसे बड़ा व्यापारिक मेला यूपी इंटरनेशल ट्रेड शो इस बार 25 से 29 सितंबर के बीच होगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगने वाले मेले में दावा किया जा रहा है कि इस बार शहर से इस मेले में 125 कारोबारी शामिल हो सकते हैं। पिछले वर्ष यह संख्या 63 ही थी। खास बात यह है कि इस मेले के लिए पारंपरिक लेदर और होजरी के अलावा इस बार नए उत्पाद भी शहर से शामिल हो सकते हैं। इन उत्पादों में युवा महिला उद्यमी का गुड़ पाउडर, युवा उद्यमी का डॉग फूड, डॉग च्विंग फूड, माटी के बर्तन, गर्म मोजे सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए ऐसे कारोबारी तैयारी कर रहे हैं, जिनका निर्यात कारोबार 50 से 60 करोड़ रुपये सालाना है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के बारे में उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह ट्रेड शो निर्यातकों को पूरे विश्व के कारोबार से जोड़ता है। पिछले वर्ष पहली बार लगे इस ट्रेड शो में शहर के 63 कारोबारी शामिल हुए थे। वहां पर विदेशी कारोबारियों से हुई उनकी मुलाकात की वजह से पूरे साल शहर के निर्यातकों के पास ऑर्डर आए। इसे देखते हुए इस बार ट्रेड शो के लिए कारोबारियों के बीच उत्साह है। आवेदन शुरू होने से पहले ही वे इस बार ट्रेड शो से संबंधित सभी नियम व जानकारी हासिल कर रहे हैं। युवा कारोबारियों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह है। यही वजह है कि ट्रेड शो से शहर से पारंपरिक उत्पादों के अलावा कई नए उत्पाद शहर से शामिल हो सकेंगे।

पिछली बार शामिल हुए थे 1914 एग्जिबिटर्स

यही नहीं इस बार 20 लाख से ज्यादा बार #UPITS2024 के उपयोग का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष की तुलना में यह व्यवस्था कहीं ज्यादा हैं। 2023 में आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में 1914 एग्जिबिटर्स, एक लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स, 70 हजार बी2बी विजिटर्स, 60 देशों के 500 ओवरसीज बायर्स, 2.37 लाख बी2सी विजिटर्स इस ट्रेड शो का हिस्सा बने थे।

यूपी ट्रेड शो में 2500 विजिटर्स होंगे शामिल

प्रस्ताव के अनुसार सितंबर 2024 में होने वाले इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2500 से अधिक एग्जिबिटर्स को शामिल किया जाएगा, जबकि सवा लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स को आमंत्रित किया जाएगा। यही नहीं, एक लाख बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) विजिटर्स के साथ ही 80 देशों के 6 सौ से ज्यादा ओवरसीज बायर्स इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही 3.5 लाख बी2सी (बिजनेस टू कस्टमर्स) विजिटर्स आमंत्रित होंगे।

उर्सला अस्पताल में आसानी से पता चलेगी दिल की बीमारी

स्थिति को परखने के लिए होगी ट्रॉप-टी जांच, शासन से मिली एचआईए-11000 मशीन

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

उर्सला अस्पताल की कार्डियक यूनिट में भर्ती मरीज। अमृत विचार

उर्सला आई एचआईए-11000 मशीन।

अमृत विचार। दिल का सही तरह से काम करना ही स्वस्थ शरीर की पहचान है, लेकिन वर्तमान समय में लोगों की जीवनशैली में जो बदलाव आया है, उस कारण लोगों को दिल की बीमारी होने का खतरा काफी बढ़ गया है। हंसते, खेलते, बोलते, नाचते व गाते समय कई लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है, जिस संबंध में वीडियो भी वायरल है। ऐसे में उर्सला अस्पताल में आने वाले रोगियों की दिल की जांच कराकर पहले ही पता लगा लिया जाएगा कि हार्ट अटैक की स्थिति तो नहीं बन रही है। दरअसल, यह प्रक्रिया तीन से चार दिन में शुरू होने लगती है।

उर्सला अस्पताल में बनी कार्डियक यूनिट की ओपीडी में प्रतिदिन 20 से 25 मरीज दिल की बीमारी से संबंधित परामर्श लेने पहुंचते हैं, जबकि एक सप्ताह में चार से पांच मरीज हार्ट अटैक की स्थिति में इलाज के लिए आते हैं, लेकिन उर्सला अस्पताल में अभी दिल की प्रारंभिक बीमारी का ही इलाज किया जा रहा है। गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को उर्सला अस्पताल से रावतपुर स्थित हृदय रोग संस्थान (कार्डियोलॉजी) रेफर कर दिया जाता है। इसकी मुख्य वजह अस्पताल में दिल की बीमारी के इलाज में सहायक पर्याप्त मशीनों का न होना है।

उपकरण के संबंध में उर्सला अस्पताल प्रशासन ने शासन को पत्र लिखा था। शासन से करीब एक सप्ताह पहले एचआईए-11000 मशीन उपलब्ध कराई गई है, जो उर्सला में आ गई है। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने बताया कि मशीन की मदद से दिल से संबंधित छह टेस्ट हो सकेंगे। इससे डी-डाइमर यानी खून में थक्का जमने की जांच, सीपीआरएमबी यानी हार्ट अटैक आने के लक्षण की जांच, सीआरपी यानी कितना इंफेक्शन है और एचबीए1सी यानी शुगर लेवल समेत आदि की जांच हो सकेगी। अभी तक इन जांचों की सुविधा अस्पताल में नहीं थी।

ऐसे पनपता है दिल का रोग

उर्सला अस्पताल के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ.पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि दिल का काम होता है, खून और उसके साथ ऑक्सीजन को पंप कर सुचारु रूप से पूरे शरीर में संचारित करते रहना। यानी शरीर के भीतर खून को हर अंग तक पहुंचाने के लिए लगातार काम करना। यह स्थिति तब गड़बड़ाने लगती है, जब दिल की इस प्रक्रिया में बाधा आती है। खून और ऑक्सीजन सही तरीके से शरीर में नहीं पहुंचता तो सिर्फ दिल ही नहीं पूरे शरीर की सेहत पर बुरा असर पड़ने लगता है। इसी तरह दिल से संबंधित रोग पनपते हैं। कार्डियक ट्रोपोनिन टेस्ट (ट्रॉप-टी) ऐसी ही स्थिति में मददगार साबित होता है। यह टेस्ट हृदय की मांसपेशियों में होने वाली क्षति का पता लगाता है। हार्ट अटैक की स्थिति का पता चलता है।

इन लक्षणों को कतई न करें नजरअंदाज

सीने में दर्द, जकड़न, सांस लेने में कठिनाई, तेज पसीना जैसे लक्षण को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। फौरन जांच करानी चाहिए। ईसीजी या ईकेजी और अन्य ब्लड जांच भी करानी चाहिए, ताकि स्पष्ट कारण पता चल सके और उसी हिसाब से इलाज हो सके। हार्ट अटैक की स्थिति में अधिकांश लोगों में तीन घंटे के भीतर खून में ट्रोपोनिन की मात्रा बढ़ जाती है। करीब एक से दो हफ्ते यह मात्रा बढ़ी रह सकती है। इसलिए ट्राप-टी की जांच जरूरी है।

कार्डियक टेस्ट मशीन आ गई है। हार्ट अटैक की स्थिति का पता लगाने के साथ ही मायोकार्डियक इंफेक्शन की भी जानकारी हो सकेगी। जल्द ही मशीन को इंस्टॉल कराकर मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

– डॉ.एचडी अग्रवाल निदेशक, उर्सला अस्पताल

14 केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा आज

कानपुर। शहर में रविवार को 14 केंद्रों पर होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा में 7 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। कड़ी सुरक्षा में हो रही परीक्षा के लिए 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहेंगे।

बता दें उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2024 को इस बार झांसी विश्वविद्यालय करा रहा है। कानपुर में प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल की जिम्मेदारी सीएसजेएमयू निभा रहा है। एडीएम सिटी को परीक्षा का नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से 12 एवं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.00 बजे से शाम को 5 बजे तक होगी। बीएड प्रवेश परीक्षा का पेपर डबल लाक में रखवाया गया है। इसे रविवार की सुबह निकाला जाएगा। दो सेंटरों पर एक केंद्र प्रतिनिधि तैनात किया गया है।

नीट के रिजल्ट को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव कोचिंग संस्थानों के छात्र सड़क पर उतरे, प्रदर्शन में शिक्षक भी शामिल
- रिजल्ट से असंतुष्ट छात्रों ने जताया विरोध, प्रवेश परीक्षा दोबारा कराने की मांग

छात्रों के साथ अनशन पर बैठे शिक्षक आशीष श्रीवास्तव व कुलदीप गंगवार।

अमृत विचार। नीट के रिजल्ट को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को काकादेव में नाराज छात्रों ने जहां प्रदर्शन किया, वहीं एनटीए से नाराज शिक्षक भी छात्रों के अनशन में शामिल हो गए।

मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट 2024 का परिणाम घोषित कर दिया था। इस साल 13.16 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा पास की है। इस साल करीब 24 लाख बच्चों ने नीट यूजी यानी मेडिकल की प्रवेश परीक्षा दी थी। रिजल्ट आने के बाद से तमाम छात्र परिणाम पर असंतोष जता रहे हैं। शनिवार को काकादेव में मेडिकल की कोचिंगों के बाहत छात्र जुटने लगे। नाराज छात्रों ने नारेबाजी कर विरोध जताया और सड़क पर अनशन शुरू कर दिया। छात्रों के इस प्रदर्शन में शिक्षक भी शामिल हो गए हैं।

धरना स्थल पर शिक्षक आशीष श्रीवास्तव एवं कुलदीप गंगवार ने बताया कि नाराज छात्रों को न्याय दिलाने के लिए अनशन में बैठे हैं। एक ही सेंटर से कुछ बच्चों के 720 में 720 अंक आए हैं। प्रवेश परीक्षा में ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, नाराज छात्र मांग कर रहे हैं कि प्रवेश परीक्षा दोबारा होनी चाहिए। शिक्षक कुलदीप गंगवार ने बताया कि एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी लगी है। इसके बावजूद भी काउंसिंग की कवायद शुरू हो गई है। नाराज छात्रों का कहना था कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

11-12 को यूपी कैटेट, 6 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 4335 अभ्यर्थी

तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षा केंद्रों पर एक घंटे पहले उपस्थिति दर्ज कराएं छात्र 12 को दो पालियों में परीक्षा

अमृत विचार। प्रदेश के कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रवेश के उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट) 11 एवं 12 जून को होगी। कानपुर के 6 परीक्षा केंद्रों पर 4335 अभ्यर्थी इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुल सचिव डॉ. पी.के. उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट) 11 व 12 जून को कानपुर नगर में 6 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न कराई जायेगी। कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा दिनांक 11 जून को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित होगी। कृषि स्नातक जिसमें 3330 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। यह प्रवेश परीक्षा कानपुर नगर में 6 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न कराई जाएगी। परास्नातक एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा दिनांक 12 जून 2024 को प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 बजे तक जिसमें 902 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

उन्होंने बताया कि द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक एमबीए प्रवेश परीक्षा जिसमें 103 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं कि प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में कानपुर में कुल 4335 अभ्यर्थी 06 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। बताया कि समस्त अभ्यर्थी जो यूपी कैटेट 2024 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं वे अपने परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व पहुंचकर उपस्थिति दर्ज कराएं। अभ्यर्थी ई प्रवेश पत्र पर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

नौबस्ता अस्पताल में तैनात होंगे 35 डॉक्टर

कानपुर। नौबस्ता मौरंग मंडी में सौ बेड के संयुक्त जिला अस्पताल का निर्माण चल रहा है, जिसका 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अगस्त तक अस्पताल का उद्घाटन होने की उम्मीद है। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने शासन से अस्पताल के लिए 35 डॉक्टर, 150 पैरामेडिकल स्टाफ व कर्मचारियों की मांग की है। जांच व इलाज के सहायक उपकरण भी मांगें हैं। सीएमओ के मुताबिक डॉक्टर व स्टाफ की तैनाती के बाद अस्पताल का संचालन किया जाएगा।

निलंबित कर्मी ने मांगा वीआरएस, शिक्षिकाओं ने लिया स्टे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपियों के कानूनी दांवपेच
- शहर में भर्ती पाई दोनों शिक्षकाओं के नाम हैं एफआईआर में

अमृत विचार। शिक्षक भर्ती घोटाले में विभागीय जांच में लापरवाही बरतने पर निलंबित हुए डीआईओएस कार्यालय के दो कर्मचारियों में से एक ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की मांग की है, जबकि भर्ती पाई दोनों शिक्षिकाओं ने गिरफ्तारी से बचने के लिए स्टे ले रखा है। इस बीच पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इस मामले और भी खुलासे हो सकते हैं।

शिक्षा विभाग में फर्जी भर्ती घोटाला पर हुई गिरफ्तारी के बाद यह साफ हो गया है कि इस पूरे मामले के तार कई जनपदों से जुड़े हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नौ शिक्षक-शिक्षिकाएं जिनके नाम का फर्जी पैनल ई-मेल द्वारा डीआईओएस को भेजा गया था, के नाम एफआईआर में दर्ज हैं। इनमें से दो वे शिक्षिकाएं जिनकी नियुक्ति हो गई थी, ने गिरफ्तारी से बचने के लिए स्टे ले लिया है। इन दोनों शिक्षिकाओं की शहर के दो स्कूलों में नियुक्ति हो गई थी। पुलिस टीम को आरोपियों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इन सुरागों की पड़ताल पर माना जा रहा है कि जल्द ही बड़े खुलासे हो सकते हैं।

चैट से हो सकते अभी और बड़े खुलासे

मामले की जांच कर रही पुलिस की सर्विलांस टीम को चैट में रुपये के लेनदेन की बात सामने आई थी। इसका खुलासा पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के वक्त किया था। माना जा रहा है कि इस चैट से अभी कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं, जिनसे शिक्षा विभाग के कई कर्मचारी भी जद में आ सकते हैं। पूर्व में इसी चैट से 50 लाख रुपये के लेनदेन की बात सामने आई थी।

अब तक 5 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी

फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में पुलिस ने अभी तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह वे आरोपी है जिन्होंने इस पूरे मामले में साजिश करने के साथ ही फर्जी प्रक्रिया को अंजाम दिया। इनमें से दो मिर्जापुर व जबकि तीन को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार होने वाले आरोपियों में विवेक द्विवेदी, शिवम त्रिपाठी, लालजी सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय व अभिनव त्रिपाठी हैं।

निलंबित प्रधान सहायक को थी फर्जीवाड़े की भनक?

इस मामले के खुलासे के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हुई विभागीय जांच में दो कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। इनमें एक कर्मचारी प्रधान सहायक राजन टंडन ने वीआरएस की मांग की है। खास बात यह है कि गिरफ्तारी के बाद दूसरी बार उन्होंने अपना वीआरएस जल्द स्वीकृत किए जाने का आवेदन दिया है। प्रधान सहायक वर्ष 2027 में रिटायर होने वाले हैं। इसे लेकर कयास लग रहे हैं कि क्या निलंबित प्रधान सहायक को फर्जीवाड़े की भनक थी।

तैयारी — यात्रियों की सुविधाओं और आराम को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं नई बसें

उम्र पूरी कर चुकीं बसें हटेंगी, शामिल होंगी 100 नई बसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रोडवेज के एक बस की उम्र 11 लाख किमी, इसके बाद रिटायर हो जातीं

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की हजारों बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं, जिन्हें बाहर का रास्ता दिखाते हुए नई बसों को लगाया जाएगा। अपनी उम्र पूरी करने वाली बसों की संख्या हजारों में है और नई बसें लगाए बगैर पुरानी बसों को नीलाम कर दिया गया तो यात्रियों के लिए बसें कम पड़ जाएंगी।

रोडवेज बसों की उम्र 11 लाख किमी है, जो बस 11 लाख किमी चल चुकी है, उसे नीलाम कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन हजारों बसें ऐसी हैं, जो 15-15 लाख किमी चल चुकी हैं, लेकिन इन बसों को हटाया नहीं जा सका है। रोडवेज अब अपने बेड़े में सौ नई बसें शामिल करने जा रहा है।

ये बसें कानपुर परिक्षेत्र, वाराणसी, प्रयागराज, मऊ, आजमगढ़, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या समेत विभिन्न परिक्षेत्रों में भेजा जाएगा। दरअसल परिवहन की खटारा बसों में यात्री जल्दी बैठते नहीं है। आपने देखा होगा कि प्राइवेट बसों में जहां यात्रियों की कोई कमी नहीं है, वहीं रोडवेज की बसों को यात्री नहीं मिलते हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार का कहना है कि नई बसों को लंबी दूरी पर लगाया जाएगा। जिन बसों का किमी पूरा हो चुका है, उनकी नीलामी की जाएगी।

गौरतलब है कि रोडवेज के पास वर्तमान में करीब 12 हजार बसें हैं, इनमें प्राइवेट बसों की संख्या अधिक है। रोडवेज अधिकारी बसों का निमार्ण कराने के बजाए प्राइवेट बसों को अधिकृत करने पर ज्यादा दिमाग लगा रहे हैं।

रोडवेज की एसी बसों को नहीं मिल रहे मुसाफिर

कानपुर। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन का अजब हाल है, बस अड्डों पर यात्री एसी बसें तलाशते फिरते हैं और अधिकारी कह रहे हैं कि एसी बसों को यात्री नहीं मिल रहे हैं। नतीजा यह है कि जैसे-जैसे बसों का एसी खराब हो रहा है, वैसे वैसे बसों को डिपो में डंप किया जा रहा है। कानपुर के विकास नगर डिपो में 20 से अधिक एसी बसें डंप हो गई हैं।

शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा पर प्रयागराज, दिल्ली, वाराणसी के लिए एसी बसें मिल जाएंगी, लेकिन ये बसें कितने बजे मिलेंगी, यह कोई नहीं जानता है। यही कारण है कि लोग ट्रेन से एसी कोच में सफर ज्यादा करना चाहते हैं। दरअसल, लोगों को पता है कि ट्रेन कितने बजे जाएगी, जबकि बसों का कोई समय निर्धारित नहीं है। यही कारण है कि ट्रेनों के एसी कोच फुल हैं। श्रमशक्ति एक्सप्रेस, पुणे एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस समेत कई ऐसी ट्रेनें हैं, जिनमें एसी कोच में एक से डेढ़ महीने तक आधी बर्थ यानी आरएसी में भी सीट उपलब्ध नहीं है।

बस अड्डे पर घंटों खड़ी रहतीं एसी बसें

झकरकटी बस अड्डे पर घंटों एसी बसें खड़ी रहती हैं, क्योंकि यात्री नहीं मिल रहे हैं, लेकिन वहीं दूसरी ओर प्राइवेट लक्जरी बसों में सवारी की कोई कमी नहीं है। यही कारण है कि रामादेवी, टाटमिल चौराहा से लेकर फजलगंज तक प्राइवेट बसों का संजाल फैला है।

एसी बसों में सवारी नहीं मिलने से बुरा हाल है। बड़ी एसी बसें हटाकर छोटी एसी बसें लगवा दी जाएं तो सफल हो जाएंगी।

–महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम MD SHADAB ALAM था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHADAB ALAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: MOHAMMAD NAUSHAD ALAM R/O- F-11, NEAR CANTT GENERAL HOSPITAL SADAR BAZAR, LUCKNOW**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम मधु उर्फ मधु डिडवानी है। मुझे मधु डिडवानी के नाम से जाना व पहचाना जाये। उपरोक्त दोनों नाम मधु व मधु डिडवानी दोनों मेरे ही नाम हैं। **मधु उर्फ मधु डिडवानी पुत्री दिलीप डिडवानी निवासिनी– मकान नं0– 76/9 ब्लाक नं0 8 गोविन्द नगर कानपुर नगर।**

सूचना

हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरे पिता का नाम राजेश साध अंकित है, जबकि सही नाम राजेश भान साध है। अतः मेरे पिता को सही नाम राजेश भान साध से ही जाना व पहचाना जाये। **आकर्ष साध पुत्र राजेश भान साध 2/29 साहबगंज, नरायनदास, फर्रूखाबाद।**

सूचना

सूचित हो कि **रिया यादव पुत्री सुशील कुमार ग्राम अहिलवा, पोस्ट दुकनहा, थाना खीरों, जनपद रायबरेली** की मूल निवासिनी हूं। मैंने श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज शास्त्री नगर खीरों,रायबरेली से हाई स्कूल की संस्थागत परीक्षा वर्ष 2019 में उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 1223561 है। मेरा अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है

सूचना

सूचित हो कि **सोबरन पुत्र अजरायल नि0 ग्राम सल्हौनी, थाना–पाली व हाल निवासी–ग्राम व कोतवाली सवायजपुर, जिला हरदोई,** मेरे बड़े पुत्र अनुराग उर्फ़ अरुण व इनकी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं है वह शराबी किस्म का व्यक्ति है तथा चोरी भी करता है मना करने पर गाली–गलौच कर मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि **मैं श्री सुरेश कुमार पुत्र कृष्ण यादव, निवासी– परसेण्डी, पो0 परसेण्डी, थाना– तालगांव, तहसील– लहरपुर जिला सीतापुर** मेरे तीन पुत्र कमशः लवलेश कुमार, विमलेश कुमार व भानू हैं सभी पुत्रों की शादी विवाह हो चुका है तथा सभी पुत्र अलग–अलग रहते हैं किसी का किसी से कोई लेना–देना नहीं है। मेरा बड़ा पुत्र लवलेश कुमार शराबी, झगड़ालू, बदचलन प्रवृत्ति का है जो आए दिन समाज में झगड़ा आदि करता है जिसके कृत्यों से मेरी समाज मे छवि खराब हो गयी है। मैने अपने पुत्र लवलेश कुमार के कृत्यों से तंग आकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नही है भविष्य मे यदि किसी व्यक्ति से उसके लेन देन, झगड़ा–फसाद आदि होता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

आज का मौसम

तेज धूप रहेगी उमस के बीच हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं।

43.4° अधिकतम तापमान | 29.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:01

शहर में आज

- **फिजियोथैरेपी कैंप :** श्री दिगंबर जैन पवित्र औषधालय सोसाइटी की ओर से रक्तदान व फिजियोथैरेपी कैंप सरसैया घाट गोकुल धर्मशाला के पास सुबह 10 बजे।
- **बैठक :** बहुजन मुक्ति पार्टी व ऑफशूट संगठनों की जिला स्तरीय बैठक दस दुकान किदवईनगर में 10 बजे।
- **सेमिनार :** हितरण इंडस्ट्रीज की ओर से बिजनेस ट्रेनिंग सेमिनार गुमटी नंबर पांच स्थित होटल सेलिब्रेशन में दोपहर 12.30 बजे।
- **बाइक रैली :** भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के सांसद बनने पर हलीम मुस्लिम कालेज से घंटाघर चौराहा तक बाइक रैली शाम छह बजे।

आज यहां नहीं आएगी बिजली

कानपुर। हंसपुरम के टेलीफोन एक्सचेंज, साकेत नगर के कृष्णा विहार, पशुपति नगर बस स्टाप, श्याम नगर ई-ब्लॉक, पीरोड, यूनाइटेड नगर, पटेल नगर, पोखरपुर व परदेमनपुर फीडर में सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक बत्ती नहीं रहेगी। इस्पात नगर में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक, सैनिक नगर में सुबह आठ से 12 बजे तक, रतनलाल नगर में सुबह नौ से एक बजे तक कटौती होगी।

करोड़ों की वक्फ संपत्ति बेचने में पूर्व मुतवल्ली समेत 10 पर एफआईआर

दलेलपुरवा के बेबिस कंपाउंड में बेशकीमती वक्फ संपत्ति बेचे जाने का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बेबिस कंपाउंड दलेलपुरवा में 5000 वर्ग गज बेशकीमती वक्फ संपत्ति का बड़ा हिस्सा पूर्व मुतवल्ली ने बेच डाला। मामले की जांच होने पर भूमि के एक्सचेंज का बड़ा खेल निकल कर सामने आया। इस मामले में डीएम राकेश कुमार सिंह के आदेश पर संपत्ति बेचने वाले पूर्व मुतवल्ली और नौ खरीदारों समेत दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

दलेलपुरवा स्थित 89/208 बेबिस कंपाउंड संपत्ति वक्फ बोर्ड में वर्ष 1899 के आधार पर वक्फ संख्या 187 पर दर्ज है। इसका रकबा 5000 वर्ग गज है। यह संपत्ति वक्फ शेख अब्दुल रहीम के नाम से जानी जाती है। इस संपत्ति की देखरेख के लिए साल 2001 से 2003 तक शादाब अहमद सिद्दीकी निवासी कैंट को मुतवल्ली बनाया गया था। इसी दौरान वक्फ की यह संपत्ति बेच डाली गई। वर्तमान में तीन साल के लिए वक्फ प्रबंधन ने मोहम्मद वसीम निवासी प्रेमनगर, चमनगंज को मुतवल्ली नियुक्त किया है। उन्हें काम संभालने के बाद पिछले माह संपत्ति बेचने की जानकारी हुई।

इस पर मुतवल्ली मो. वसीम ने डीएम राकेश कुमार सिंह के पास मामले की साक्ष्य समेत शिकायत की थी। डीएम ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा वक्फ संपत्ति के सहायक आयुक्त पवन सिंह से जांच कराई, तो मामला सही पाया गया। पता चला कि संपत्ति की अदला-बदली के नाम पर करोड़ों रुपये का खेल किया गया है। इस पर डीएम ने भूमि बेचने और खरीदने वालों पर मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। शनिवार को मुख्य वक्फ निरीक्षक राजकुमार ने अनवरगंज थाने में पूर्व मुतवल्ली शादाब अहमद सिद्दीकी समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

करोड़ों की संपत्ति पर माफिया की नजर : आरोप है कि वक्फकी कीमती जमीन का दूर-दराज की जमीनों से एक्सचेंज के नाम पर घोटाला करके वक्फ बोर्ड को गुमराह किया जा रहा है। इस काम में माफिया सक्रिय है, जो बेशकीमती जमीन कब्जाने की साजिश करता रहता है। डीएम की सख्ती से अब धीरे-धीरे ऐसे मामले खुलने लगे हैं। चमनगंज, बेकनगंज, तलाक महल, अनवरगंज, नाला रोड, नई सड़क, मूलगंज और मछरिया व जाजमऊ आदि क्षेत्रों में भी वक्फ की संपत्तियों में इसी तरह का खेल चल रहा है

वक्फ संपत्तियों का विवरण : शहर में सुन्नी समाज की 2603 और शिया समाज की 76 संपत्तियां वक्फ बोर्ड में दर्ज हैं। इनमें अधिकांश संपत्तियां बेशकीमती हैं। काफी वक्फ संपत्तियां शहर की सीमा पर और ग्रामीण क्षेत्रों में भी हैं। शिकायत है कि सभी जगह खुर्द-बुर्द का खेल चोरी छिपे चल रहा है।

भूमि अदला-बदली की आड़ में की गई हेराफेरी

मुतवल्ली मोहम्मद वसीम की शिकायत के अनुसार पूर्व मुतवल्ली शादाब अहमद सिद्दीकी ने 89/208 बेबिस कंपाउंड की संपत्ति के बदले इंदिरा नगर के समीप अकबरपुर बांगर स्थित आराजी 1053 व 1054 का 1254.15 वर्गमीटर भूमि खरीदकर वक्फ भूमि में हेराफेरी की। पूर्व मुतवल्ली ने दलेलपुरवा की 1974.69 वर्ग मीटर भूमि के चार इकरारनामे व 236.138 वर्गमीटर भूमि के दो बैनामे करके कुल भूमि 2210.828 वर्गमीटर संपत्ति खुद-बुर्द की है। बाद में एक्सचेंज में खरीदी गई अकबरपुर बांगर की जमीन वक्फ बोर्ड ने रिजेक्ट कर दी। इस तरह वक्फ की बेशकीमती जमीन को फर्जी आदेश के माध्यम से बेचने पर मामला सामने आया।

- अकबरपुर बांगर में 1254.15 वर्गमीटर भूमि से संपत्ति की अदला-बदली बताकर पूर्व मुतवल्ली ने किया खेल
- दलेलपुरवा में 1974 वर्गमीटर के चार इकरारनामे व 236 के दो बैनामे कर कुल 2210 वर्गमीटर संपत्ति खुद-बुर्द की

इन लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया मामला

- संपत्ति बेचने में पूर्व मुतवल्ली शादाब अहमद सिद्दीकी के साथ जमीन खरीदने वालों में अनवरगंज के रईस अहमद, कर्नलगंज के मोहम्मद मीर, शास्त्रीनगर के राहुल तोमर, बेकनगंज के सरशार अहमद खां, बेकनगंज के शहनवाज अहमद खां, जाजमऊ मोतीनगर की खुर्शीदा बेगम, बेकनगंज के शाहनिहाल अहमद खां, चमनगंज के खलील अहमद, अनवरगंज के महताब आलम के नाम हैं।

जुगाड़ टेक्नोलॉजी

गंगा मइया को स्वच्छ रखने के लिए कानपुर प्रशासन जुगाड़ टेक्नोलॉजी अपना रहा है। नानाराव और मैस्कर घाट पर गंगा नदी की जलधारा में गिर रहे नालों के दूषित पानी को रोकने के लिए बांस की खपच्चियां लगाई गई हैं, जिन्हें देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासन किस तरह नमामि गंगे परियोजना का मजाक उड़ा रहा है। बांस की खपच्ची वाली जुगाड़ टेक्नोलॉजी से गंगा मइया को पवित्र बनाने की तरकीब पर हर कोई सवाल उठा रहा है। नाले से गिर रहा सीवर का दूषित पानी गंगा नदी पर काला दाग लगा रहा है। – मनोज तिवारी

डेढ़ करोड़ के टेंडर, साढ़े तीन करोड़ के नए प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही रुके विकास कार्य एक बार फिर से पटरी पर लौटते नजर आ रहे हैं। अभी तक पहले हुए टेंडरों के ही कार्य हो रहे थे। अब आचार संहिता खत्म होने के साथ ही नए कार्यों के टेंडर कराने की तैयारी शुरू हो गई है।

नगर निगम 14 जून को डेढ़ करोड़ रुपये के कार्यों के टेंडर कराने जा रहा है। साथ ही साढ़े तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों के टेंडर कराने का प्रस्ताव तैयार हो रहा है। जलकल ने बंद पड़े नलकूपों को ठीक कराने और जहां पर सीवर व पेयजल लाइन बंद हो गई है। उन्हें ठीक कराने का प्रस्ताव बनाया है। सीवर लाइन की सफाई के बचे टेंडर भी कराए जाएगे। करीब पांच करोड़ रुपये के टेंडर कराने जा रहा है। इसी कड़ी में न्यू कानपुर सिटी योजना की तर्ज पर बिनगवां आवासीय योजना में भी किसानों से जमीन अधिग्रहण की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा लेआउट तैयार कराने का टेंडर जल्द कराया जाएगा।

- आचार संहिता खत्म होते ही नगर निगम ने बचे कामों के लिए टेंडर किए आमंत्रित, जलकल भी आगे आया
- बिनगवां आवासीय योजना में भूमि अधिग्रहण की तैयारी, ले आउट बनाने का जल्द होगा टेंडर

ये होने हैं प्रमुख कार्य

- किदवई नगर स्थित साउथएक्स माल से नयापुल और बाबुपूरवा से यशोदानगर तक स्थित ग्रीनबेल्ट का सुधार 32.79 लाख रुपये से।
- पनकी में एमआईजी एक बी से एमआईजी 23 बी तक सड़क सुधार 17.41 लाख रुपये से।
- जोन छह वार्ड 52 में हनुमान मंदिर से वैष्णो ट्रेडर्स से होते हुए शोभन चौराहा से आगे तिवारी कोचिंग सेंटर तक सड़क सुधार 44.90 लाख रुपये से।
- एफएम कालोनी गेट नंबर एक के बगल में स्थित पार्क का सुधार 30.13 लाख रुपये से।
- शास्त्रीनगर की मलिन बस्ती में शौचालय का निर्माण कार्य 22.42 लाख रुपये से।

बर्रा में अब पानी की टंकी लेकर पूर्व और मौजूदा पार्षद आमने-सामने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बर्रा वार्ड 77 बाबा भोलेश्वर मंदिर के परिसर में लगी पानी की टंकी से उनके नाम का पत्थर हटाने पर पूर्व पार्षद जितेंद्र सचान ने समर्थकों के साथ हंगामा किया। पूर्व पार्षद ने मौजूदा भाजपा पार्षद डॉ. अखिलेश बाजपेयी पर आरोप लगाया कि पैसे कमाने की लालच में जो काम हो गया है, वहीं तोड़-फोड़कर फिर से बजट पास कराया जा रहा है। हालांकि पार्षद ने कहा कि पानी की समस्या को देखते हुए बड़ी टंकी रखवाई जा रही है। यह कार्य भी स्वयं के पैसे से किया जा रहा है। जलकल से एक रुपये भी पास नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि पार्षद हारने के बाद से ही खुन्नस में आरोप लगाते रहते हैं।

वार्ड 77 में पिछले कार्यकाल में जितेंद्र सचान भाजपा से पार्षद थे। 2022 में निकाय चुनाव में जितेंद्र को भाजपा से दोबारा टिकट मिला तो पार्टी से बगावत कर डॉ. अखिलेश बाजपेयी निर्दलीय चुनाव लड़ गये और जीत भी गये। जीतने के बाद अखिलेश ने दोबारा भाजपा ज्वाइन कर ली, लेकिन एक पार्टी में होने के बावजूद दोनों नेताओं में पट नहीं रही है। जितेंद्र सचान ने कहा कि उनके द्वारा कराये गये कार्य को तोड़कर फिर से काम कराया जा रहा है। उन्होंने बंदरबांट का आरोप लगाया।

पूर्व पार्षद जितेंद्र सचान के नाम का जमीन पर पड़ा टूटा शिलापट। अमृत विचार

- पूर्व पार्षद ने टंकी से नाम का पत्थर हटाने, बंदरबांट करने का लगाया आरोप
- पार्षद बोले- बड़ी टंकी रखवाने का काम किया, लोग पानी के लिए परेशान थे

पाउच से करना पड़ता था जलाभिषेक

पार्षद ने बताया कि कभी-कभी लोग पानी का पाउच लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते थे। मैंने बड़ी टंकी रखवाई। जलकल- जल निगम से पैसा नहीं मिला है। वह खुद ठेकेदार के साथ मिलकर काम करा रहे हैं। जलकल से एक मोटर की मांग की थी, लेकिन वहां से कोई व्यवस्था नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि अपने आप व्यवस्था कर टंकी लगाई है, जिससे पानी आने लगा है। जो लोग आरोप लगा रहे हैं, उन्हें भगवान देख रहा है।

जितेंद्र ने कहा कि वह जिलाध्यक्ष से इसकी शिकायत करेंगे।

वहीं, डॉ. अखिलेश बाजपेयी ने बताया कि पूर्व पार्षद द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह बहुत घिनौने हैं। मेरा लक्ष्य वार्ड का विकास है। उन्होंने कहा कि जो भी गलत आरोप लगाए हैं, वह सिद्ध हो गये तो ईनाम दूंगा। कहां, कौन पाप कर रहा है, वह सब जानते हैं। पार्षद ने कहा कि पूर्व पार्षद सफाई कर्मी को ड्राइवर बनाकर अपने पास रखते थे, ताकि ड्राइवर को पैसा ना देना पड़े। उन्होंने कहा कि टंकी में वाटर लेवल नीचे चला गया है। मोटर जल गई थी। मंदिर में रोज भक्त आते हैं। पानी की समस्या बहुत ज्यादा है, जिससे लोग परेशान हैं।

ट्रैफिक पुलिस के दफ्तर में लगी आग

कानपुर। रेलबाजार स्थित ट्रैफिक पुलिस कार्यालय में शनिवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। मीरपुर व किदवई नगर फायर स्टेशन की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। आग से काफी फाइलें जल कर खाक हो गईं।

रेलबाजार स्थित ट्रैफिक पुलिस विभाग के एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली के कार्यालय में शनिवार को अचानक एसी में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी कार्यालय में रखे कागजातों को अपनी जद में ले लिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख कार्यालय में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। दमकल कर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

सीओडी नाले की सफाई में मिली लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को अभियंत्रण विभाग द्वारा साफ कराये जा रहे बड़े नालों का औचक निरीक्षण किया। सीओडी नाला कई जगह संकरा मिला। इसके साथ ही तलीदार सफाई भी नहीं मिली। इसके बाद नगर आयुक्त ने अवर अभियन्ता आकाश दीप को प्रतिकूल प्रविष्टि और जोनल अभियन्ता दिवाकर भाष्कर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिए कि सीओडी नाले की पूरी तलीझार सफाई के लिए माइक्रोप्लान बनाएं। फॉसी मशीन, पोकलेन मशीन व अन्य मशीन लगाते हुए एक सप्ताह में पूरी सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्राईवेट एजेन्सियों से भी सफाई उपकरण ले सकते हैं।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मुख्य अभियंता के साथ नालों का निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन सीओडी नाला, आरबीआई नाला, रफाका नाला, सनिगवां नाला, यशोदा नगर ह्वाइट हाउस पुलिया, सचान नहर से पटेल चौक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता मनीष अवस्थी, अवर अभियन्ता दिवाकर भास्कर, सिदार्थ गौतम रहे। ह्वाइट हाउस पुलिया के पास नाला साफ और पानी का बहाव ठीक मिला। लेकिन नगर आयुक्त को कई स्थान पर सूखी सिल्ट भारी मात्रा में दिखी। सीओडी नाले के आगे पुलिया पर नाला संकरा पाया गया। मछरिया तक नाले की सफाई कई स्थान पर संतोषजनक नही पायी गयी।

- नगर आयुक्त ने दिए जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि और जोनल अभियंता को नोटिस के निर्देश

हमीरपुर रोड पर आकाश हॉस्पिटल पुलिया पर अभी तक सफाई शुरू नहीं मिली। इस पर रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने जेई और जेडई पर कार्रवाई के निर्देश दिये। जोन-3 स्थित आरबीआई नाले के निरीक्षण में यशोदा नगर पेट्रोल पम्प पर नाले की सफाई संतोषजनक मिली। नाले के दोनों चैनलों पर पानी का बहाव ठीक पाया गया। आरबीआई कॉलोनी के बाहर पानी काफी ऊपर और सूखी सिल्ट काफी मात्रा में पायी गयी। अवर अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि तत्काल जहां पर नाला ब्लाक हो रहा है, वहां तलीझार सफाई कराते हुए पानी का बहाव सही किया जाए।

नगर निगम को सौंपी 6 योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहरवासियों नगरीय सुविधाएं दिये जाने को लेकर शनिवार को मण्डलायुक्त अमित गुप्ता ने डीएम, नगर आयुक्त, उपाध्यक्ष केडीए एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में केडीए द्वारा जोन-05 के अन्तर्गत विकसित की गयी महावीर नगर विस्तार योजना, ट्रान्सपोर्ट नगर फेस-1, फेस-3 योजना, कालपी नगर योजना तथा जोन-02 के अन्तर्गत चन्द्र नगरी पार्ट 3 योजना एवं हाइवे सिटी (नियर काशीराम) योजना को केडीए की आपसी सहमति से नगर निगम को हस्तानान्तरित किया गया।

- केडीए ने जोन-2 और जोन-5 में विकसित की गईं अपनी योजनाएं हस्तांतरित कर दीं

इन कालोनियों के विकास कार्यों हेतु केडीए द्वारा कुल रू 2614.35 लाख की धनराशि नगर निगम कानपुर को हस्तानान्तरित की गई। जिसकी निविदा 10 जून को आमंत्रित कराते हुये पूरी कराई जाएगी। योजना से शहर के लगभग 50 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। मण्डलायुक्त ने केडीए की बची हुई शेष कालोनियों का संयुक्त निरीक्षण कर 15 दिन में नगर निगम कानपुर को हस्तान्तरण किये जाने की कार्यवाही आपसी सहमति से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए।

एक दर्जन क्षेत्रों में रात भर गायब रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी बिजली व्यवस्था काफी गड़बड़ चल रही है। लोगों को रोज रात को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों के साथ बैठक कर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, इसके बावजूद शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।

शहर के सदानंद नगर, राजा मार्केट, गुमटी, आवास-विकास, हंसपुरम नौबस्ता, सैनिक नगर समेत एक दर्जन क्षेत्रों में शुक्रवार पूरी रात बिजली संकट रहा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती की वजह से इन क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को रात जागकर काटनी पड़ी। परेशान लोगों ने केस्को के हेल्पलाइन नंबर व एक्स अकाउंट पर शिकायत की। बाद में सैकड़ों लोग उपकेंद्र पहुंचे और केस्को कर्मचारियों को बिजली न आने की जानकारी दी, तब लाइनमैन व हेल्पर सक्रिय हुए और संबंधित क्षेत्रों में हुए फॉल्ट को ढूंढ़ने निकलने।

काफी प्रयासों के बाद जब फॉल्ट मिला तो लाइनमैनों ने उनको बनाने में पूरी रात गुजार दी। इस कारण लोगों की नींद हाराम हो गई। शनिवार को पशुपति नगर, यशोदा नगर, गोपाल नगर, केशवपुरम, बसंत विहार, कुरसावां, जरीब चौकी, पीरोड, दहेली सुजानपुर, नौबस्ता मछरिया, श्याम नगर, दर्शनपुरवा, आवास-विकास, तिलक नगर, रतनदीप, बसंत विहार समेत 60 से अधिक क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चौपट रही।

- फाल्ट खोजने और दुरुस्त करने में ही हो गई सुबह
- हेल्पलाइन नंबरों से नहीं हो रहा समाधान, लोग परेशान

केस्को झूठी रिपोर्ट देकर थपथपा रहा अपनी पीठ

शहर में हो रहे फॉल्ट और बिजली संबंधित कार्य से शहर के लोग परेशान है, लेकिन केस्को शटडाउन व ब्रेकडाउन की संख्या कम दिखाकर अपनी पीठ थपथपा रहा है और उच्चाधिकारियों को झूठी रिपोर्ट भेज रहा है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक सात जून को केस्को अंतर्गत अधिकतम लोड 673 मेगावाट रहा। संपूर्ण औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 42 मिनट रही। आठ जून को फीडर बाइफर्केशन के कार्य के लिए पीरोड फीडर क्षेत्र की बिजली सुबह साढे.नौ बजे से दोपहर 12 बजकर 40 मिनट नहीं थी। बांसमंडी फीडर की आपूर्ति तीन बजे से चार बजे तक और एचटी केबल को पोल पर चढ़ाने व जंपरिंग के कार्य के लिए न्यू गुजैनी-एक फीडर की आपूर्ति 10 बजकर 45 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट नहीं थी। कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल की गई।

संवरेगी सूरत पर्यटन मंत्रालय और प्रदेश सरकार की पहल पर दिल्ली की कंपनी ने शुरू किया शहर में सर्वे, मोबाइल एप के माध्यम से सात लोगों की टीम सक्रिय

जहां जितने पर्यटक, वहां उतनी सुविधा और सैर-सपाटे के इंतजाम

शिव प्रकाश मिश्र, कानपुर

अमृत विचार। पर्यटक संख्या के आधार पर शहर के पर्यटन स्थलों को विकसित करके पर्यटकों की सुख-सुविधा के साथ सैर-सपाटे के इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय व प्रदेश सरकार की ओर से पर्यटन स्थलों पर आने वाले घरेलू व विदेशी पर्यटकों की गणना का काम शुरू किया गया है। नई दिल्ली की कंपनी ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोक सेल्फ गवर्नमेंट (एआईआईएसजी) इस संबंध में सर्वे कर रही है। पहले चरण में शहर के छह पर्यटन स्थलों पर सर्वे किया जा रहा है।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटकों की संख्या के आधार पर विकास योजनाओं का खाका तैयार करने का निर्णय लिया है। इसके लिए पहले पर्यटन स्थल का सर्वे शुरू किया गया है। सर्वे का पहला चरण इसी जून माह में पूरा किया जाना है। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि शहर के पर्यटन स्थलों पर आने वाले शहरी व बाहरी पर्यटकों की गणना का काम एक जून से चल रहा है।

पर्यटकों की संख्या के आधार पर ही पर्यटन स्थल पर सुविधा और विकास की रूपरेखा तैयार होगी। यह भी देखा जाएगा सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटकों का कितना योगदान है।

सर्वे का पहला चरण जून में एक माह का होगा। दूसरा चरण 12 माह का है। दूसरे चरण की समयावधि एक अगस्त से 31 जुलाई 2025 तक रहेगी। जिला पर्यटन अधिकारी के अनुसार सर्वेयर कंपनी ने शहर में एक सुपरवाइजर और छह सर्वेयर को तैनात किया है, जो इस काम के लिए विकसित मोबाइल एप के माध्यम से गणना कर रहे हैं। सर्वे की रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी जाएगी।

बिठूर स्थित ब्रह्मावर्त घाट। अमृत विचार

जेके मंदिर। अमृत विचार

ब्लू वर्ल्ड थीम पार्क। अमृत विचार

सर्वे के दूसरे चरण में इन बिंदुओं को देखा जाएगा

सर्वेयर पर्यटन स्थल पर फुटफॉल देखने के बाद दूसरे चरण में यह पता लगाएंगे कि रेलवे, सड़क मार्ग व हवाई मार्ग से आने वाले शहरी व बाहरी पर्यटक कितने हैं। पर्यटक रेस्टोरेंट, होम स्टे, पेइंग गेस्ट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाऊस में कहां और कितनी संख्या में विश्राम करते हैं।

शहर के पर्यटन स्थलों के लिए अच्छा काम शुरू हुआ है। इससे सुख-सुविधाएं बढ़ेगी और विकास होगा। पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य कराए जाएंगे। आगे चलकर होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, लॉज संचालकों के साथ बैठक होगी। उनके भी सुझाव लिए जाएंगे।

– डॉ. अर्जिता ओझा, जिला पर्यटन अधिकारी

यहां चल रहा सर्वे

- चिड़ियाघर
- जेके मंदिर
- पनकी मंदिर
- ब्लू वर्ल्ड
- निबिया खेड़ा
- ब्रह्मावर्त बिठूर

एक नजर

फुटवियर फैक्ट्री से टीवी और उपकरण चोरी

कानपुर। पनकी साइट नंबर पांच की फुटवियर फैक्ट्री में शुक्रवार रात चोरों ने धावा बोल कर एलईडी टीवी और बिजली सप्लाई के उपकरण पार कर दिए। पीड़ित ने गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। स्वरूपनगर निवासी व्यापारी गौरव पुरी ने बताया कि उनकी पनकी में फुटवियर फैक्ट्री है। शुक्रवार को वह फैक्ट्री बंद करके गए थे। सुबह फैक्ट्री पहुंचने पर एलईडी टीवी व डीवीआर गायब मिला। उन्होंने गोविंद नगर पुलिस को चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। गोविंद नगर के थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

दो दुकानों का शटर तोड़ माल पार किया

कानपुर। नौबस्ता-हमीरपुर रोड स्थित दो दुकानों में गुरुवार की रात चोरी हो गई। पीड़ित दुकानदार ने हनुमंत विहार थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। दुकानदार मोहम्मद जाकिर खान ने बताया कि उनकी हमीरपुर रोड पर बैटरी की दुकान है। जबकि वहीं पर मकान मालिक की ऑटो पार्टस की दुकान है। गुरुवार की रात चोरों ने दोनों दुकानों के शटर तोड़कर चोरों ने इन्वर्टर की नौ और ट्रक की तीन बैटरियां पार कर दी। जबकि आटो पार्टस की दुकान से मोबिल ऑयल के 18 डिब्बे पार कर दिए। थाना प्रभारी हनुमंत विहार ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

सड़क पर तीन लोग मिले बेसुध अस्पताल पहुंचते ही थमीं सांसें

हीट स्ट्रोक से मौत होने की संभावना ○ सीसामऊ, बर्रा व नजीराबाद क्षेत्र में मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- काम-धंधे के सिलसिले में निकले थे तीनों लोग, घरों में मचा कोहराम

अमृत विचार। भीषण गर्मी में शनिवार को नजीराबाद, बर्रा व सीसामऊ थानाक्षेत्र में तीन लोग बेसुध हालत में सड़क पर पड़े मिले। पुलिस ने उन्हें हैलट अस्पातल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जाहिर की जा रही है। परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भिजवाया।

नौबस्ता थाना क्षेत्र के हंसपुरम, आवास विकास निवासी अजय मिश्रा (52) प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी शालिनी व बेटी इशिता है। साले शैलेश अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार शाम द्वारिकापुरी में सड़क किनारे खड़े ठेले पर अजय सीसामऊ पुलिस को बेसुध हालत में पड़े मिले थे। पुलिस ने उन्हें हैलट में भर्ती करा परिजनों को सूचना दी। हैलट में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिवार के लोग रोते-बिलखते रहे।

दूसरी घटना बर्रा थाना क्षेत्र में हुई। दादानगर कच्ची बस्ती, लोकनायक कॉलोनी निवासी विजय सिंह (45) पत्नी ऊषा देवी व दो बच्चे आयुष और संजना के साथ

रहते थे। विजय राजमिस्त्री का काम करते थे। पत्नी ने बताया कि शुक्रवार सुबह विजय साइकिल से काम के लिए निकले थे। बर्रा तीन स्थित दरोगा गेस्ट हाउस के पास विजय सड़क किनारे पड़े हुए थे। राहगीरों की सूचना पर बर्रा पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया। वहीं अशोक नगर नजीराबाद निवासी संजय अरोड़ा (50) नजीराबाद पुलिस को बेसुध हालत में मिले थे, अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा है।

अभी गर्मी से राहत नहीं पारा फिर 43 डिग्री पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सामान्य से 3.8 डिग्री चढ़कर 43.4 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान
- लू से करें बचाव, सिर को ढककर चलें और खाली पेट घर से मत निकलें

अमृत विचार। नौतपा के बाद भी भीषण गर्मी से अभी राहत नहीं मिल रही है। सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों से कानपुर मंडल समेत प्रदेश भी गर्म है। रविवार को कानपुर नगर में पारा सामान्य से 3.8 डिग्री ऊपर चढ़कर 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग की माने तो अभी तापमान सामान्य से अधिक ही रहेगा।

दिन में औसतन 6.5 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं से राहगीर परेशान रहे। एक ओर लू के थपेड़ों से राहगीर परेशान हैं वहीं सूरज की तपिश लोगों को सता रही थी। बता दें चटक धूप के चलते सुबह 10 बजे ही तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। दो घंटे के भीतर ही दोपहर 12 बजे पारा 38 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.8 डिग्री ऊपर चढ़कर 29.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी अधिक है जिससे रात में भी गर्मी परेशान करती है।

आगामी 5 दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं। दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। डा. पांडेय ने बताया कि लू से बचाव करें। घर से खाली पेट मत निकलें। लस्सी, मट्ठा, बेल, पना, नीबू की शिंकजी आदि ठंडे पेय पदार्थ का सेवन इन दिनों फायदेमंद रहता है। तरबूज, खरबूजा, ककड़ी-खीरा आदि फलों को ठंडा करके ही प्रयोग करें।

नौकरानी पर सोने के बिस्कुट चोरी करने का आरोप

कानपुर। लाल बंगला में एक ज्वैलर्स ने घर में काम करने वाली नौकरानी पर 70 लाख की कीमत का सोने का बिस्कुट चोरी करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से कर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

लाल बंगला, कालीबाड़ी निवासी विपिन सिंह ने बताया कि उनकी चौक सर्राफा में विपिन ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। वह टंचिंग और रिफाइनरिंग का काम करते हैं। विपिन के मुताबिक पत्नी के गर्भवती होने के चलते उन्होंने बीते मई माह में घर के कामकाज के लिए चंद्र नगर निवासी मानसी विश्वकर्मा को रखा था, जो सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक काम करती थी। बताया कि 2 जून को उन्होंने रिफाइनरिंग का काम करवाने के बाद 70 लाख की कीमत का एक सोने का बिस्कुट अलमारी में रख दिया था। जिसके बाद वह पत्नी को डॉक्टर के पास दिखाने चले गए।

आरोप है कि बिस्कुट रखने के दौरान मानसी कमरे में काम कर रही थी। रात करीब 11 बजे लौटने के बाद उन्होंने अलमारी खोल कर देखा तो बिस्कुट गायब मिला। इसके बाद उन्होंने चकेरी पुलिस से शिकायत की। कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए विपिन ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

जिला कारागार का निरीक्षण करते डीजी पीवी रामाशास्त्री। अमृत विचार

जेल में मुलाकात को ऑनलाइन आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिला कारागार का डीजी ने किया निरीक्षण

अमृत विचार। शनिवार को पुलिस (जेल) कारागार जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कंप्यूटरीकृत मुलाकात पर्ची काउंटर समेत जेल की समुचित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों से मिलने पहुंचे परिजनों से भी बातचीत की। उन्होंने बंदियों के परिजनों से मुलाकात का आवेदन घर बैठे ऑनलाइन करने को कहा।

शनिवार सुबह करीब 10 बजे डीजी पीवी रामा शास्त्री जिला कारागार पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने पुनर्नवा फाउंडेशन की ओर से लगवाए गए वाटर कूलर का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने कारागार का निरीक्षण किया। यहां मौजूद मुलाकात पर्ची काउंटर, महिला बैरक, महिला बंदियों संग मौजूद बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य, टीकाकरण संबंधी व्यवस्था व खेलकूद के लिये बनाए गए चिल्ड्रेन पार्क को भी देखा। डीजी ने महिलाओं के लिए चलाए जा रहे कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली, साथ ही परीक्षा संपन्न कराकर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित करने के निर्देश दिए। 18 से 21 वर्ष की आयु के बंदियों के बैरक का निरीक्षण कर उन्होंने पठन-पाठन में रुचि लेने वाले बंदियों को पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। साथ ही बंदियों को हाईस्कूल व इंटर के परीक्षा फार्म समय से भराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया। बीमार और भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। बंदियों के लिये चलाई जा रही विभिन्न पुनर्वास योजनाओं का भी उन्होंने निरीक्षण किया। उच्च सुरक्षा बैरक भी देखी इसके साथ बंदियों की नियमित चेकिंग के लिये भी निर्देशित किया। इस दौरान जेल अधीक्षक बीडी पांडेय, मनीषा बाजपेई, राकेश कुमार मौजूद रहे।

विरासत पर संकट

पुरातत्व और पर्यटन विभाग के साथ जिला प्रशासन की अनदेखी से ऐतिहासिक विरासत पर संकट मंडरा रहा है। कानपुर के जाजमऊ में सिद्धनाथ मंदिर के निकट स्थित राजा ययाति के प्राचीन किला की चंद ईंटें ही अवशेष बची हैं। किला का कुआं मिट्टी में दफन हो गया है। टीला की मिट्टी जगह-जगह धंस गई है। गंगा नदी के किनारे जाजमऊ टीला में दफन किला के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण कर मकान बना लिए हैं। अगर प्रशासन ने ऐसी ही अनदेखी की तो वह दिन दूर नहीं जब राजा ययाति के किला का नामोनिशान मिट जाएगा। ● अमृत विचार

दबंगों ने महिला के घर किया पथराव

कानपुर। काकादेव क्षेत्र में पुराने विवाद में दबंग ने साथियों के साथ मिलकर महिला के घर पर पथराव व फायरिंग की। पीड़िता ने शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

काकादेव निवासी सुमन शुक्ला ने बताया कि गुरूवार रात मिथलेश दिवाकर, विनय, अमन व उसके साथ पांच से छह अज्ञात साथियों ने पुराने विवाद के चलते उनके घर पर पथराव किया, इसके बाद फायरिंग करते हुए भाग निकले। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता के मुताबिक मिथलेश काकादेव का हिस्ट्रीशीटर है।

बहू को विदा कराने आए ससुरालियों पर चाकू से हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने घायलों को हैलट पहुंचाया, आरोपी हिरासत में

अमृत विचार। चकेरी में सात माह से मायके में रह रही बहू को विदा कराने आए ससुरालीजनों का मायके पक्ष से विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान ससुरालीजनों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें पति, ससुर और देवर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया।

मुंबई, नाला सोपारा निवासी निर्मला कश्यप ने बताया कि 26 जनवरी 2023 को बेटे अनुराग की शादी चंडीगढ़ निवासी प्रीति से हुई थी। बहू की बड़ी बहन की शादी चकेरी निवासी उनके भाई नरेश चंद्र के घर में हुई है। बीते कुछ महीनों से परिवार की दोनों बहू अपने मायके में है। समस्या के समाधान के लिए शनिवार को भाई नरेश चंद्र के घर उनका परिवार और बहू के परिजन आए थे। जहां बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान दोनो पक्षों के में अचानक मारपीट होने लगी। तभी बहन शांति के दामाद ने बेटे अनुराग पर चाकू से हमला कर दिया।

हमले में घायल हुए लोगों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमृत विचार

बीच-बचाव करने पर उनके पति रोशन लाल और बहन के बेटा साहिल भी चाकू से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उर्सला अस्पताल भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत में उन्हें हैलट रेफर कर दिया।

हत्या कर शव छिपाने की सूचना से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नशे में धुत था युवक, वीडियो में दो लोग उसे झोपड़ी में रखते दिखे
- मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच, हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका

अमृत विचार। बर्रा क्षेत्र के कर्रही हरदेव नगर स्थित देशी शराब ठेके के सामने एक युवक शराब पीने के बाद बेहोश हो गया। दो लोगों ने उठाकर उसे एक झोपड़ी में रख दिया। घंटों युवक में हरकत न होने के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उठाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

युवक को झोपड़ी में रखते हुए एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें विवाद के बाद शव रखने की जानकारी दी गई। मूलरूप से हमीरपुर निवासी श्याम स्वरूप उर्फ बाबू (45) छोटे भाई शिवबहादुर के साथ कर्रही इलाके में एक मकान में

किराए के मकान में रह कर मजदूरी करता था। शिव बहादुर ने बताया कि शुक्रवार रात भाई ने उसके साथ शराब पी थी। कमरे पर देर से पहुंचने पर मकान मालिक ने कमरा नहीं खोला, जिस पर घर के बाहर ही सो गए थे। देर रात श्याम स्वरूप उठकर कहीं चला गया। सुबह घर के बाहर आया, फिर कुछ दूर स्थित शराब ठेके के पास चला गया। शाम को भाई शराब ठेके के सामने बने एक टट्टर में मृत मिला। मामले से जुड़ा घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें दो लोग श्याम स्वरूप को एक झोपड़ी में छांव में रखते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद शराब ठेके में विवाद के बाद एक की मौत की जानकारी दी गई। नौबस्ता एसीपी मंजय सिंह ने बताया कि युवक की मौत अत्यधिक शराब पीने व हीट स्ट्रोक के चलते होने की आशंका है, शरीर में कोई चोट के निशान नहीं है। शव को मॉर्चुरी भेज दिया गया है। तहरीर व रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बंद पड़े मकान से दो लाख का माल चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। श्याम नगर में चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान समेत करीब दो लाख का माल पार कर दिया। पड़ोसियों ने दरवाजे खुले देख गृहस्वामी को घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

श्याम नगर निवासी आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिवार समेत दिल्ली एनसीआर में रहते हैं। श्याम नगर में उनकी मां रहती थीं। फरवरी माह में मां की मौत के बाद से मकान बंद पड़ा था। आशुतोष ने बताया कि मई में वह घर आए। छह जून को पड़ोसियों ने घर के खिड़की और दरवाजे खुले होने की जानकारी दी। चोरी की जानकारी पर आशुतोष घर पहुंचे तो अलमारी में रखे करीब 11 हजार रुपये और चांदी, पीतल व तांबे के बर्तनों के अलावा अन्य सामान समेत करीब दो लाख का सामान गायब मिला। कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

चलती बाइक पर स्टंट, 12 हजार चालान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगा बैराज में युवक का स्टंटबाजी का वीडियो
- पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर लिखी रिपोर्ट

अमृत विचार। गंगा बैराज पर स्टंटबाजों का आतंक लगातार जारी है। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद बैराज पर स्टंटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को गंगा बैराज में स्टंटबाजी का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें चलती स्पोर्ट्स बाइक पर एक युवक खड़े होकर स्टंट कर रहा है। वीडियो संज्ञान में आते ही पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर 12 हजार का चालान किया।

गंगा बैराज पर स्टंटबाजी में अक्सर हादसे होते है, जिनमें अब तक कई लोग अपनी जान से हाथ तक धो बैठे है। शनिवार को गंगा बैराज पर स्टंटबाजी करते हुए एक

स्टंट करता युवक। अमृत विचार

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक गंगा बैराज से उन्नाव जाने वाली रोड पर एक युवक तेज स्पीड में स्पोर्ट्स बाइक चलाते हुए आ रहा है और चलती बाइक पर खड़े होकर स्टंट कर रहा है।

वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। एसीपी कर्नलगंज महेशन कुमार ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर 12 हजार का चालान किया गया है। इसके साथ ही नंबर के आधार पर नवाबगंज थाने में मानव जीवन को खतरा उत्पन्न करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। नंबर के आधार पर सामने आया कि स्टंटबाज युवक उन्नाव जनपद का रहने वाला है। रजिस्टर्ड पते पर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। युवक की तलाश की जा रही है।

जरायम की दुनिया | आगरा जेल में डी-टू गैंग के सरगना की शुक्रवार को हुई थी मौत, छह भाईयों ने जुर्म की दुनिया में बनाया था पहला इंटरस्टेट गैंग

आतंक के पर्याय अतीक पर हत्या, लूट, रंगदारी के 41 मुकदमे थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। डी-टू गैंग का सरगना अतीक पहलवान पांच दशक से शहर में आतंक का पर्याय बना हुआ था। वर्ष 1973 में उसने लूट की वारदात कर जरायम की दुनिया में कदम रखा, तो फिर पीछे पलट कर नहीं देखा।

कुछ ही समय ने अतीक ने अपने छह भाईयों के बूते शहर में डी-टू गैंग स्थापित किया, जिसमें उसके करीब 200 से अधिक गुर्गे शामिल थे। अतीक समेत गैंग के सदस्य हत्या, लूट, रंगदारी जैसी जघन्य वारदातें अंजाम देते थे। उस दौर में आलम यह था कि मशीनरी के लिए प्रतिष्ठित बाजार लाटूश रोड में बिना अतीक गैंग की अनुमति उद्यमियों का व्यापार करना मुश्किल था। पुलिस के मुताबिक अतीक अपने गुर्गों के माध्यम से व्यापारियों को रंगदारी की पर्चियां भिजवाता था। अनवरगंज थाने के अभिलेखों में कुली बाजार निवासी अतीक के अपराधों की पूरी कुंडली है, उसके खिलाफ संगीन धाराओं में दर्ज मुकदमे बयां कर रहे है कि वह कितना कुख्यात अपराधी थी। अतीक के खिलाफ अनवरगंज थाने में वर्ष 1973 में पहला मुकदमा लूट का दर्ज किया गया।

इसके बाद उसके अपराधों की फेहरिस्त लंबी होती चली गई। वर्ष 1977 में उसने उन्नाव कोतवाली में हत्या की वारदात को अंजाम दिया, इसके कुछ समय बाद ही लखनऊ के हुसैनगंज थानाक्षेत्र में दूसरी हत्या की। इसके बाद शहर समेत आसपास के जनपदों में उसका नाम गूंजने लगा। छोटे-मोटे अपराधी अतीक की शरण में आ गए। उसने अपना गैंग बनाया और विस्तार किया। उसके भाई रफीक, शफीक, बिल्लू, बाले और अफजाल ने गैंग की कमान संभाली। 1984 में अतीक के खिलाफ अनवरगंज थाने और 2004 में कोतवाली थाने में हत्या व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ।

1996 में उसके खिलाफ पहली बार गुंडा एक्ट व 97 में गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई। वर्ष 2004 में बर्रा थाने में विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत अतीक के खिलाफ मुकदमा हुआ। वर्ष 2008 में पुलिस ने गैंग की कमर तोड़ने के लिए अतीक पहलवान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करते हुए उसकी संपत्ति सीज की, लेकिन उसका आतंक कम नहीं हुआ।

एसटीएफ से हुई मुठभेड़, सिपाही हुआ था शहीद

- पुलिस अधिकारियों के मुताबिक 18 साल पहले नादिर व साबिर गैंग के गुर्गे हीर पैलेस सिनेमा हॉल गए थे, जहां उनकी हत्या की योजना बना कर डी-2 गैंग के शमीम, संजय गुप्ता, रफीक, अमजद उर्फ बच्चा, नफीस, दुरंगा पहुंचे। जानकारी मिलने पर एसटीएफ ने घेराबंदी शुरू की तो गैंग के सदस्यों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें एसटीएफ सिपाही धर्मेंद्र को गोली लगी और वह शहीद हो गए। एसटीएफ की कार्रवाई में दो बदमाश मारे गए। इस घटना के बाद रफीक और अतीक फरार हो गए। सिपाही की हत्या के बाद गैंग पुलिस की रडार पर आ गया। पुलिस ने अतीक व रफीक पर एक लाख इनाम की घोषणा कर दी। तत्कालीन दरोगा ऋषिकांत शुक्ला की टीम ने रफीक को गिरफ्तार किया। रफीक को पूछताछ और एके-47 की बरामदगी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस टीम रफीक को लेकर जूही यार्ड जा रही थी कि रफीक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के पीछे डी-टू गैंग के परवेज का हाथ बताया। इसके बाद एसटीएफ ने 2008 में परवेज को बिठूर में मुठभेड़ में मार गिराया।

प्रापर्टी डीलरों व टेनरी वालों से उगाही

वर्ष 1998 में अतीक का डी-2 गैंग रजिस्टर्ड हुआ था, इसके बाद उसके गुर्गों ने शहर के प्रापर्टी डीलरों से उगाही शुरू कर दी। अनवरगंज स्थित बेबीज कंपाउंड परिसर तक को इस गैंग ने मोटी रकम लेकर खाली करा दिया। इस दौरान गैंग का संपर्क हैदराबाद के एक तंबाकू कारोबारी से हो गया। गैंग को मोटी रकम की फंडिंग होने लगी। इसके सहारे गैंग दिल्ली और मुंबई तक अपनी पहुंच रखने लगा। मुंबई में अतीक के गैंग का दाऊद गैंग से संपर्क हुआ।

2004 में मारा गया था बिल्लू

रफीक की हत्या के बाद डी-2 गैंग की कमर टूट गई, इसके बाद अतीक के भाई तौफीक उर्फ बिल्लू ने गैंग की कमान संभाली। वर्ष 2004 में किदवई नगर थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष ऋषिकांत शुक्ला ने बिल्लू को इनकाउंटर में मार गिराया। बिल्लू के मारे जाने के बाद गिरोह खत्म होने की कगार पर पहुंच गया। ऋषिकांत शुक्ला ने गिरोह के गुर्गों को एक एक कर जेल में पहुंचाने का काम किया।

पुलिस को नहीं अतीक की मौत की जानकारी

सजायाफ्ता अतीक आगरा की सेंट्रल जेल में बंद था। शुक्रवार को उसकी वहां मौत हो गई, लेकिन अनवरगंज पुलिस को घटना की जानकारी नहीं है। अनवरगंज इंस्पेक्टर नीरज ओझा ने बताया कि अतीक की तबियत खराब होने की जानकारी आगरा से आई थी, लेकिन मौत की आधिकारिक पुष्टि अब तक उन्हें नहीं मिली है। सोशल मीडिया से उन्हें जानकारी मिली है, जिसे पुख्ता करने के लिए थाने में तैनात दरोगा को लगाया गया है।

पुलिस उपायुक्त आरएस गौतम ने कैमरों की शुरुआत की। अमृत विचार

जीएस टॉवर चौराहे पर लगाए गए चार कैमरे

संवाददाता कार्यालय कानपुर

अमृत विचार। कोपरगंज स्थित जीएस टॉवर चौराहा अब कैमरों से लैस रहेगा। सरदार गुरुजिंदर सिंह की ओर से चौराहे पर चार हाई रेजूलेशन कैमरे लगाए गए, जिसका उद्घाटन पुलिस उपायुक्त आरएस गौतम ने किया। सरदार गुरुजिंदर सिंह ने कहा कि पुलिस कमिश्नर की प्रेरणा से कैमरे लगवाने का निर्णय लिया। उन्होंने व्यापारियों से अपील की है कि सभी अपने प्रतिष्ठान व आवास के बाहर कैमरे जरूर लगवाए। पुलिस उपायुक्त आरएस गौतम ने सभी को साइबर क्राइम के बारे जागरूक कर मोबाइल से होने वाली ठगी के बारे में सजग किया 1 इस दौरान जीएस टावर रेडीमेड गारमेंट वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नितिन टेकवानी, महामंत्री खेम चंद दूसेजा, भूपेंद्र सिंह राजा, मनीष वसंदानी, हरीश राम चंदानी, नंद लाल खत्री, दिलीप दूसेजा, ज्ञानेश मिश्र, पुरषोत्तम राजपाल, सरबजीत सिंह, मनोज दुसजा, प्रदीप लखमानी, संदीप सिंह, कुंदन शर्मा समेत आदि व्यापारी मौजूद रहे।

विलक्षण पक्षी अबाबील को पसंद आया मोतीझील

रविवार विशेष

अभिषेक वर्मा, कानपुर

नगर निगम मुख्यालय में लगे अबाबील पक्षी के घोंसले।

- देश के कई हिस्सों में दक्षिण अफ्रीका से आते अबाबील पक्षी
- विलुप्त प्रजाति के इस पक्षी का किया जा रहा है रहा संरक्षण

100 से अधिक घरौंदे नगर निगम की गोल बिल्डिंग में बनाए | **25** से 50 ग्राम वजन के पक्षी मनमोहक हैं

> यह पक्षी विलुप्त होने की कगार पर हैं। इनके घोंसलों को छूने की इजाजत नहीं है। संरक्षण का बोर्ड भी लगा है। इनकी संख्या बढ़ रही है। नगर निगम अधिकारी और कर्मचारी देखरेख में लगे हैं। – प्रमिला पांडेय, महापौर

अमृत विचार। शहरी क्षेत्र में विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे अबाबील पक्षी को मोतीझील की आबो-हवा ऐसी पसंद आई है, उसने बड़ी संख्या में यहां घरौंदे बना लिए हैं। अबाबील के ये अनोखे घोंसले नगर निगम में आने वाले लोगों के लिये कौतुहल का विषय हैं। अधिकारी अब नगर निगम की गोल बिल्डिंग अबाबील के ये घरौंदे संरक्षित करने में जुटे हैं। महापौर और नगर आयुक्त की कुर्सी पर कोई भी आसीन हो, मुख्यालय में विकास के नाम पर कितना भी बड़ा काम क्यों न होना हो, लेकिन अबाबील के घोंसले हटाने की इजाजत किसी को नहीं है। इसते चलते अबाबील के घोसलों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है।

गौरेया जैसे आकार और वजन में 25 से 50 ग्राम के अबाबील पक्षी देखने में मनमोहक होते हैं। इनके मुंह का रंग काला तथा गरदन के नीचे हिस्सा सफेद रहता है। यह हमेशा गोलाई में तेजी से मंडराती हैं। नगर निगम में अबाबील ने एक नहीं 100 से अधिक घोंसले बना रखे हैं। यह पक्षी जल के समीप वाले स्थानों में झुंडों में रहते हैं। यूरोप तथा भारत में समान रूप से ये मिट्टी के लोंदों से अपना घोंसला बनाते हैं। अबाबील अक्सर चट्टानी खंड, बरामदों के बाहर निकले भाग, बॉलकनी या मकानों के अंदर अपने घोंसले बना लेती है। इसका घोंसला छिछले प्याले की तरह ऊपर से खुले मुख का होता है।

नगर निगम मुख्यालय की मुख्य भवन में घुसते ही सदन के बाहर बरामदे में इन पक्षियों ने मिट्टी के 100 से अधिक घोंसले बना लिए हैं। संरक्षण के कारण धीरे-धीरे घोंसलो की संख्या बढ़ती जा रही है। केयरटेकर राम जी अवस्थी और उनके कर्मचारियों की नहर हमेशा इन घोंसलों पर रहती है ताकि कोई इन्हें नुकसान न पहुंचा सके।

राष्ट्रपति के आने पर भी नहीं की गई छेड़छाड़

साल 2019 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नगर निगम सदन आये थे। पूरे नगर निगम को दुल्हन की तरह सजाया गया था। चप्पे-चप्पे पर सफाई की गई थी। लेकिन इस दौरान भी अबाबील पक्षियों के घोंसलों को नहीं छुआ गया था। राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगे अधिकारियों ने घोंसलों पर आपत्ति जताई। लेकिन पक्षियों के संरक्षण की जानकारी देकर अधिकारियों ने उन्हें संतुष्ट कर दिया था।

संरक्षित प्रजाति का बोर्ड भी लगाया

अबाबील पक्षी और उनके घोंसलों के संरक्षण का बोर्ड नगर निगम ने भवन के अंदर लगाया है। इस बोर्ड में लिखा है कि अबाबील पक्षी विश्व प्रसिद्ध चिड़ियों में एक है। अबाबील वाइल्ड लाइफ विलुप्त प्रजाति संस्था द्वारा संरक्षित प्रजातियों में शामिल है। नगर निगम अधिकारियों की ओर से साफ निर्देश है कि कर्मचारियों और यहां आने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा इस पक्षी के घोंसलों को नहीं छुआ जाएगा।

कानपुर महिला टीम बनीं चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ को 32 रन से हराया
- तृप्ति श्रेष्ठ बल्लेबाज, नंदिनी को श्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब

केसीए महिला एकादश की विजेता टीम। अमृत विचार

अमृत विचार। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) की ओर से क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ और कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बीच शुक्रवार रात गंगा बैराज स्थित बीसीए मैदान पर मुकाबला हुआ। जिसमें केसीए महिला एकादश ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ को 32 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

गंगा बैराज स्थित बीसीए मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए केसीए महिला एकादश ने 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाए। टीम की तृप्ति सिंह ने 79 व बबिता यादव ने 24 रन का योगदान दिया। लखनऊ की आरजू सिंह ने दो, संध्या यादव व काला टमटा ने एक-एक विकेट लिया।

जवाब में उतरी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ की टीम 19.3 ओवर में 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की आयुषी श्रीवास्तव ने 55 रन बनाए। कानपुर से नंदिनी सिंह ने तीन, क्षमा सिंह, अनुपम रावत ने दो-दो और सौम्या पाल व अर्चना ने एक-एक विकेट झटके। केसीए के सचिव कौशल कुमार सिंह ने बताया कि श्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब तृप्ति सिंह और श्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब नंदिनी सिंह को मिला।

रचित फाइनेंसियल पांच विकेट से जीता

कानपुर। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से मान्यता प्राप्त नेशनल यूथ क्लब की ओर से आयोजित दीबा नसीम खान स्मारक अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को रचित फाइनेंसियल सर्विसेज ने कानपुर वारियर्स को पांच विकेट से हराया। कानपुर साउथ मैदान पर खेले गए मैच में कानपुर वारियर्स ने 31.5 ओवर में 106 रन बनाकर ऑलआउट हुई। जवाब में रचित फाइनेंसियल सर्विसेज ने 17 ओवर में पांच विकेट पर 107 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। विजेता टीम के लकी राजपूत मैन ऑफ द मैच रहे।

तापमान बढ़ने से सब्जियों और फलों को नुकसान

करेला, बैंगन, कद्दू, मिर्च, खीरा आदि सब्जियां खराब होने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बीते 15 दिनों ने तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। इसके चलते सब्जियों एवं फलों में नुकसान की आशंका बढ़ गई है। खासतौर पर करेला, बैंगन, तरोई और तरबूज-खरबूजा की फसल खराब होने की आशंका है। इसे देखते हुए चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा.आनंद कुमार सिंह के निर्देश पर किसानों को सब्जी की फसलों के बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है।

कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि सब्जियों और फलों का पीला पड़ना, फलों का मर जाना, फलों की वृद्धि का रुक जाना, फल सड़न, पौध गलन, समय से पहले फलों का पका जैसा लगना, फल का फटना जैसे लक्षण उच्च तापमान व हीट वेव के कारण हो सकते हैं। अधिक तापमान से तरबूज, खरबूज, टमाटर, बैंगन, मिर्च, खीरा, तरोई, कद्दू व शिमला मिर्च आदि की फसल अधिक प्रभावित हो सकती है। फल के धूप वाले हिस्से पर पीले या भूरे रंग के धब्बे बन जाते हैं, परन्तु कोशिकाएं जीवित रहती हैं। यह दशा ज्यादातर तरबूज या खरबूजा की फसल में देखने को मिलती है। सनबर्न में अतिरिक्त प्रकाश से फल से फोटो ब्लीच हो जाएंगे, क्योंकि फल उच्च प्रकाश स्तरों के अनुकूल नहीं होते।

भीषण गर्मी की वजह से पेड़ पर ही बैंगन खराब हो रहे हैं। अमृत विचार

- कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ ने जारी की एडवाइजरी

इस तरह करें देखभाल एवं बचाव के उपाय

- सबसे ज्यादा नुकसान टमाटर की फसल को हो सकता है। नुकसान से बचाने के लिए टमाटर की पौध को स्टेकिंग या सहारा दें, जिससे फल का संपर्क जमीन से न रहे। सूर्य का विकिरण कम करने के लिए अस्थाई छप्पर या जाली का उपयोग करें।
- नमी बनाए रखने के लिए सब्जियों के फसल में शाम को हल्की सिंचाई करें। फलों को पत्तों से ढककर रखें।
- कद्दू वर्गीय सब्जियों में सुबह के समय 5 से 7 बजे के बीच कोई दवा का छिड़काव न करें। यदि दवा का छिड़काव करना है तो शाम को करें।
- फल सड़न, पौध सड़न व जड़ गलन आदि के बचाव के लिए 2 ग्राम कापर ऑक्सीक्लोराइड प्रति लीटर पानी में मिलाकर शाम को छिड़काव करें।
- जल में घुलनशील पोषक तत्वों का सिंचाई के पानी के साथ शाम के समय उपयोग करें।

बकरीद पर महंगाई की मार, फिर भी सज गए बकरा बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भीषण गर्मी को देखते हुए छोटे जानवरों की होगी कुर्बानी
- बाकरगंज, नई सड़क और बकरमंडी में बकरों की आमद

अमृत विचार। ईद-उल-अजहा यानी बकरीद 17 जून को मनाई जाएगी, जिसमें अल्लाह की राह में अपने शहर में चार लाख से अधिक जानवर कुर्बान किए जाएंगे। ऐसे में बाकरगंज, नई सड़क, बकरमंडी समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बकरों की बाजार सजने लगी है। हालांकि इससे पहले बकरीद में छोटे-बड़े सात से आठ लाख जानवर कुर्बान होते थे, लेकिन महंगाई के चलते इस बार कुर्बानी कराने वालों की संख्या घट सकती है। भीषण गर्मी को देखते हुए छोटे जानवरों की कुर्बानी अधिक होगी।

बीते साल बकरीद पर करीब 8 लाख जानवर कुर्बान हुए थे। नाला रोड पर लगी जानवरों की बाजार इक मिनारी तिराहा तक पहुंच गई थी, लेकिन बड़े जानवरों की बाजार अभी तक नहीं लगी है, जबकि हर साल बकरीद से पंद्रह दिन पहले जानवरों की बाजार सजने लगती थी। इस बार बकरों की कुर्बानी पर अधिक जोर है, जिसके लिए बाकरगंज, नई सड़क, मछरिया, जाजमऊ, रावतपुर, बजरिया समेत कई क्षेत्रों में बाजार सजने लगी है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जानवर भी महंगे हैं। 10 किलो का बकरा पिछले साल 15 हजार का था, लेकिन इस साल 20 हजार से नीचे बकरे नहीं हैं। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी बकरों की बाजार लगती है, जैसे बिठूर, घाटमपुर, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर, रमईपुर आदि शामिल हैं।

जानवरों की सामूहिक कुर्बानी

सात लोगों के नाम एक जानवर की कुर्बानी होती है, ऐसे में जिनके पास बहुत पैसा नहीं है, वह अपना हिस्सा ले लेते हैं। एक जानवर पर सात लोग हिस्सा ले लेते हैं। इसके लिए कानपुर और आसपास के जिलों में कई संगठन ऐसे हैं जो सामूहिक कुर्बानी कराते हैं और लोग उनसे हिस्सा ले लेते हैं।

देवबंदियों ने की चांद की तस्दीक बरेलवी आज कर सकते ऐलान

- देवबंदी ने 17 तो बरेलवी ने 18 को बकरीद मनाने के लिए कहा

कानपुर। शुक्रवार को देवबंदी शहरकाजी, मुफ्तीयान, आलिम ने जिल हिज्जा का चांद होने की तस्दीक करते हुए 17 जून को बकरीद मनाने का ऐलान किया लेकिन इसके विपरीत बरेलवी शहरकाजी, उलमा, मुफ्तीयान ने चांद नहीं होने का एलान करते हुए 18 जून को बकरीद मनाने की घोषणा की है। बकरीद की दो तारीखों को लेकर आम मुसलमान असमंजस की स्थिति में है।

आल इंडिया गरीब नवाज काउंसिल के अध्यक्ष एवं गद्दियाना ईदगाह के पेशइमाम मौलाना हाशिम अशरफी का कहना है कि तस्दीक लगभग हो गयी है, जल्द ही 17 जून को बकरीद होने का ऐलान किया जाएगा।

उधर मरकजी सुन्नी रुअते हिलाल कमेटी के प्रवक्ता शमसुल कमर रहमानी का कहना है कि एक दो स्थानों से तस्दीक आना है, जल्द ही चांद की तस्दीक करके बकरीद की तारीख का एलान होगा।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कानपुर। ताइक्वांडो अकेडमी ऑफ कानपुर की ओर से इस वर्ष दो दिवसीय 21वां ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन कचहरी स्थित बार एसो. महाना हाल में किया गया। शनिवार को पहले दिन कई राज्यों से आए बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। ताइक्वांडो अकेडमी ऑफ कानपुर के महासचिव मदन मिश्रा ने बताया कि चैंपियनशिप का समापन रविवार को होगा। खेलों में प्रतिभा दिखाने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

ताइक्वांडो में दमखम दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

15 जुलाई से होगी सप्लीमेंट्री परीक्षा

कानपुर। सीबीएसई की ओर से शनिवार को सप्लीमेंट्री परीक्षा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। सीबीएसई के सिटी क्वार्डिनेटर बलविंदर सिंह ने बताया कि यह परीक्षा 15 जुलाई से आयोजित होगी। इस परीक्षा में दसवीं के परीक्षार्थियों को विभिन्न विषयों के लिए 15 जुलाई से 22 जुलाई तक परीक्षा तिथियों का ऐलान किया गया है। इसी तरह बारहवीं के लिए 15 जुलाई को परीक्षार्थी अपने प्रश्नों का हल करेंगे। सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों ने विषयवार आवेदन कर दिया है। अधिकारियों की माने तो इस बार दसवीं व बारहवीं में लगभग 6 सौ परीक्षार्थी इस परीक्षा को देंगे।

स्केटिंग में तेजस्व ने जीता स्वर्ण पदक

कानपुर। रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से छत्तीसगढ़ के रायपुर में छह से नौ जून तक हुई नेशनल रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शहर के तेजस्व सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है। कानपुर रोलर स्केटिंग एंड स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव महबूब बेग ने बताया कि तेजस्व सिंह ने इन लाइन कैटेगरी पांच से सात आयु वर्ग की 400मीटर रिंक रेस में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। कोच मो. सलमान की देखरेख में तेजस्व ने स्केटिंग का जमकर अभ्यास किया है। तेजस्व को उसकी उपलिब्ध पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मो. फैसल अंसारी, सहसचिव मो. सलमान, शुभम सागर, समीर रहमान, मो. समीर आदि ने बधाई दी है।

शपथ ग्रहण में दिल्ली जाते प्रकाश पाल व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

क्षेत्रीय और जिलाध्यक्ष मोदी के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

कानपुर। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा सहित लोकसभा के कलेस्टर इंचार्ज, प्रभारी, संयोजक और विधायक मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए सभी पदाधिकारी शनिवार को दिल्ली रवाना हो गये। 9 जून को शाम 6 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार शपथ ग्रहण करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 1962 के बाद यह ऐतिहासिक पल है, जब नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार शपथ लेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, अनिल दीक्षित और विनोद पाल भी दिल्ली गये हैं।

चौराहों पर आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण

कानपुर। बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 254 मंडलों में प्रमुख चौराहों पर रविवार शाम 5 बजे से 7 बजे के मध्य आतिशबाजी एवं मिष्ठान का वितरण किया जाएगा। उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में सभी 14 मंडलों के प्रत्येक वार्ड में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भाजपा प्रत्येक चौराहों पर आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण करेगी। शाम 7 बजे से यह कार्यक्रम होगा। कानपुर उत्तर के मीडिया प्रभारी अंकित वाजपेई ने जानकारी देते हुये कहा कि कानपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद रमेश अवस्थी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सभी उत्साहित हैं।

दो उपनिरीक्षक लाइन हाजिर, 10 पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर

कानपुर। डीसीपी सेंट्रल ने शनिवार को दो उपनिरीक्षकों को लाइन हाजिर कर 10 का ट्रांसफर कर दिया। स्थापनाबोर्ड के अनुमोदन के बाद इन उप निरीक्षकों को नई तैनाती दी गई। इसमें 7 चौकी प्रभारी बदले गए है। शास्त्री नगर चौकी दिलीप सिंह, दर्शनपुरवा में रवि कुमार, गंगा बैराज (नवाबगंज) रामकृष्ण मिश्र, गौरव कुमार को रानीघाट, कौशिंदर को मंगलपुर बीट, पवन कुमार को सफीगंज, प्रशांत कुमार को गंगा बैराज (कोहना) का चार्ज दिया गया है। वहीं शिकायतों के चलते सीसामऊ में तैनात दरोगा महादेवी और दरोगा जितेंद्र जायसवाल को लाइन हाजिर किया गया है।

यूपी बोर्ड की मार्कशीट का सोमवार से होगा वितरण

कानपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद शहर आईं अंकतालिकाओं का वितरण सोमवार से शुरू होगा। इस बार देरी से आईं अंकतालिकाओं को परीक्षार्थियों तक पहुंचाने के लिए शिक्षा विभाग ने जल्द अंकातालिकाओं का वितरण किए जाने के आदेश दिए हैं। स्कूल के प्रधानाचार्यों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षार्थियों को फोन कर अंकतालिकाएं स्कूल आने की सूचना दें। इसके बाद सोमवार से वितरण शुरू कर दें। यह भी निर्देश दिया गया है कि स्कूल की ओर से अंकतालिकाओं का वितरण प्रधानाचार्य के निर्देश के अनुसार होना चाहिए।

स्कूलों में शिक्षकों की स्थिति सुधरेगी

कानपुर। गंगा मंधना से गंगा बैराज होते हुए शुक्लागंज तक निर्माणाधीन मार्ग के किनारे औषधीय गुणों वाले पौधे रोपने की तैयारी है। पौधे कहां- कहां रोपे जाएंगे इसके लिए स्थल का चयन तब किया जाएगा जब सड़क बन जाएगी। फिलहाल उन पौधों की सूची बनाई जा रही है जिनका रोपण होना है। इस मार्ग को पूर्व में हर्बल मार्ग का दर्जा दिया गया था। पौधे भी रोपे गए थे पर चौड़ीकरण की वजह से कट गए।

वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार के लिए किए गए परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गैर निगमित संस्थाओं के नए वित्तीय विवरण प्रारूप का विश्लेषण यह दर्शाता है कि वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। यह बात सीए कार्तिक जिंदल ने कही। उन्होंने कहा कि इस नए प्रारूप में संस्थाओं को अपनी वित्तीय स्थिति एवं प्रदर्शन को अधिक पारदर्शिता से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

शनिवार को दी इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सिविल लाइन स्थित सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल की गोष्ठी में सीए जिंदल बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। लखनपुर स्थित सभागार में आयोजित गोष्ठी में प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता सीए जिंदल ने बताया कि कर ऑडिट रिपोर्ट में आमतौर पर पाई जाने वाली त्रुटियां, जैसे आय और व्यय का गलत वर्गीकरण, अनुपालन की कमी और लेखा मानकों का सही पालन न करना, भी उजागर किए गए हैं।

इन त्रुटियों की पहचान और सुधार वित्तीय सुदृढ़ता और कर कानूनों के अनुपालन के लिए आवश्यक है कि यह प्रोविजन 01 अप्रैल 2024 से लागू है। सभी व्यापारियों, एकाउंटेंट एवं सीए को इसको संज्ञान में लेना होगा। सीए संस्थान ने इस संबंद्ध में फार्मेट जारी किए हैं जो सभी को ध्यान में रखने होंगे। गोष्ठी में सीए नितिन गुप्ता, सीए अतुल महेश्वरी, सीए अभिषेक पांडेय आदि पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित किया। इस मौके पर सीए वैभव गोयल, अजय केडिया, शशांक गोयल, सुधीर कपूर आदि मौजूद रहे।

सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल की गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

- सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल की ओर से आयोजित हुई गोष्ठी

नतीजे घोषित | सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव, मर्चेंट चेंबर में शाम 4 .30 बजे तक हुआ मतदान

विमल कटियार अध्यक्ष और मुकुंद चुने गए महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव में मतगणना के बाद अध्यक्ष विमल कटियार एवं महामंत्री मुकुंद दास गुप्ता चुने गए। मतगणना के बाद शाम को परिणाम घोषित हुआ। समर्थकों ने अपने नेताओं को फूलमालाएं पहनाने के साथ मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

सत्र 2024-25 के लिए सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन में चुनाव में मतदान के दौरान अध्यक्ष एवं महामंत्री आदि पदों के लिए प्रत्याशियों के समर्थक वोट मांगते रहे। शनिवार को मर्चेंट चेंबर सभागार में सुबह 10.30 बजे से वोट पड़ने शुरू हो गए थे। शाम 4.30 बजे तक वोट पड़े और उसके बाद मतगणना शुरू हो गई। मतगणना के उपरांत चुनाव अधिकारी प्रदीप रायजादा ने परिणाम घोषित किया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद में विजयी रहे विमल कटियार को 234 तो शशिकांत अग्निहोत्री को 185 वोट मिले।

महामंत्री पद में विजयी रहे मुकुंद दास गुप्ता ने 269 वहीं अरविंद शुक्ला को 151 मत प्राप्त हुए। सांस्कृतिक सचिव पद पर प्रमोद कुमार तिवारी ने 212 वोट पाकर जीत हासिल की वहीं सुरेश चंद्र यादव को 203 वोट मिले।

सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल कटियार एवं महामंत्री मुकुंद दास गुप्ता का मुंह मीठा कराते साथी अधिवक्ता।

- समर्थकों ने नए पदाधिकारियों का फूलमालाओं से किया स्वागत

ये पदाधिकारी निर्विरोध

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एसपी सिंह, उपाध्यक्ष पद पर विनय अवस्थी, वित्त सचिव पद पर महेंद्र कुमार, खेल सचिव पद पर राम विशाल यादव एवं लाइब्रेरियन पद पर दीपेंद्र कुमार निर्विरोध पदाधिकारी बने।

दोबारा हुई मतगणना

प्रशासनिक सचिव पद पर प्रथम दौर की मतगणना के बाद प्रत्याशी मनोज सिंह ने आपत्ति जताई। जिस पर दोबारा मतगणना हुई। चुनाव अधिकारी प्रदीप रायजादा ने बताया कि दोबारा मतगणना में भी वही परिणाम रहा जो पहली मतगणना में था। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सचिव पद पर विजयी रहे दीपक द्विवेदी को 210 मत मिले, वहीं मनोज सिंह को 205 वोट मिले।

स्कूलों में शिक्षकों की स्थिति सुधरेगी

कानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यालयों की समस्या को लेकर शनिवार को निदेशक बेसिक शिक्षा को अवगत कराया समस्या के लिए एमएलसी डॉ. अरुण पाठक ने निदेशक बेसिक शिक्षा से बातचीत की। बातचीत में कहा गया कि शहरी क्षेत्र में कई ऐसे विद्यालय है जहां 3 सौ छात्रों पर 1 ही अध्यापक है। कई विद्यालय के शिक्षक वर्ष 2024 में सेवानिवृत हो गये है। इससे कई विद्यालय शिक्षक विहीन हो गये है। वार्ता के दौरान निदेशक बेसिक शिक्षा ने कहा कि जिन नगर क्षेत्र का परिसीमन बढ गया है, लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों को अभी भी ग्रामीण क्षेत्र में माना जाता है। ऐसे सभी प्रदेश के क्षेत्र के विद्यालयों की आख्या मांगी जाएगी। इसके बाद नगर क्षेत्र में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यालयों को सूचीबद्ध कर समस्या का निदान किया जाएगा।

ड्रग्स माफिया से मुठभेड़, बाल-बाल बचे इंस्पेक्टर

रेलबाजार क्षेत्र में माफिया ने पिस्टल से पुलिस पर की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में बदमाश को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मां का इलाज कराने जा रहे युवक का अस्पताल के बाहर से अपहरण कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी ड्रग्स माफिया की शनिवार रात शिव नारायण टंडन सेतु के नीचे रेलबाजार पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देखते ही शातिर माफिया ने पिस्टल से फायरिंग कर दी, गोली सीधे रेलबाजार इंस्पेक्टर के सीने में जा लगी। हालांकि बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण वह बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में माफिया के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से पिस्टल व बाइक बरामद की।

चकेरी कांजीखेड़ा निवासी छोटू बीते बुधवार रात करीब नौ बजे अपनी बीमार मां का इलाज कराने कांशीराम अस्पताल ले गया था। छोटू रात करीब नौ बजे अस्पताल से बाहर जीटी रोड पर मेडिकल स्टोर से दवा लेने के निकला था। काफी देर तक वापस न आने पर उसकी भाभी मंजू बाहर देखने निकली तो देखा कि पांच-छह लोग उसे बुरी तरह से पी रहे थे। बीच बचाव करने पर कोशिश की तो सभी छोटू को वैन में जबरन बैठा कर ले गए। मंजू ने डॉयल 112 पर सूचना दी, करीब दो बाद पुलिस को छोटू ड्रग माफिया राजा करिया के घर के पास पड़ा मिला था। पीड़ित ने चकेरी थाने में ड्रग माफिया बलराम राजपूत, बनी बउवा, राजा करिया, यस राजपूत, गोला, नैन सिंह के खिलाफ अपहरण, हत्या का प्रयास, एससी-एसटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मौके पर जांच करती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

मुठभेड़ में घायल बलराम राजपूत। अमृत विचार

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि माफिया बलराम राजपूत की तलाश में चकेरी, कैंट, रेलबाजार थाने की पुलिस टीमें लगी हुई थीं। बलराम के खिलाफ 25 से अधिक मुकदमें दर्ज है, आरोपी गैंगस्टर व बड़े स्तर का ड्रग माफिया है। शनिवार को सर्विलांस टीम को आरोपी की लोकेशन शिव नारायण टंडन पुल के पास मिली। रेलबाजार पुलिस ने घेराबंदी की बलराम ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान गोली इंस्पेक्टर विजय दर्शन के सीने में लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से वह बाल बाल बच गए। जवाबी फायरिंग में बलराम के पैर में गोली लगी। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

ससुराल आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

बिल्हौर। ककवन क्षेत्र के औरोताहारपुर गांव के हीरा निवादा गांव ने ससुराल आए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। मौत के बाद युवक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है।

थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने बताया कि शिवकुमार (26) निवासी ग्राम बनियानी ऊंचा कन्नौज कबाडी का काम करता था। तीन-चार दिन पूर्व उसकी पत्नी पप्पू देवी मायके हीरा निवादा गांव आई थी। जिसे वापस लेने युवक ससुराल आया था। जहां पर उसकी मौत हो गई है। परिजन ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतक की पत्नी व उसके भाइयों का कहना है कि वह शराब के नशे में आया था जो पहले से चोटिल था। घर के दरवाजे पर आते ही फिर से गिर गया थोड़ी देर बाद बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई।

शादी की अंगूठी पसंद नहीं आई, फांसी लगा दी जान

संवाददाता, बिधनू

अमृत विचार। बिधनू थाना क्षेत्र में शादी की अंगूठी पसंद न पर युवती का मां से विवाद हो गया। विवाद के दौरान डांट से क्षुब्ध होकर युवती ने खेत में लगे पेड़ पर फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। युवती की तलाश में परिजन खेत में पहुंचे तो शव फंदे से लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

बिधनू, हाजीपुर कुदौरा गांव निवासी किसान विष्णु राजपूत पत्नी रामकुमारी, दो बेटे सूरज, नीरज व बेटी ममता (22) के साथ रहते है। परिजनों ने बताया कि ममता की शादी कन्नौज के तिर्वा निवासी युवक के साथ 11 जुलाई को तय हुई थी। शुक्रवार को रामकुमारी दामाद के लिए अंगूठी की खरीदारी करने गई थी।

घर आकर अंगूठी दिखाने पर ममता को अंगूठी पसंद नहीं आई, जिस पर उसकी मां से कहासुनी हो गई। जिसके बाद ममता गुस्सा होकर घर से चली गई। परिजनों ने बताया कि पारिवारिक चाचा राम बहादुर के घर जाने की बात सोच कर कोई खोजबीन नहीं की गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो देखा कि खेतों में उसका शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पर बिधनू पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ममता।

- 11 जुलाई को होनी थी शादी मां से हुआ था विवाद पेड़ से लगाया फंदा

बाइक सवार को बचाने में कार पलटी, तीन घायल

संवाददाता, पुखरायां

अमृत विचार। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुगल रोड पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई। जिससे बालक सहित तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों का सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया।

छतरपुर थाना चंदला के भरुआ गांव के पवन सिंह ने बताया कि, थाना चंदला के नाहरपुर गांव के पुष्पेंद्र सिंह (50), भरुआ गांव के द्वारिका सिंह (45) और शिवा सिंह (14) गांव से एक कार से सिकंदरा थाना क्षेत्र के गडियां गांव में बहन के घर जा रहे थे। भोगनीपुर क्षेत्र के मुगल रोड पर गौर गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे कार अचानक अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई।

- सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने उठा कर इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया

जिसमें तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगो के द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां पर ड्यूटी में तैनात डा गोविन्द प्रसाद के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

खेल रही बच्ची को कार ने टक्कर मारी

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के किदवई वाई नगर में बच्ची को कार ने टक्कर मार दी। जिससे घायल होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार किया गया। किदवई वाई नगर के सुमित अवस्थी ने बताया कि उनकी भांजी मानवी (7) वर्ष अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक कार सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गई।

सड़क जाम करने में प्रधान सहित 30 लोगों पर केस

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। ककवन थाना क्षेत्र के विषधन कस्बे मे शनिवार सुबह एक भूमि विवाद के मामले में न्याय न मिलने पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में पीड़ित परिवार ने चौकी के बाहर रसूलाबाद-मकनपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बाद में मौके पर पहुंचे तहसीलदार तिमराज सिंह और नायाब तहसीलदार सीपी राजपूत ने जाम लगाए लोगों को समझाबुझा कर शांत कराया। मामले की जांच के लिए राजस्व विभाग की टीम को लगाया है। वहीं पुलिस ने सड़क जाम करने में ग्राम प्रधान समेत 30 लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

बलराम सिंह निवासी कस्बा विषधन द्वारा नहर के किनारे अपने खेत बताते हुए 2 वर्ष पूर्व दुकानें बनवाई गई थी। सामने रहने वाले अनिल वर्मा ने इसका विरोध किया। नहर विभाग ने उक्त निर्माण को अवैध घोषित कर अतिक्रमण को गिराने का आदेश दिया था। किन्ही कारणों से नहर विभाग द्वारा अतिक्रमण नहीं हटवाया गया। 16 अप्रैल रात में बलराम सिंह का निर्माण अनिल वर्मा ने जेसीबी से गिरवा दिया था।

चौकी के बाहर हंगामा करते लोग। अमृत विचार

- तीन घण्टे बाधित रहा रसूलाबाद -मकनपुर मार्ग

जिसपर पुलिस ने अनिल वर्मा को जेल भेजा था। हालांकि पुलिस ने बलराम सिंह की तहरीर पर मुकदमा नहीं दर्ज किया। जिसपर बलराम सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर न्यायालय ने एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया। ककवन पुलिस ने आईपीसी 395/147/323/504/506/427 में अनिल वर्मा अन्य पांच लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया। शनिवार सुबह जब बलराम वहां छप्पर रख रहे थे तभी पुलिस चौकी इंचार्ज शैंकी त्यागी ने उनको निर्माण के लिए रोका तो हंगामा शुरू हो गया। वहीं सड़क जाम करने में पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित 30 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

सार-संक्षेप

घर में घुसकर महिला से की धक्का-मुक्की, रिपोर्ट दर्ज

घाटमपुर। क्षेत्र के कस्बा निवासी एक महिला से मुकदमा वापस न लेने पर घर में घुसकर धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने घटना की सूचना 1090 वीमेन पावर लाइन पर सूचना दी तो उक्त लोग भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया है। मामला घाटमपुर कस्बा के नगर पालिका रोड कृष्णा नगर मोहल्ले का है। निधि सैनी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 30 मई को मां कुष्मांडा मंदिर जा रही थी। तभी संजय सैनी ने मां का रास्ता रोक लिया। उनसे न्यायालय में दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस न लेने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था। शनिवार को वह घर में घुस आया तथा धक्का मुक्की करने लगा। विरोध किए जाने पर मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी धमकी देते हुए भाग गया। इस घटना की सूचना निधि ने 1090 वीमेन पॉवर लाइन पर दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कनेक्शन काटने पर विद्युत कर्मियों से अभद्रता, रिपोर्ट दर्ज

बिल्हौर। ककवन थाना क्षेत्र के आने गांव में शनिवार को विद्युत की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला बोल दिया और धमकी देते हुए विद्युत कर्मियों पर गाली गलौज कर भगा दिया। विद्युत उपकेंद्र ककवन के टेक्नीशियन सुदामा गोरिया ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह शनिवार को लाइनमैन अर्जुन श्रीकांत शिशुपाल, राजकुमार, मोहित के साथ गांव में बकाया बिल वाले लोगों की जांच कर रहे थे। जिसमें ओंकार नाथ पर लगभग 50 हजार रुपया बकाया था। उनका कनेक्शन काटने पर वह भड़क गए और गाली गलौज करते हुए उन्होंने कट्टा दिखाकर कर्मियों को धमकाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने बताया गया कट्टा दिखाने की बात निराधार है बाकी तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी यह पहला मामला नहीं है इसी तरह मकनपुर विद्युत उपकेंद्र के कर्मी शिवमंगल पर भी इसी तरह खड़ैचा गांव में बकाया बिल होने के कारण कनेक्शन काटने पर गुड्डू यादव ने भी गाली गलौज करते हुए अभद्रता की थी।

आर्थिक तंगी से परेशान महिला ने खुद को लगाई आग, गंभीर

सरसौल। महाराजपुर कस्बा निवासी सुधीर वर्मा की पत्नी शालू 26) ने आर्थिक तंगी को लेकर पति से कहासुनी के बाद खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली। आग लगाने से घर में हड़कंप मच गया। पति सुधीर जब तक आग को बुझाता तब तक वह बुरी तरह झुलस गई। गंभीर हालत में उसे कांशीराम अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों की शादी को अभी महज 4 वर्ष हुए हैं। परिवार में तीन साल की एक बेटी भी है। पुलिस ने मायके वालों को सूचना दे दी है।

शराब के लिए पैसा न देने पर रिटायर्ड कर्नल से अभद्रता

घाटमपुर। क्षेत्र के धौकलपुर निवासी पूर्व कर्नल शिव विजय सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह कर्नल पद से रिटायर हुए हैं। गांव का ही नरसिंह यादव जबरिया फरसा लेकर एक अज्ञात साथी के साथ घर में घुस आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। पैसे न देने पर गालियां देने लगा। हाथ में लिए फरसे से जान से मारने की धमकी भी दी। शोर मचाने पर उनका पुत्र पंकज मौके पर आया तो उक्त लोग भाग गए। घाटमपुर पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

घाटमपुर में जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू

घाटमपुर। कैप्टन सुखवासी सिंह ग्राउंड में जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभांरभ नगर पालिका अध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद व अजीत सचान उर्फ पिंटू के द्वारा किया जाएगा। जिसमें आठ टीमें में हिस्सा ले रही हैं। रविवार को उद्घाटन मैच शीतलपुर रॉयल और अनुग्रह वारियर के बीच खेला जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पंकज गुप्ता चीना ने बताया कि इस जीपीएल टूर्नामेंट में आठ टीमें में भाग ले रही हैं। जिसका उद्घाटन मैच रविवार को खेला जाएगा।

वंदेभारत एक्सप्रेस में पकड़ा गया फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वंदेभारत एक्सप्रेस में सवार फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर शनिवार चेकिंग के दौरान टीटीई के हत्थे चढ़ गया। कंट्रोल की सूचना पर उसे सेंट्रल स्टेशन पर उतारा गया। पूछताछ के बाद सीआईटी स्टेशन ने उसे जीआरपी के हवाले किया है।

वाराणसी से दिल्ली जा रही 22415 वंदेभारत एक्सप्रेस के सी-9 कोच में फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर अभिषेक सिन्हा प्रयागराज में सवार हुआ। स्टेशन से ट्रेन छूटने पर कोच के टीटीई ने चेकिंग शुरू की। जब अभिषेक से टिकट मांगा तो खुद को विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर रौब झाड़ने का प्रयास किया। टीटीई को संदेह होने पर उससे आईकार्ड मांगा, लेकिन वह नहीं दिखा सका। इस पर टीटीई ने कंट्रोल को सूचना दी। सेंट्रल स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंची तो चेकिंग स्टाफ वहां पहले से मौजूद था और खुद को विजिलेंस इंस्पेक्टर बताने वाले अभिषेक को नीचे उसे उतार गया।

- प्रयागराज से दिल्ली जाने के लिए सी-9 कोच में हुआ था सवार
- चेकिंग के दौरान टीटीई को संदेह होने पर तत्काल दी कंट्रोल को सूचना

स्टेशन सीआईटी वीके तिवारी ने बताया कि फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर बनकर सफर कर रहे अभिषेक सिन्हा को जीआरपी को सौंपा गया है। जीआरपी ने अभिषेक के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि सेंट्रल पर कंट्रोल के जरिए मैसेज आया था कि वाराणसी से दिल्ली जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस के सी-9 कोच की 38 नंबर सीट पर एक फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर सफर कर रहा है। सेंट्रल पर 9.30 बजे जब ट्रेन आई तो चेकिंग दल ने उक्त सीट पर सवार व्यक्ति से आईडी मांगी तो वह नहीं दिखा पाया। एसीएम संतोष त्रिपाठी ने बताया कि फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर से पूछताछ के बाद जीआरपी को सौंप दिया गया है।

दुकानदार को दबंगों ने मारपीट कर पैसे छीने

चौबेपुर। कस्बे में दुकानदार के साथ मारपीट कर रुपए छीन लेने का मुकदमा पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

कस्बे के कुरैशियान मोहल्ला निवासी संसार पुत्र मोहम्मद अहमद ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि गत दिवस वह अपनी दुकान पर बैठा था।

तभी कस्बा निवासी कैश फारूखी व चार अन्य लोग उसकी दुकान पर आये और बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारापीटा और गोलक में रखे 800 रुपए निकाल लिए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों की के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

ड्यूटी से लौटे होमगार्ड का कुएं में मिला शव

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार।। ड्यूटी समाप्त कर घर पहुंचे 30 वर्षीय होमगार्ड की गांव के समीप ही संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मिट्ठनपुर गांव निवासी कल्लू का पुत्र शिवशंकर उर्फ गोरेलाल पुलिस लाइन में होमगार्ड के पद पर तैनात था। बताते हैं कि शाम छह बजे ड्यूटी समाप्त कर अपने घर पहुंचा और कुछ देर बाद वह किसी काम से बाहर निकला। तभी उसकी संदिग्ध अवस्था में कुएं में गिरकर मौत हो गई। काफी देर बीत जाने पर जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी देर बाद कुएं के समीप मृतक की चप्पल मिली जिस पर झांक कर देखा तो होमगार्ड का शव पड़ा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। गांव में कुएं के बाहर मिली चप्पल को देख लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग दबी जुबान बोल रहे हैं कि हो सकता है होमगार्ड ने आत्महत्या की है।

पुलिया पर मिला वृद्ध का शव

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर के समीप नहर पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में 58 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा मिला। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गौंती गांव निवासी अंसार अहमद साइकिल से हथगाम गया था। वापस लौटते समय प्रेमनगर नहर पुलिया के समीप वह साइकिल से गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने मृतक को पहचान कर घर वालों को सूचना दी।

अपराध | ग्रामीणों के पथराव करने पर फायरिंग कर भागे चोर, पुलिस ने कहा कोई फायर नहीं हुआ

एक रात में चार घरों से लाखों के जेवर, नकदी चोरी

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। शुक्रवार रात चोरों ने अरौल के बकोठी गांव में धावा बोल दिया। तीन घरों में चोरी के बाद चौथे घर में चोरी के प्रयास कर रहे बदमाशों से खटपट सुनकर जागे ग्रामीणों के पथराव करने पर बदमाश उल्टा ग्रामीणों पर हमला करते हुए फरार हो गए।

वहीं शुक्रवार रात अरौल थाना क्षेत्र के बकोठी गांव निवासी रामजी के घर छत के रास्ते घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़ने के बाद कमरे में रखी अलमारी का लाक तोड़ दिया और उसमें रखी बीस हजार रुपए की नकदी व तीन लाख रुपये का जेवर चोरी कर ले गए। वहीं सूरज बली कश्यप के कमरे का कुंडा काटकर अंदर घुसे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा लगभग 2. 50 लाख रुपये का जेवर चोरी कर लिया। इसके बाद उनके बेटे लखन के कमरे में रखी 10 हजार रुपए की नगदी चोरी कर फरार हो गए। यहां से आधा किलोमीटर की दूरी पर मौजूद बकोठी ग्राम पंचायत के पुर्वा में रहने वाले सुभाष चंद्र की पत्नी गीता देवी घर पर अकेली थी। तभी छत के रास्ते घर में घुसे चोर अलमारी बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखी आठ हजार रुपए की नकदी और लगभग 3 लाख रुपये का जेवर चोरी कर ले गए। इसके बाद गांव के ही श्रवण कुमार के घर चोरों ने घुसने का प्रयास किया तभी ग्रामीण जाग गए और उन्होंने हल्ला करते हुए पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों के हमलावर होते ही बदमाशों ने फायरिंग की और इसके बाद वहां से भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। जबकि देर शाम एडीसीपी बिजयेन्द्र द्विवेदी ने घटना स्थल की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी के अनुसार बकोठी और बकोठी पुरवा गांव में तीन घरों में चोरी का मामला सामने आया है। घटना के दौरान फायर नहीं हुआ है। पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी.

चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी। अमृत विचार

घाटमपुर में एक सप्ताह के अंदर तीसरी बार चोरी

- **घाटमपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से जहां लोग दहशत में हैं। वहीं इटर्रा, कुंवरपुर, के बाद कठेठा में एक सप्ताह के अंदर तीसरी चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। यहां पर शादी के लिए रखे सोने-चांदी के जेवर व नकद रुपए चोर पार कर ले गए। पीड़ित ने घाटमपुर पुलिस को नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कठेठा गांव निवासी शकुंतला देवी पत्नी इंद्रपाल सिंह ने घाटमपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पति का इलाज कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। घर पर वह व बहू प्रीति देवी घर पर अकेली थी। आधी रात को कुछ लोग घर के अंदर घुस गए। अंदर रखे जेवर व 39,400 रुपए चोरी कर भागने लगे। तभी बहू प्रीति जग गई और उसने शोर मचाया। बहू ने देखा कि देवरानी स्वाति का भाई राहुल सिंह, बहन का लड़का अंकित व दो अज्ञात लोग चोरी करके भाग रहे हैं। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

दुर्घटना में बाइक सवार घायल

चौबेपुर। कस्बे में हाईवे पर शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुआ। घायल को उपचार के लिए हैलट कानपुर रेफर किया गया है।

पुलिस के मुताबिक सदिकामऊ, शिवराजपुर निवासी शैलेंद्र पुत्र राजन शुक्रवार रात बाइक द्वारा अपने घर लौट रहा था। तभी कस्बे में हाईवे पर पीछे से तेज रफ्तार आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

दुर्घटना में बाइक चालक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के सी एच सी भेजा, जहां चोटें अधिक होने के चलते उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

मारपीट करने में चार पर एफआईआर

सिकंदरा। थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव निवासी जगजीवन राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा था। तभी गांव के ही प्रदीप, विमल, सतीश व मिथलेश ने बेवजह गालीगलौज की। विरोध करने पर सभी ने एक राय होकर पीट दिया। बचाने आए प्रमोद व पवन की भी बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। जहां चिकित्सक ने एक की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

दीवार गिरने से युवक घायल

पुखरायां। कस्बे के मुख्य मार्ग पर डायट के सामने दूसरे खंड की दीवार गिरने से युवक घायल हो गया। उपचार के लिए उसे कानपुर ले जाया गया है।मुख्य मार्ग निवासी अंकित अग्रवाल (40) अपनी मां सुनीता व पिता के साथ दूसरे खंड पर रहते थे। नीचे दुकान उन्होंने किराए पर उठा रखी थी। शनिवार को एक तरफ की दीवार अचानक गिर गई और अंकित उसकी चपेट में आकर घायल हो गया। वहीं वृद्ध मां ऊपर फंस गई।

ट्रक ने टक्कर मार व्यापारी को 200 मीटर घसीटा

बकरी बेचने कानपुर जाते समय प्रतापपुर के पास हुआ हादसा, मौत

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। बाइक से कानपुर बाजार बकरी बेचने जा रहे व्यापारी को विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ट्रक में फंसकर करीब दो सौ मीटर घिसटता चला गया और खड्ड में घुस गया। पुलिस ने व्यापारी को गंभीर हालत में शिवली सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ऋतिक शर्मा।

घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस व मौजूद भीड़। अमृत विचार

शिवली कस्बे के गांधी नगर मोहल्ला निवासी ऋतिक चक्रवर्ती (20) जानवरों की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। शनिवार की भोर पहर वह बाइक से कानपुर बाकरगंज बकरी बेचने जा रहा था। वह शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर प्रतापपुर गांव के पास पहुंचा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ़्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत ट्रक में फंस गया और करीब दो सौ मीटर तक घिसटता चला गया। इसके बाद ट्रक खड्ड में जा घुसा। घटना में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी को बाहर निकाल कर सीएचसी शिवली भेजा। जहां ईएमओ अंकिता चंद्रा ने ऋतिक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां दीपा बदहवास हो गई। जबकि पिता मुकेश उर्फ पप्पू भाई आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता सिकंदरा

- पंप से पेट्रोल लेने जाते समय खोजाफूल में हाईवे पर हादसा

अमृत विचार। खोजाफूल गांव के पास नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दो युवकों को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल को गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

अरविंद कुमार।

अमराहट थाना क्षेत्र के करियापुर गांव निवासी अरविंद (26) व प्रदीप कुमार (45) बाइक पर सवार होकर गांव से महटौली के पहले पंप से पेट्रोल लेने के लिए जा रहे थे। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल मेला मैदान के सामने नेशनल हाईवे पर तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सीएचसी सिकंदरा भेजा। जहां ईएमओ डॉ. पूजा गोयल ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कराई जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नए सत्र से पहले स्कूलों में दूर हो शिक्षकों की कमीः पाठक

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- स्नातक विधायक ने डायरेक्टर बेसिक शिक्षा परिषद से की वार्ता

अमृत विचार। कमीं से जूझ रहे बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में शिक्षकों को कमीं नवीन सत्र से पूर्व पूरी हो। शनिवार को एमएलसी अरुण पाठक ने डायरेक्टर बेसिक शिक्षा परिषद से वार्ता कर इस विसंगति को दूर करते हुए बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती किए जाने के लिए कहा है।

एमएलसी अरुण पाठक।

बता दें कि जनपद कानपुर नगर, देहात व उन्नाव क्षेत्र का स्नातक विधायक अरुण पाठक प्रतिनिधित्व करते हैं। जहां बेसिक शिक्षा के स्कूलों में शिक्षकों की बड़ी मात्रा में कमीं के साथ जनपद में उनकी नियुक्ति में भी विसंगति है। हालत यह है कि जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या अधिक है। वहां शिक्षक कम हैं। जहां शिक्षक हैं तो वहां बच्चे नहीं हैं। शनिवार को एमएलसी अरुण पाठक ने डायरेक्टर बेसिक शिक्षा से नवीन सत्र शुरू होने से पूर्व उक्त समस्या दूर करने के लिए कहा है। समस्या का समाधान करने का आश्वासन डायरेक्टर ने दिया है।

महिला की मौत के बाद अवैध हेल्थ सेंटर सीज

संवाददाता राजपुर

- सीएमओ के निर्देश पर राजपुर पीएचसी प्रभारी ने की कार्रवाई

अमृत विचार। सिकंदरा के मालवीय नगर स्थित एक निजी हेल्थ सेंटर में महिला की गर्भपात के बाद हालत बिगड़ने पर सैफई ले जाते समय रास्ते में मौत होने पर पति ने गलत इलाज का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी थी। मामले में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हेल्थ सेंटर में छापा मारा तो संचालक व कर्मचारी ताला लगातार भाग गए। टीम ने बाहर से अस्पताल को सीज कर दिया।

अवैध हेल्थ सेंटर सीज कर नोटिस चस्पा कराते राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

सिकंदरा कस्बे के मालवीय नगर निवासी नौशाद का आरोप है कि पत्नी रिहाना (30) दो माह की गर्भवती थी। बीती 25 मई को उसकी हालत बिगड़ गई थी। इसपर वह संदलपुर मार्ग स्थित मां पीतांबरा हेल्थ केयर सेंटर ले गए। जहां एक महिला स्टाफ ने अधिक रक्तस्राव होने की बात कहकर पत्नी का गर्भपात करा दिया। जिससे पत्नी की हालत बिगड़ गई। उसके बाद पत्नी को अकबरपुर के एक निजी अस्पताल अस्पताल में भेज दिया। यहां कुछ दिन भर्ती रखने के बाद भी आराम नहीं मिला। इसपर निजी अस्पताल के डाक्टर ने शुक्रवार को सैफई ले जाने की सलाह दी। सैफई ले जाते समय सिकंदरा के सूर्या ओवरब्रिज के पास रिहाना ने दम तोड़ दिया।

निजी अस्पताल में गर्भपात के मामले की चर्चा होने पर सीएमओ ने राजपुर पीएचसी प्रभारी को मामले की जांच सौंपी थी। शनिवार को निजी अस्पताल में जांच करने पहुंची स्वास्थ्य टीम को अस्पताल में ताला लटका मिला। टीम प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हेल्थ सेंटर पंजीकृत नहीं था। नोटिस चस्पा कर उसे सीज कर दिया गया है। इस बाबत सीएमओ को भी रिपोर्ट दे दी गई है।

गोदाम से चोरी की लाही लोडर में लदी मिली, चार गिरफ्तार

संवाददाता रूरा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गुटैहा गांव में करीब पंद्रह दिन पहले गल्ला आढ़तिया के गोदाम से चोरी हुई लाही नहर कोठी पर खड़े लोडर में लदी मिली। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर चालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 23 बोरी लाही बरामद की गई है।

पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी व पीछे खड़ा लाही लदा लोडर। अमृत विचार

- तीन चोर सगे भाई, गुटैहा गांव में 15 दिन पहले आढ़तिया के गोदाम से हुई थी चोरी

गुटैहा गांव स्थित गल्ला आढ़तिया ऋतिक शर्मा के गोदाम से पंद्रह दिन पूर्व लगभग एक लाख 70 हजार रुपये की लाही चोरी हो गई थी। इसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को दी थी। दादी की तबियत अधिक खराब हो जाने के कारण पीड़ित थाने नहीं पहुंच पाया था। शुक्रवार की सुबह व्यापारी जब अपने घर के पीछे नहर कोठी पर टहल रहा था। तभी उसकी नजर वहां खड़े लोडर पर पड़ी। पास जाकर देखा तो उसमे 23 बोरी लाही लदी थी। बोरियों को पहचानने के बाद पीड़ित ने थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने लोडर ड्राइवर समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पीड़ित ऋतिक शर्मा ने बताया कि 22 मई को रात में अज्ञात चोरों ने गोदाम के पीछे वाली दीवार में सेंध लगाकर लगभग साठ बोरी लाही चोरी कर ली थी। शुक्रवार को पकड़े गए चोरों ने पुलिस की पूछताछ में चोरी कबूल की है। इंस्पेक्टर क्राइम ने बताया कि पकड़े गए चोर तीनों सगे भाई है। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम प्रदीप, संजू व प्रमोद उर्फ अल्टर निवासी नहर कोठी गुटैहा बताया है। वहीं लोडर चालक नसीम निवासी जनपद कन्नौज को भी पकड़ा गया है। चारो आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। बाकी माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

डीआईओएस ऑफिस पहुंचाए गए इंटरमीडिएट के अंकपत्र

कानपुर देहात। यूपी बोर्ड से भेजे गए इंटरमीडिएट परीक्षाफल के अंकपत्र डीआईओएस कार्यालय में प्राप्त हो गए हैं। हालाकि अभी हाईस्कूल के अंकपत्रों का आना बकाया है। डीआईओएस कार्यालय से कालेजों को अंकपत्र का वितरण शुरू किया गया है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल को घोषित किया गया था। लोकसभा चुनाव होने से अंकपत्र आने में देरी हुई। अब बोर्ड से इंटरमीडिएट के अंकपत्र, गजट और हाईस्कूल का गजट डीआईओएस कार्यालय भेजा गया है। कॉलेजों से ब्योरे का गजट से मिलान और प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर व मुहर के बाद अंकपत्रों का वितरण छात्र-छात्राओं में किया जाएगा। हाईस्कूल के अंकपत्र आना शेष है। जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र ने बताया कि इंटरमीडिएट के अंकपत्र व गजट तथा हाईस्कूल का गजट कालेजों को वितरित किया जा रहा है।

स्पोर्ट्स फार स्कूल कार्यक्रम बेहतर ढंग से होगा लागू

- पीपीपी मॉडल पर चलाया जाएगा वेब पोर्टल

कानपुर देहात। माध्यमिक और परिषदीय स्कूलों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स फार स्कूल कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। अब इसे बेहतर ढंग से लागू कराने के लिए सभी विद्यालयों में ऐसे छात्र-छात्राएं जो अच्छे खिलाड़ी हैं, उनका ब्योरा और प्रशिक्षकों व खेल सुविधाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी आनलाइन उपलब्ध रहेगी।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों व बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी विद्यालयों का इस वेब पोर्टल पर ब्योरा अपलोड कराएं। माध्यमिक शिक्षा विभाग और डीपीएस टेक मैनेजमेंट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के बीच इसे लेकर समझौता (एमओयू) किया गया है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर इस वेब पोर्टल को चलाया जाएगा और इसके माध्यम से अच्छी खेल प्रतिभाएं सामने आएंगी। इससे उन्हें पोषण में सहयोग, प्रशिक्षक तथा खिलाड़ियों की क्षमता विकास में मदद मिलेगी। इस वेब पोर्टल पर छह श्रेणियों में पंजीकरण करना होगा। सभी माध्यमिक व परिषदीय स्कूलों के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं, खेल प्रशिक्षकों, खेल उपकरणों, खेल टीमों का पंजीकरण कराना होगा और अन्य साझा कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। जिससे अच्छे खिलाड़ी तैयार करने में मदद मिलेंगी।

दो भैंस चोरी, संदिग्ध से पूछताछ

रूरा। थाना क्षेत्र के हारामऊ निवासी गुड्डी देवी ने बताया कि बीते बुधवार की सुबह उसने दो भैंसों को चराने के बाद छांव में बांध दिया था। जिसके बाद वह घर आकर सो गई। शाम को जब वह भैसों को चारा देने के लिए गई तो गायब मिली। काफी खोजबीन करने के बाद भी भैसों का कुछ पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के बाद एक संदिग्ध को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है।

कार सवार को लूटने का 3 लोगों पर लगा आरोप

संवाददाता मूसानगर

- पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी

अमृत विचार। देवराहट थाना क्षेत्र के मऊदन गांव में रिश्तेदारी से मूसानगर लौट रहे कार सवार किसान ने लिफ्ट मांगकर एक युवक व दो अज्ञात पर नगीना बांगर के जंगलों में तमंचा लगाकर 25 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर छानबीन कर रही है।

मंगलपुरवा गांव निवासी ज्ञान सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बीती 6 जून को रिश्तेदारी में कार्यक्रम होने के कारण देवराहट थाना क्षेत्र के मऊदन गांव गया था। उसी रात जब वह मऊदन से मूसानगर की ओर आ रहा था। तभी बम्हरौली घाट के एक युवक ने मुगल रोड में छोड़ने की बात कह कर लिफ्ट मांगी और गाड़ी में बैठ गया। नगीना बांगर गांव के बाहर बाइक में सवार होकर दो अज्ञात युवक आए और कार ओवरटेक करके रोक ली। इसके बाद कार का गेट खोलकर अंदर बैठ गए। आरोप है कि युवक ने कनपटी में तमंचा लगा लिया और पुत्र का फोन मिलवाकर कर जान से मारने की धमकी देते हुए फिरौती की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर युवक ने अपने अज्ञात दो साथियों के साथ मिलकर जेब में पड़े 25 हजार रुपये, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित जरूरी कागजात लूट लिए। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मौके पर जाकर जांच की गई तो पता चला शराब पीने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। लूट का मामला संदेहजनक प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है।

बेहाली का आलम | कार्यकाल के दौरान बंदी तालाब पर लाखों रुपये खर्च कर बनाया था अमृत सरोवर

पूर्व राष्ट्रपति के गांव में ही सरोवर को 'अमृत' की दरकार

संवाददाता डेरापुर

अमृत विचार। अफसर चाहे लाख दावा करें, लेकिन गर्मी के इस भीषण तालाब भराने के वादे हवाहवाई साबित हो रहे हैं। कुछ इसी तरह का हाल पूर्व राष्ट्रपति के पैतृक गांव परौंख में बने सरोवर का है, जो बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज है। जिससे पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

गर्मी शुरू होने पर शासन से लेकर जिलास्तर पर अधिकारी ने सभी गांवों में कम से कम एक तालाब पानी से भराने के निर्देश दिए थे, इसके बावजूद तालाबों में धूल उड़ रही है। डेरापुर ब्लाक अंतर्गत पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव परौंख में बना तालाब कभी बंदी तालाब के नाम से जाना जाता था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बचपन में इसी तालाब में अपने दोस्तों के साथ तैरा करते थे। मौजूद समय में इसकी पहचान अमृत सरोवर के रूप में है।

पानी न होने से सूखा पड़ा परौंख का अमृत सरोवर। अमृत विचार

> परौंख में बने अमृत सरोवर में पानी न होने की जानकारी ग्रामीणों से मिली है। सचिव को तत्काल पानी भराने के निर्देश दिए गए हैं।
> –शिव गोविंद पटेल, खंड विकास अधिकारी

पूर्व में प्रशासन ने मवेशियों का तालाब में प्रवेश रोकने के लिए जाली लगाई थी और तालाब किनारे लोगों के टहलने के लिए पथ का निर्माण किया गया था। सुंदरीकरण के दौरान ठेकेदार सरोवर की मछलियों को भी निकाल कर दूसरे तालाब में ले गए थे।

चारो तरफ अशोक स्तंभ लगे

तालाब को करीब 20 फीट गहरा बनाया गया था और इसके चारो तरफ अशोक स्तंभ भी लगाए गए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कार्यकाल में अफसरों ने अमृत सरोवर का जमकर रंगरोगन कराकर पानी से भी लबालब किया था, लेकिन मौजूदा समय में सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है और इस भीषण गर्मी के मौसम में धूल उड़ रही है। जिससे पशु-पक्षियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग के अफसरों से शिकायत करने के बावजूद यहां पानी भरवाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया।

सार-संक्षेप

राजपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

बकरीद में प्रतिबंधित जानवरों की नहीं दी जाएगी कुर्बानी

राजपुर। सटटी थाने में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान सभी त्योहारों को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। शनिवार को सटटी थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने लोगों से सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि बकरीद में कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं करेगा। सभी मस्जिद व ईदगाहों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करते हुए शंतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी चीज को शेयर करने से पहले उसकी जांच पड़ताल अवश्य कर लें। माहौल बिगाड़ने वाले किसी भी संदेश को बिलकुल साझा न करें। त्योहार में खलल डालने वालों की कड़ी निगरानी की जाएगी। इस मौके पर प्रधान इरफान अहमद, अयाजुल हसन, दानिश, मौलाना अब्दुल रहमान, कल्याण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

कूड़े ढेर में संदिग्ध हालात में लगी आग, गाय झुलसी

रूरा। थाना क्षेत्र के जजमुईया गांव के मजरा सुनवर्षा में शनिवार की दोपहर आबादी के किनारे जमा कूड़े के ढेर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आसपास में खड़े पेड़-पौधों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से पास में रखे ग्रामीणों का ईंधन भी जलकर राख हो गया। इसी दौरान एक गाय भी आग की चपेट में आकर झुलस गई। ग्रामीणों ने दमकल टीम को सूचना दी, लेकिन दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

कूडे. में लगी आग बुझाते लोग।

बिना अनुमति लकड़ी कटान पर 17 हजार रुपये जुर्माना

मंगलपुर। हिसावा गांव में लकड़ी से लदा हुआ एक ट्रैक्टर वन टीम ने पकड़ लिया। आरोपियों पर 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के हिसावा गांव में कुछ समय पूर्व एक आम का पेड़ तेज आंधी में टूटकर गिर गया था। जिसकी लकड़ी माफिया बिना परमिशन के कटान कर ले जा रहे थे। इसकी सूचना लोगों ने वन अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची वन टीम ने लकड़ी से लदा ट्रैक्टर पकड़ लिया और क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यालय झींझक में ले जाकर खड़ा करा दिया। कटान करने वालों से 17 हज़ार रुपये का जुर्माना वसूल कर उसे छोड़ दिया गया।

वनाधिकारी कार्यालय में खड़ा ट्रैक्टर।

सबमर्सिबल खराब होने से शोपीस बनी खड़ी पानी की टंकी

राजपुर। शाहजहांपुर में सड़क किनारे क्षेत्र पंचायत निधि से लगवाई गई पानी टंकी की सबमर्सिबल खराब होने से एक वर्ष से शोपीस बनी है। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए राहगीरों व दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद सबमर्सिबल की मरम्मत नहीं कराई गई है। अमरौधा ब्लॉक के शाहजहांपुर कस्बे में सड़क किनारे सटटी थाना के बाहर वर्ष 2021 में जल निगम ने एक लाख 21 हजार रुपये की लागत से पानी की टंकी बनवाई थी। करीब एक वर्ष पहले टंकी का सबमर्सिबल खराब होने से केवल शोपीस बनकर रह गई है। कस्बे के व्यापारी अरविंद कुमार, सुरेश कुमार, राजू गौतम, शिव शंकर, शरदार पाल, अरुण कुमार, अरविंद कुमार आदि ने बताया कि पानी टंकी का सबमर्सिबल एक साल से खराब है। समस्या की शिकायत कई बार जल निगम और ब्लॉक के अफसरों से गई, लेकिन समस्या का कोई निस्तारण नहीं हुआ। इस बावत शाहजहांपुर ग्राम प्रधान पप्पी देवी ने बताया कि दो माह पहले सबमर्सिबल की मरम्मत कराई गई थी। उसके बाद भी पानी की सप्लाई नहीं आई। ब्लॉक अफसरों को लिखित जानकारी दी गई है। ग्राम पंचायत अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि सबमर्सिबल की खराबी जल्द ही दूर कराई जाएगी।

शाहजहांपुर में रखी पानी टंकी।

पेट्रोलियम संयंत्र का दौरा करती एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

एनडीआरएफ कर्मियों ने पेट्रोलियम संयंत्र का किया दौरा

कानपुर देहात। एनडीआरएफ ग्यारह के डीआईजी मनोज कुमार शर्मा व डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में वाराणसी से आई राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम व जिला आपदा विशेषज्ञ ने एरिया फैमिलाराईजेशन के तहत एमएएच यूनिट कनोदिया पेट्रोलियम जैनपुर का भ्रमण किया गया। साथ ही वहां के सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ ने कहा कि जनपद के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील संयंत्रों में आपदा प्लान का होना आवश्यक है। जिसमें अग्निशन प्रणाली, आपातकालीन अलार्म प्रणाली, आपातकालीन निकास मार्ग व समय-समय पर मॉकड्रिल का आयोजन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जिससे किसी भी प्रकार की आपदा से होने वाले प्रभाव को कम किया जा सके। इस दौरान एनडीआरएफ टीम के कमांडर जितेंद्र सिंह यादव के साथ पंद्रह सदस्यीय टीम एवं जिला आपदा प्रबंधन के आपदा एक्सपर्ट अश्विनी कुमार मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

रूरा। थाना क्षेत्र के लालपुरवा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चल गए। लालपुरवा बनीपारा निवासी शिवांशी ने बताया कि उसकी तीन वर्षीय पुत्री पड़ोस में बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी बच्चे आपस में लड़ गए। जब वह रानी के घर उलहाना देने गई तो वह आक्रोशित होकर मारपीट करने लगी। वहीं दूसरे पक्ष की रानी देवी ने बताया कि उसका पुत्र आयुष बाहर खेल रहा था। तभी पड़ोस की बच्ची निशा ने उसे थप्पड़ मार दिया। इसकी शिकायत करने वह जब उनके घर गई तो मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मारपीट की तहरीर मिली है। मौके पर पुलिस को जांच के लिए भेजा गया है।

मां-बेटी से मारपीट व अपशब्द बोलने में रिपोर्ट दर्ज

मूसानगर। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुत्री के साथ मारपीट करने व एससीएसटी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि बीती 25 मई की शाम घर के बगल में लगे हैंडपंप में पुत्री पानी भरने गई थी। तभी गांव के ही शिवम् कुमार वहां आकर अश्लील शब्दों का प्रयोग करने लगा। पुत्री ने विरोध किया तो उसने गर्दन पकड़ कर जमीन में गिरा दिया और लात-घूसों से मारपीट करने लगा। वह शोर सुनकर मौके पर पहुंची और मना किया तो शिवम कुमार ने उसे भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। इस बावत थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

संदिग्ध हालात में सड़क किनारे मिला युवक का शव

सीने, पैरों पर मिले चोट के निशान, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता फतेहपुर, चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। शुक्रवार सुबह घर से निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में सड़क किनारे पड़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसमें उसके सीने और पैर में चोट मिली है। इससे किसी वाहन से टक्कर लगने के कयास भी लगाए जा रहे हैं। शक के आधार पर साथ में देखे गए एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

थानाक्षेत्र के ओसियां गांव के मजरा नैनीखेड़ा निवासी रामदीन (35) पुत्र मिश्री लाल का शव शनिवार सुबह सफीपुर-मियांगंज मार्ग पर बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग से जोड़ने वाली शारदा नहर पटरी के किनारे बनी सड़क के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा देख लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे और उसकी हत्या किए जाने का शक जताया। छोटे भाई ओमकार ने बताया कि रामदीन शुक्रवार सुबह घर से निकला था। वह कहां जा रहा था यह नहीं बताया था। देरशाम तक घर न लौटने पर उसकी तलाश की गई। इसके बाद शनिवार को गुमशुदगी दर्ज करानी थी। तभी शनिवार सुबह शव पड़ा मिलने की जानकारी हुई। बताया कि उसकी शादी नहीं हुई थी। वह आठ भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था और मजदूरी कर जीविका चलाता था। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि भाई की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

बिलखते परिजन। अमृत विचार

- थानाक्षेत्र के ओसियां गांव के मजरा नैनीखेड़ा का मामला

घर के बाहर सो रहे युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। औरास थानाक्षेत्र के दृगपाल खेड़ा गांव में घर के बाहर चारपाई में सोया युवक के सुबह मृत पड़ा मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसमे मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। वहीं, युवक के पेट में जहरीले पदार्थ के लक्षण देख बिसरा सुरक्षित किया गया है।

अवध।

दृगपाल खेड़ा गांव निवासी अवध (22) पुत्र स्व. ज्ञानेंद्र टेंट हाउस में मजदूरी करता था। शुक्रवार रात वह काम से वापस लौटा और सभी के साथ खाना गया। इसके बाद वह घर के बाहर चारपाई डालकर सोने चला गया। शनिवार सुबह उसके सोकर न उठने पर बहन गुड़िया उसे जगाने पहुंची। लेकिन, उसके शरीर में कोई हरकत न देख उसने शोर मचाया। परिजन व पड़ोसी पहुंचे और उसे हिला कर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। संदिग्ध मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां परीक्षण के दौरान मौत का कारण साफ नहीं हुआ और उसके शरीर में जहरीले पदार्थ के लक्षण मिलने पर बिसरा सुरक्षित किया गया। जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। युवक की अभी शादी नहीं हुई थी। बताते हैं कि आठ साल पहले उसके पिता की भी इसी तरह संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई थी। वह तीन भाईयों में बड़ा था।

अर्चित ने लखीमपुर खीरी के शिवम के साथ जीती राज्य चैंपियनशिप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। गाजियाबाद में हुई मेजर अंडर-19 बैडमिंटन टूर्नामेंट-2024 के डबल्स मुकाबले में जिले के अर्चित सिन्हा ने लखीमपुर के शिवम के साथ जोड़ी बनाकर खेलते हुए जीतने में कामयाबी हासिल की। इस जोड़ी को विजेता के तौर पर ट्राफी के साथ एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ। अब लखनऊ व प्रयागराज में होने वाले मुकाबले में सफलता प्राप्त होने पर उन्हें पिछले वर्ष की तरह राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलने का फिर मौका मिल सकता है।

अर्चित पिछले करीब डेढ़ साल से लखीमपुर खीरी के शिवम के साथ जोड़ी बनाकर लखनऊ में रहते हुए बैडमिंटन का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने गाजियाबाद में हुई राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में नोएडा के उज्जवल तोमर व उज्जवल को सीधे सेटों में 21-17 व 21=17 से हरा कर खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं इससे पहले सेमी फाइनल में भी गाजियाबाद के कपिल सालोनिया व सनरेक चौरसिया की जोड़ी पर 21-16 व 21-12 से सीधे सेटों में हराया। यह प्रतियोगिता चार से सात जून तक आयोजित हुई। विजेता खिलाड़ियों को गाजियाबाद विधायक अजीत पाल त्यागी ने ट्राफी सहित एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया। विजेता के रूप में शहर आए बैडमिंटन खिलाड़ी को सदर विधायक पंकज गुप्ता, सभासद बृजेश पांडेय, सभासद अतुल वर्मा, डीआईओएस एसपी सिंह, नवीन सिन्हा, प्रदीप सिंह, पवन सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, पीके मिश्रा, ऋषभ पांडेय, मयंक कुमार, विक्रम सिंह, ओम मिश्रा, मनीष दीक्षित, विकास सिन्हा, मनीष सेंगर आदि ने बधाइयां दीं। वह शहर के मोतीनगर निवासी रवि सिन्हा व ललिता सिन्हा बेटे हैं।

ट्राफियों के साथ विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी अर्चित सिन्हा व शिवम।

- गाजियाबाद में विजेता बनने पर ट्राफी सहित खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ एक लाख का पुरस्कार

हादसे में पंचायत मित्र व युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बिहार थानांतर्गत बक्सर मार्ग पर शुक्रवार देररात सड़क हादसे में पंचायत मित्र सहित दो युवकों की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हादसे के बाद रात में पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई। पंचायत मित्र के परिजनों के मुताबिक यदि सुमेरपुर पीएचसी में डाक्टर मौजूद होते तो शायद उसकी जान बच सकती थी।

बिहार-बक्सर मार्ग पर एक ढाबा के पास रात करीब 11 बजे दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें बिहार थानांतर्गत तौधकपुर गांव निवासी गोपाल तिवारी (22) पुत्र तरुण की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक चला रहा पंचायत मित्र प्रदीप (35) पुत्र जगन्नाथ गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से प्रदीप को सुमेरपुर पीएचसी लाया गया। जहां किसी डाक्टर के न मिलने पर फार्मासिस्ट उमेश ने उसका इलाज कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां पहुंचने से पहले उसकी सांसे थम गईं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह ब्लाक गया था। दूसरी बाइक में टक्कर हो गई। मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रदीप की मौत से पत्नी अनीता, बड़ा भाई राजू, बच्चों में दिव्यांश, कुनाल और प्रियांशी बेहाल हैं।

वहीं, दूसरे युवक गोपाल के माता-पिता चांदा महाराष्ट्र में रहते हैं। वह अपने चाचा मोहन तिवारी के साथ रहता था। चाचा ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। गोपाल के एक भाई ने दो साल पहले आत्महत्या कर ली थी। एक भाई और एक बहन हैं। वह माता-पिता के साथ रहते हैं। गांव में खेती की देखरेख के लिए चाचा के साथ था।

प्रदीप।

- बिहार-बक्सर मार्ग पर देररात हुआ हादसा
- पीएचसी में नहीं मिले डाक्टर व फार्मासिस्ट

चोरी के माल के साथ पुलिस ने दो शातिरों को पकड़ा

शुक्लागंज, उन्नाव । कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि चंपापुरवा निवासी रिंकू रावत के घर सोमवार मध्य रात्रि चोरों ने नकदी, जेवर समेत माल पार कर दिया था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्रखर जी महराज मोड ट्रांस गंगा सिटी के पास चंपापुरवा निवासी करन और राजा झा को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने उनके पास से चोरी गया 7 जोड़ी बच्चो के कंगन, 8 जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी टप्स, 2 बच्चो की हाय बरामद किया। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार कोर्ट भेजा है।

नवीन मंडी में पानी की किल्लत, आरओ प्लांट बने शोपीस

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। तेज धूप और भीषण गर्मी में नवीन मंडी के व्यापारी पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। मंडी परिसर में लाखों की लागत से लगे आरओ प्लांट खराब पड़े होने से किसान व व्यापारी खरीद कर पानी पीने को मजबूर है। जबकि, इन्हीं किसानों और व्यापारियों से मंडी को रोजाना लाखों की आय होती है।

करोड़ों रुपये के टर्नओवर वाली नवीन मंडी की व्यवस्था बदहाल है। व्यापारियों व किसानों में कल्लू, रजा मोहम्मद आसिफ, सुल्तान, कमलेश, विमल, अकरम अली, निर्मला देवी, हेमलता, बिंदेश्वरी देवी ने बताया कि मंडी समिति से कई बार पानी की समस्या को लेकर शिकायत की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। लंबे समय से वाटर कूलर बनवाने की मांग की जा रही हैं। लेकिन मंडी की स्थिति यह है कि यहां के व्यापारी रोजाना 60 से 70 जार पानी खरीद कर पीते हैं। थोक नवीन फल व सब्जी मंडी में रोज मंगतखेड़ा, बिछिया, नवाबगंज, शुक्लागंज, अचलगंज, माखी, परियर, सफीपुर, हसनगंज व कानपुर नगर सहित अन्य जिलों के व्यापारी फल, सब्जी व गल्ला खरीदने और बेचने आते हैं। यहां फल की एक दर्जन दुकानें, सब्जी की 20 से 30 दुकाने और गल्ले की 3 से 4 दुकानें हैं। लेकिन, सुविधाओं के नाम पर नवीन मंडी बदहाल है। साफ-सफाई की सुचारु व्यवस्था मंडी में न होना आम है। लेकिन, इस तेज गर्मी में व्यापारियों के लिए सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। मंडी प्रशासन की तरफ से पेयजल के लिए टंकी बनाई गई है। जिसमें कई दिन का पानी एकत्र रहता है। यहां एक दो हैंडपंप छोड़कर अधिकतर खराब हैं। यहां आने वाले व्यापारियों का कहना है कि वे लोग कई बार मंडी प्रशासन से खराब आरओ प्लांट सही करवाने की मांग की है।

मंडी परिसर का खराब आरओ प्लांट। अमृत विचार

क्या बोले जिम्मेदार

मंडी सचिव सुधीर सिंह ने बताया कि नए आरओ प्लांट लगवाने के लिए बजट की मांग की गई हैं। बजट आने पर जल्द आरओ प्लांट लगवाएं जाएंगे।

फैनबेल्ट टूटने से खड़ी हो गई बस, यात्री हुए परेशान

हाईवे पर खराब खड़ी रोडवेज बस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बहराइच से कानपुर जा रही रोडवेज बस शनिवार दोपहर करीब 12 बजे लखनऊ-कानपुर हाइवे पर पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के सामने रोडवेज बस अचानक खराब हो गई।

आजाद नगर डिपो की बस बहराइच से करीब 27 सवारियों को लेकर बंथरा, बनी, सोहरामऊ, नवाबगंज व दही चौकी होते हुए कानपुर के लिए रवाना हुई थी। लखनऊ-कानपुर हाइवे पर पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के सामने पहुंचते ही बस की फ़ैनबेल्ट व पंखिया टूटने से इंजन बंद हो गया। जब बस चालू नहीं हुई तो यात्रियों ने पूछताछ की तो चालक ने बताया कि बस खराब हो गई है। स्टार्ट नहीं हो रही है। इस कारण बस अब कानपुर नहीं जा पाएगी। कुछ ही देर में चालक ने इसकी सूचना आज़ाद नगर व उन्नाव स्थित रोडवेज वर्कशॉप को दी। इसके बाद वर्कशाप के कर्मचारियों ने वहां आकर बस की मरम्मत शुरू की। इधर यात्री काफी समय खराब होने व उमस भरी गर्मी के कारण परेशान रहे। इसके बाद पीछे से आ रही लखनऊ-कानपुर रोडवेज की दूसरी बस से यात्री अपने गमतव्य को रवाना हुए।

कोर्ट के आदेश पर कब्र से निकला गया किशोरी का शव

संवाददाता चकलवंशी, उन्नाव

अमृत विचार। माखी थानाक्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी की करीब तीन माह पहले संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों ने गांव के खेत में दफन कर दिया था। मां ने बेटी से गैंग रेप के बाद उसकी हत्या किये जाने की बात कह माखी पुलिस पर गंभीर आरोप लगा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में शनिवार को शव खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। डाक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच शव का परीक्षण किया। समय अधिक होने व शव के गलने के कारण सही कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इसके बाद बिसरा सुरक्षित कर रेप की आशंका की वजह से स्लाइड बनाई गई है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के एक गांव में बीती 13 मार्च को एक 17 वर्षीय किशोरी का शव घर के बरामदे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। परिजनों ने पुलिस के कहने के बाद भी आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगा पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था। परिजनों ने उसका शव गांव के भर खेत में दफन कर दिया गया था। दिवंगत किशोरी की मां ने बताया कि उसने डीएम व एसपी ने भी गुहार लगाई थी लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस पर सीजेएम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिसमें उसने बताया कि घटना वाले दिन उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इसका पता गांव में अपनी ननिहाल में रह रहे अचलगंज थानाक्षेत्र के रिठनई गांव निवासी अनीत, उसके भाई विनीत, फदलापुर गांव निवासी उसका मौसेरा भाई संदीप व अन्य रिश्तेदार पप्पू और रामजी ने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया और शव बरामदे में दुपट्टे के सहारे लटका दिया था। पुलिस ने शव दफन करवा दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 23 अप्रैल को सभी पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ शव का पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया था। 17 मई को पुलिस ने पांचों पर हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को संयुक्त विशेष अभियोजन रामकिशोर पांडेय, सफीपुर एसडीएम नवीनचंद्र, सीओ ऋषिकांत शुक्ला की मौजूदगी में मजदूरों व जेसीबी की मदद से शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पैनल में शामिल डा. अमित श्रीवास्तव व डा. शोएब निसार ने वीडियो ग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। मौत कारण और दुष्कर्म होने की पुष्टि न होने पर विसरा सुरक्षित करने के साथ सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनाई गई है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि शव का पैनल और वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

कब्र से शव निकलवाते अधिकारी। अमृत विचार

- 13 मार्च-2024 को किशोरी की संदिग्ध परिस्थिति में हुई थी मौत
- मां ने बेटी से गैंगरेप के बाद हत्या कर शव लटकाने का लगाया था आरोप

सार-संक्षेप

पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

नवाबगंज, उन्नाव । अजगैन कोतवाली अंतर्गत चमरौली गांव निवासी एक युवक का शव घर से कुछ दूर पेड़ में रस्सी के फंदे से लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे शव देख बिलख उठे। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव निवासी अंकुर (20) पुत्र छेदी का शव शनिवार सुबह गांव के बाहर जंगल में नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे लटका मिला। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग की मौत

उन्नाव। कोरारी खुर्द गांव निवासी अजमेरी (25) पुत्र कल्लू दाहिने पैर से दिव्यांग था। पिता ने बताया कि वह अक्सर घर से बिना बताए निकल जाता था। शुक्रवार को भी वह सुबह घर से निकला था। देररात वह गांव के बाहर उन्नाव-प्रयाग रेल रूट के कोरारी रेलवे हाल्ट पर प्रयाग पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। रेल कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास कराए लेकिन, उस वक्त सफलता नहीं मिली। सुबह सोशल मीडिया की मदद से ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने परिजनों को बताया। मोर्चरी पहुंचे पिता ने उसकी शिनाख्त की।

राजस्व टीम ने हटवाया अतिक्रमण

उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी पूर्व चेयरमैन प्रमोद श्रीवास्तव, संतोष तिवारी सहित दर्जन भर लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया था कि मोहल्ला स्थित भूमि संख्या-1868 पर मां आनंदेश्वरी देवी का मंदिर है। उस भूमि पर तालाब भी बना है। उस भूमि को करीब 50 वर्ष पूर्व जमींदार रामसेवक शुक्ला ने मंदिर के लिए दान दिया था। उस भूमि के बगल में भूमि संख्या-1869 है। जिसे चेयरमैन रेनू गुप्ता व उनके पति राजू गुप्ता द्वारा कुछ दिन पूर्व खरीदा गया था। मंदिर पक्ष के लोगों का आरोप है कि चेयरमैन द्वारा मंदिर के ऐतिहासिक तालाब में पंपिंग सेट लगाकर पूरा तालाब का पानी निकाल दिया गया और तालाब की मछलियों का भी शिकार किया गया। तालाब व नाले की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके चलते जल निकासी की भी समस्या बन गई है। मंदिर पक्ष के लोगों द्वारा चेयरमैन व उनके पति से निर्माण रोकने को कहा गया लेकिन, निर्माण रोका नहीं गया है। जिससे लोगों में भारी रोष है। इसके बाद मंदिर संरक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, पुजारी संतोष तिवारी आदि ने एसडीएम रणवीर सिंह को शिकायती पत्र दिया। जिस पर एसडीएम ने लेखपाल प्रशांत दीक्षित, मर्दन सिंह, प्रशांत पाण्डेय सहित अन्य राजस्व टीम को मौके पर भेजा। टीम ने पहुंचकर जांच की जिसमें मौके पर मंदिर व तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा मिला। राजस्व विभाग के प्रशांत अवस्थी ने बताया कि भूमि की नाप जोख के दौरान मंदिर की भूमि व तालाब पर अवैध कब्जा पाया गया था। जिसे हटा दिया।

करंट की चपेट में आई महिला, रेफर

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव पलिया निवासी अनूप की 23 वर्षीय पत्नी प्रीती शनिवार को घर में विद्युत उपकरण दुरुस्त कर रही थी। तभी वह अचानक तेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

शिक्षकों की कमी पर एमएलसी ने निदेशक से की बात

उन्नाव। उप्र उच्च प्राथमिक शिक्षक (पूर्व माध्यमिक) के पदाधिकारियों ने स्नातक एमएलसी अरुण पाठक को शिक्षकों की कमी से शिक्षण कार्य कराने में हो रही कठिनाई बताई। इस पर एमएलसी ने निदेशक बेसिक शिक्षा से फोन पर वार्ता करते हुए समस्या का निराकरण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के भरोसे परिषदीय शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी नहीं बनाया जा सकता है। बता दें कि हर साल शिक्षक-शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले से पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता की समस्या और अधिक बढ़ती जा रही है। संघ पदाधिकारियों ने एमएलसी को बताया कि जिले में दो दर्जन से अधिक विद्यालयों में शिक्षक ही नहीं तैनात हैं, जिससे शिक्षामित्र व अनुदेशक ही शिक्षण कार्य के साथ अन्य विद्यालयी व्यवस्था संभाल रहे हैं। इस पर एमएलसी ने विभागीय निदेशक से फोन पर वार्ता करते हुए समस्या का समाधान कराने पर जोर दिया।

एबीसी केबल जलने से आदर्श नगर की 15 घंटे गुल रही बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। आदर्श नगर मोहल्ले में मध्य रात्रि विद्युत आपूर्ति के दौरान एबीसी केबल धू-धू कर जल गई। जिससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। दोपहर के समय बिजली न आने पर लोग गर्मी में परेशान हो गये। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने जली केबिल हटाकर नई एबीसी केबिल डाली। इस दौरान 15 घंटे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। रात करीब तीन बजे आदर्श नगर की एक गली में विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान एबीसी लाइन ओवर हीट हो गई। जिससे धू धू कर जल गई। एबीसी जलने की सूचना बिजली विभाग को दी गई।

अव्यवस्था सरवन ड्रेन और मौरावां रजबहा में भीषण गर्मी के मौसम में उड़ रही धूल

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के गृह ब्लाक हिलौली में सूख गए तालाब

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सीडीओ प्रेम प्रकाश के निर्देश के बाद भी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के गृह ब्लाक हिलौली में पीने के पानी का जबर्दस्त संकट है। एक ओर जहां तालाब, रजबहा व सरवन ड्रेन (नाला) सूखा पड़ा होने से पशुओं को प्यास बुझाने की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

सई नदी के इस तटवर्ती ब्लाक क्षेत्र में ही जहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष का पैतृक गांव लउआ स्थित है। वहीं सपा के पूर्व विधायक उदयराज यादव सहित पूर्व एमएलसी सुनील साजन के पैतृक गांव भी इसी ब्लाक में शामिल हैं। पूर्व में जहां मौरावां रजबहा व इससे जुड़ी आधा दर्जन से अधिक माइनर (शाखाओं) से गर्मियों में तालाबों को भर दिया जाता था। वहीं सरवन झील से निकलकर संदौली, बहवा, पारा व गौरी आदि गांवों से होते हुए लउवा के पास सई नदी में गिरता है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 29 किमी लंबी सरवन ड्रेन में कभी वर्ष पर्यंत बहाव बना रहता था। इससे गर्मी के दिनों में दुधारू पशुओं को पीने के पानी की दिक्कत होती थी। यही नहीं तालाबों व ड्रेन में पानी न होने से क्षेत्र का भूगर्भित जलस्तर लगातार नीचे जाता जा रहा है। इससे क्षेत्र के तमाम देशी हैंड पंप पानी देना बंद कर चुके हैं। वहीं अधिकांश इंडिया मार्का हैंड पंप भी जरूरत के मुताबिक पानी नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। यही हाल निजी सबमर्सिबल बोरिंग का भी है।

विभिन्न गांवों के लोगों ने बताया कि सबमर्सिबल बीच-बीच में बालू युक्त पानी देने लगते हैं। इस बार प्रशासन लोकसभा निर्वाचन-2024 संपन कराने में जुटा रहा, जिससे तालाबों को भरवाने के प्रति तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने कोई तवज्जो नहीं दी। चुनाव के बाद सीडीओ ने सभी बीडीओ को तालाब भरवाने का आदेश जारी किया, लेकिन तब क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले मौरावां रजबहा में पानी न होने से तालाबों को नहीं भरा गया। सरवन झील में जरूरत के मुताबिक पानी न होने से ड्रेन में भी धूल उड़ रही है। इससे ब्लाक क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गावों के हजारों पशु पालकों को अपने पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है।

गर्मी के चलते सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

सूखा पड़ा मौरावां रजबहा। अमृत विचार

सूखा सरवन ड्रेन।

जंगल नष्ट होने से हिरन बन रहे शिकार

सरवन ड्रेन व रजबहा के आसपास वन भूमि पर स्थित जंगल में एक सैकड़ा से अधिक हिरन व बारहसिंघा सहित अन्य जंगली पशुओं का आश्रय स्थल बना रहता था। इस बार आग लगने से जंगल नष्ट हो चुका है। साथ ही पीने को पानी भी नहीं मिल रहा है। इससे यहां रहने वाले तमाम पशु पलायन कर सई नदी के दूरस्थ तटवर्ती स्थान को अपनी शरण स्थल बना चुके हैं। हालांकि मूल स्थान से मोह न भंग होने से वे भटककर बस्ती के पास पहुंचते हैं जहां वे शिकारियों के शिकार बन रहे हैं। वन दरोगा व अन्य कर्मी क्षेत्र का भ्रमण कर शिकारियों द्वारा पशुओं की हानि रोकने को तवज्जों नहीं दे रहे है। इससे क्षेत्र के पशु प्रेमियों में रोष है।

- पानी न होने से सीडीओ के आदेश पर तालाब भरवाने में असमर्थ रहे अफसर

तीन घरों से लाखों रुपये के जेवर और नकदी ले गए चोर

हसनगंज उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर तोंदा गांव के बाहर पूर्व प्रधान के मकान में किराए पर रह रहे ई-रिक्शा चालक व बाइक मिस्त्री के कमरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने नगदी-जेवर पार दिये। सुबह ताला टूटा देख लोगों ने इसकी जानकारी पूर्व प्रधान को दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच कर लौट गई। वहीं बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत रबड़ी गांव में चोरों ने एक घर में धावा बोलकर जेवर व नगदी पार कर दी। इसी कोतवाली क्षेत्र में नेवल गांव चोरों ने किसान का सोलर पैनल और उसकी बैट्री पार कर दी।

केस 01 **हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर तोंदा निवासी पूर्व प्रधान प्रकाश कनौजिया का गांव के बाहर एक मकान है। जिसे उन्होंने ई-रिक्शा चालक सत्तार पुत्र रज्जाक व बाइक मिस्त्री प्रदीप पुत्र महेश निवासी गांव औरास को किराए पर दे रखा है। गुरुवार को सत्तार व प्रदीप परिवार के साथ अपने-अपने रिश्तेदारों के यहां गए थे। घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा था। शुक्रवार रात चोर मेनगेट ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। दोनों किरायेदारों के कमरों में रखे बक्सों का ताला तोड़कर जेवर व नगदी उठा ले गए। चोरों ने इनवर्टर और उसका बैटरा भी पार कर दिया। सुबह वहां से निकले ग्रामीणों ने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख मकान मालिक को सूचना दी। जानकारी होने पर किरायेदार भी पहुंचे और कीमती सामान गायब देख बिलख उठे। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की।

केस 02 **बांगरमऊ।** रबड़ी गांव निवासी अनिल पुत्र मंशाराम शुक्रवार रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ सोने चले गए। रात में चोर घर के अंदर दाखिल हुए और दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रखी आलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर उनमें रखे जेवर व नगदी बटोर ले गए। सुबह उठने पर गृहस्वामी को इसकी जानकारी हुई। उसने पहले पीआरवी को फोन से सूचना दी। बाद में कोतवाली में इसकी तहरीर दी। उनके मुताबिक चोर जेवर व नगदी सहित 10 लाख का माल ले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि बताया कि उसकी पत्नी खुशबू स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है। उसके करीब चार लाख के जेवर घर पर रखे थे। वहीं उसकी चचेरी बहन की 26 अप्रैल को ही शादी हुई थी। उसके छह लाख कीमत के जेवर भी उसके घर में ही रखे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केस 03 **बांगरमऊ।** कोतवाली के गांव नेवल निवासी शिवराज पाल पुत्र नन्हे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के पास स्थित उसके खेत के पास वह जानवर बांधता है। देखरेख के लिए वह रात में वहीं रुकता भी है। इसके लिए उसने वहां सौर ऊर्जा चलित लाइट लगा रखी है। शुक्रवार रात वह खाना खाने घर गया था। तभी अज्ञात चोर सोलर पैनल व बैटरी चोरी कर ले गए। इसके पूर्व भी चोर गांव के पंचायत भवन से कंप्यूटर का सीपीयू व यूपीएस दो बैटरी चोरी कर चुके हैं। इसके अलावा चोरों द्वारा गांव के निकट स्थित बौद्ध विहार पर्यटन स्थल पर लगी सौर ऊर्जा लाइट भी चोरी की थी। ताबड़तोड़ चोरियों से ग्रामीण दहशत में हैं। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस से चोरियों का जल्द से जल्द खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

रेलवे ट्रैक किनारे धू धू कर जली पतावर

शुक्लागंज उन्नाव। कानपुर लखनऊ रेल रूट पर सरैया क्रासिंग छमकनाली पुलिया के पास ट्रैक के किनारे शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। ट्रैक किनारे आग की ऊंची लपटों को देख शताब्दी समेत कई ट्रेनों को स्टेशन और कानपुर के आउटर पर रोका गया। इस दौरान डेढ़ घंटे तक रेल संचालन प्रभावित रहा। शनिवार सुबह दस बजे सरैयां रेलवे क्रासिंग और छमकनाली पुलिया के बीच खड़ी पतावर में आग देखी। तेज हवाएं चलने के कारण आग तेजी से अप और डाउन लाइन के ट्रैक के पास तक पहुंची गई। सूचना पर फायर बिग्रेड पहुंची आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसके बाद पीछे से आ रही झांसी इंटरसिटी को गंगाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रोक गया। इस बीच साढ़े ग्यारह बजे जाने वाले शताब्दी के साथ ही मालगाड़ी समेत कई ट्रेनें प्रभावित रही। दिन करीब 11:35 बजे के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जिसके बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

भूमिगत पाइप लाइन से गैस रिसाव होने से मचा हड़कंप

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। शनिवार सुबह उन्नाव से शुक्लागंज की ओर आई भूमिगत सीयूजीएल की पाइप लाइन में फोरलेन स्थित सरैयां सब स्टेशन के सामने लीकेज हो गया। जिससे आग लग गई। आग लगने पर आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई। विभाग के सीओ समेत दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। जिसके बाद मरम्मत कार्य शुरू हुआ।

सरैयां सब स्टेशन के सामने न्यू आनंदपुरम के पास एक प्लाट में कूड़ा जल रहा था, इसी दौरान भूमिगत पड़ी सीयूजीएल पाइप लाइन में लीकेज हो गया और जलता कूड़ा सीयूजीएल पाइप लाइन के नोजल के पास पहुंच गया। जिससे उसमें आग लग गई। गैस रिसाव और आग को देख आस पास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन दमकल कर्मियों को इसकी जानकारी दी गई। गैस रिसाव की सूचना पर दमकल कर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर बिग्रेड के अनूप सिंह मातहतों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने नोजल के पास जल रही आग को बुझाया। आग बुझने के बाद आस पास के लोगों ने राहत की सांस ली। जिसके बाद सीयूजीएल के अधिकारियों को जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया। सुबह दस बजे से दोपहर करीब ढाई बजे तक गैस की सप्लाई बंद रही। जिससे उपभोक्ताओं को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

घटना स्थल देखते अधिकारी।

सार-संक्षेप

कलश यात्रा के साथ कंचन नगर में भागवत कथा शुरू

शुक्लागंज उन्नाव। कंचन नगर बी स्थित टॉवर वाली गली में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। जहां पहले दिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश स्थापना के बाद कथा व्यास ने कथा का बखान किया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। कंचन नगर स्थित बीएसएनएल टॉवर वाली गली में शनिवार दोपहर वैदिक मंत्रों के बीच गणेश पूजन के साथ ही ध्वज पूजन हुआ। जिसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। बाद में आचार्य पं. आशुतोष अवस्थी ने कथा का बखान किया। इस मौके पर मंजू तिवारी, प्रवीन तिवारी, नेहा तिवारी के अलावा तमाम भक्त मौजूद रहे।

खड़े ट्रक में टकराई कार, पांच घायल

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानुपर हाईवे पर बरुआ गांव के पास कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इसमें कार सवार पांच व्यक्ति घायल हो गए जिन्हें सीएचसी से लखनऊ रेफर किया गया है। सुल्तानपुर निवासी अभिषेक पुत्र शिवनाथ परिवार के अजय, शैलेंद्र व अन्य सदस्यों के साथ कानपुर जा रहे थे। अजगैन कोतवाली के केवाना गांव के पास कार चालक आसिफ को झपकी लग गई और कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इसमें सभी घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी नवाबगंज लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

तरबूज लदा लोडर हाईवे पर पलटा

बिछिया। बाराबंकी से तरबूज लादकर चित्रकूट जा रहा लोडर ओवरटेक करते समय ट्रक की टक्कर से लखनऊ-कानपुर हाइवे पर दही थानांतर्गत मुर्तजानगर नहर पर पलट गया। इसमें चालक बाल-बाल बच गया लेकिन, तरबूज गिरकर फट गए।

शार्ट सर्किट से बेकरी में लगी आग

उन्नाव। अचलगंज कस्बा के मुख्य बाजार में लाला गुप्ता की मार्केट बनी है। इसके पीछे के हिस्से में वह परिवार के साथ रहते हैं। मार्केट की एक दुकान में उनका बेटा अमन बेकरी खोले है। शुक्रवार रात वह रोज की तरह बेकरी बंद कर घर चला गया। देररात दो बजे शार्टसर्किट से उसकी दुकान में आग लग गई।

कपड़ा धोने को लेकर भिड़े दो पक्ष, चार घायल

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव में सरकारी हैंडपंप पर कपड़ा धोने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला बढ़ते ही दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। जिसमें एक पक्ष से मां किरण, पत्नी मोतीलाल व बेटी रीना घायल हो गई। वहीं दूसरे पक्ष से सुशीला पत्नी शंभू घायल हो गई। घटना में घायल हुए लोगों का नवाबगंज सीएचसी में इलाज चल रहा है। अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि एक पक्ष से तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

डंडा मारकर यात्री से मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्तार

शुक्लागंज, उन्नाव। आजगगढ़ महाराजगंज हाल पता लखनऊ बादशाह नगर निवासी प्रदीप पुत्र राजकुमार शुक्रवार की सुबह लखनऊ से बिल्हौर जाने के लिए फर्रुखाबाद एक्सप्रेस में अपने दो साथी के साथ सफर कर रहा था। गेट पर बैठकर मोबाइल चलाने के दौरान गंगाघाट रेलवे स्टेशन से पहले उसके हाथ में डंडा मारकर मोबाइल गिरा लिया गया था। इस दौरान वह चलती ट्रेन से कूद गया और गिरकर घायल हो गया था। जीआरपी ने लुटेरे को पकड़ने के लिये टीम लगाई थी। जहां शनिवार को चलाये गये अभियान के दौरान जीआरपी दरोगा अजय कुमार त्रिपाठी ने मय हमराहियों के साथ ऋषि नगर के पास से राजीव नगर खंती चंपापुरवा निवासी मो. समीर पुत्र गरीबुद्दीन को गिरफ्तार किया। जहां जीआरपी ने उसके पास से लूट के दो मोबाइल बरामद किये। जिसके बाद उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

समाधान दिवस में आये 4 मामले, एक का हुआ निस्तारण

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दोपहर के समय तहसीलदार अविनाश चौधरी ने समस्याएं सुनी। कुल 4 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 3 मामले राजस्व से संबंधित आये। मौके पर कोई निस्तारित नहीं हो सका। जिस पर तहसीलदार ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण के लिये सौंपा है। वहीं पुलिस से संबंधित एक मामला आया। जिस इंस्पेक्टर ने मौके पर ही निस्तारित करा दिया।

विधायक पर युवक को गाली देने व पीटने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव के एक विधायक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह एक युवक को गाली देने के साथ उसे थप्पड़ से पीटते दिखाई दे रहे हैं। वह पास में खड़ी महिलाओं को भी अभद्र भाषा बोलते नजर आ रहे हैं। अमृत विचार इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

विधायक का सोशल मीडिया पर कथित रूप से 24 सेकेंड का एक वीडियो शनिवार को वायरल हुआ। इसमें वह एक आम के बाग में बाइक पर बैठे युवक को थप्पड़ों से पीटते व गालियां देते दिख रहे हैं। घटना का वीडियो बनाने वाले युवक के साथ मौके पर उपस्थिति महिलाओं को भी वे अपशब्द बोलते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि विधायक अपने भाई की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। कथित वीडियो के संबंध में विधायक से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। घटना के बारे में विधायक की तरफ से एक वीडियो जारी कर बताया गया है कि उनके छोटे भाई ने उनके आम के बाग से कच्ची अमिया तोड़ ली थी। वह मौके पर पहुंचे और अपने भतीजे को डांट रहे थे। किसी ने चालाकी से घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। हालांकि इस वीडियो को लेकर अब तरह- तरह की चर्चा हो रही है।

बाबा की पूजा कर महिला मंडल ने बांटा प्रसाद

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। जेठ माह को देखते हुये शनिवार को प्रयत्न महिला मंडल की पदाधिकारियों राजधानी मार्ग सब्जी मंडी में बाबा की पूजा अर्चना की। जिसके बाद प्रसाद बांटा गया। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह शर्बत वितरण किया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली।

राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में प्रयत्न महिला मंडल की अध्यक्ष अनीता शुक्ला ने अपने आवास के बाहर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित कराया। जहां बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया। जिसके बाद प्रसाद स्वरूप बूंदी बांटी गई। जहां फोरलेन से आने जाने वाले लोगों ने बूंदी का प्रसाद चखा। इस मौके पर गायत्री शुक्ला, छाया त्रिवेदी, रजनी गुप्ता, अर्चना आनंद, मंजू गेरा, अनीता अवस्थी, रीता बाजपेई, मोनिका तिवारी, शोभा शुक्ला, उमा निषाद मौजूद रही। वहीं राजधानी मार्ग स्थित अंबिका पुरम के पास विनोद प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, अखिलेश मिश्रा, प्रशांत के अलावा तमाम भक्तों ने शर्बत वितरण कराया। शर्बत वितरण सुबह से दोपहर तक अनवरत चलता रहा। इस दौरान आने जाने वाले लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली।

राजधानी मार्ग पर प्रसाद बांटतीं महिला मंडल की सदस्य।

राजधानी मार्ग पर होता शर्बत वितरण। अमृत विचार

- **नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह शर्बत वितरण किया**

विकसित भारत का स्वप्न



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था।

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद-370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असंभव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे,लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं,लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है।

मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की।

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुलकर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है।

योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सर्वानुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतर्संगीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादाई था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था,लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', 'एकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

अयोध्या में चुनावी हार की अनर्गल व्याख्या अनुचित

प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव के बाद ढेरों प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं से सोशल मीडिया पटा हुआ है। प्रतिक्रियाएं तो चुनावों के बाद आती ही हैं,लेकिन स्वस्थ प्रतिक्रियाओं के लिए खुद की कमी की तलाश की जाती है। चूंकि सोशल साइट पर जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, वह व्यक्तिगत स्तर की हैं और किसी व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता,लेकिन किसी को यह छूट भी नहीं दी जानी चाहिए जो विधिक तौर-तरीके की प्रतिक्रिया न हो। उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप के अनुरूप परिणाम न आने पर व्यक्त की जा रही हैं,इनमें एनडीए जिसकी मुख्य लगाम भाजपा की है तो उसे चाहिए कि वह अपने समर्थकों को परिपत्र जारी कर मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के संबंध में व्यक्त की जा रही प्रतिक्रियाओं से विरत रहने के निर्देश दे तथा सोशल साइट से उसे हटाने के लिए निर्देशित करे।

पहली प्रतिक्रिया अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार के एवज में कहा जा रहा है कि 'जिस तरह अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी हार गया,उसे देखते हुए तो समझ में अब रहा है कि क्यों भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों से ताले में बंद थे?' दूसरी प्रतिक्रिया यह है कि'अयोध्या की जनता जब राजा से संतुष्ट नहीं थी तो भाजपा प्रत्याशी किस खेत की मूली हैं'?

इन दोनों प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी। जब उन्हें राजगद्दी की जगह वनवास के लिए कह दिया गया था तब अयोध्या की जनता श्रीराम के पक्ष में थी और वनवास सुनकर वहां की जनता ने अन्न-जल त्याग दिया था। अब सवाल उठता है कि भाजपा प्रत्याशी की हार के चलते पांच सौ साल ताले में बंद रहने को जस्टिफाइड करना उस पूरे राम आंदोलन पर ही प्रश्न उठाना है जिसके लिए कितनों ने धरना प्रदर्शन, जेल,मौत को गले लगा लिया था। साथ ही लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद बड़े धूम-धड़ाके से मूर्ति स्थापित हुई और उस स्थापना दिवस को दीवाली पर्व की संज्ञा दी गई।

इसके साथ एक प्रतिक्रिया माता सीता के लिए है कि अयोध्या की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। इस संदर्भ में गहराई से देखा जाए तो एक रजक की पत्नी के कहने पर सीता को श्रीराम ने निर्वासित कर दिया था। इस प्रसंग को चुनाव से ही जोड़कर देखा जाए तो श्रीराम ने यहां यह संदेश दिया है कि शासक को त्याग भाव में रहना चाहिए। इसके लिए वह व्यक्ति या स्थिति न देखे।

यदि अयोध्या की जनता ने जीत के लायक वोट नहीं दिया तो यह भी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि किसी कार्य में गैरविधिक तरीका अपना लेने पर अयोध्या की जनता उसे मान्यता नहीं देती। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर परिभाषित करना धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। इसे स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए। आम जनता में किसी ऐतिहासिक आराध्य के लिए आस्था बनी है तो उसकी तुलना निहायत संकुचित तरीके से किया जाने लगेगा तो वेद-पुराण से लेकर अनगिनत धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो सनातन संस्कृति के प्रतिकूल ही है।

पलायन का दंश झेलते उत्तराखंड के गांव

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं।

उत्तराखंड राज्य को बने हुए 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस पहाड़ी राज्य में पलायन एक ऐसी समस्या है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा गया है। भले ही पिछले कुछ सालों में सरकार ने गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए हैं,लेकिन बदली परिस्थितियों में लंबा रास्ता तय करना अभी बाकी है। वर्तमान की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने वीरान होते गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं,लेकिन फिलहाल उनका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। बीते वर्षों तक उत्तराखंड के गांव से निरंतर हो रहे पलायन का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं था। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2018 में ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग (अब पलायन निवारण आयोग) अस्तित्व में आया।

गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन का सबसे अधिक असर अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में देखा गया है। उधमसिंह नगर और देहरादून के गांव से अन्य जिलों की अपेक्षा कम स्थाई पलायन हुआ है। पिछले दिनों इस मुझे अपने ससुराल पक्ष के गांव 'देवनौला' जो अल्मोड़ा जनपद में लमगड़ा कस्बे से छह किलोमीटर आगे स्थित है,वहां एक पूजा में जाने का अवसर मिला। हालांकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव के पास तक सड़क पहुंच गई है,लेकिन इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। गांव के अधिकांश घर खाली हो चुके हैं। विरान पड़े यह घर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। कुछ घरों में तो तीन-चार सदस्य ही रह गए हैं तो कहीं केवल अकेली महिला ही घर में रहकर पहाड़ जैसी जिंदगी से जूझ रही है। उत्तराखंड के अधिकांश पहाड़ी गांव का यही सच है। गांव के युवा या तो फौज में हैं या फिर रोजगार की तलाश में हल्द्वानी, देहरादून, लखनऊ, दिल्ली आदि बड़े शहरों की ओर कूच कर गए हैं,जो गांव छोड़कर शहर को गया वह फिर शहर का ही होकर रह गया।

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं। अवसर या तो किसी पूजा का होता है या शादी विवाह का। कुछ लोगों ने तो जैसे अपने गांव को भूला ही दिया है। वे सालों से अपने घरों को लौटे ही नहीं है। शहरों की ओर पलायन कर गए लोगों के इन खाली पड़े पुश्तैनी घरों की देखभाल गांव में रह गए उनके पड़ोसी या नाते रिश्तेदार ही करते हैं। पलायन हो भी क्यों न। गांव में अब न खेती-बाड़ी बची है और नहीं रोजगार के कोई साधन हैं। सरकार के विकास के पहिए शहरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अधिकांश गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीढ़ीदार खेतों की फसले मौसम पर ही निर्भर है,क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए आने वाला पानी सूख चुका है। खेतों में अगर थोड़ी बहुत फसल या सब्जी होती भी है तो वह जंगली जानवरों की भेंट चढ़ जाती है। पहाड़ में भले ही नदी नीचे बहती हो,लेकिन नदी के ऊपर के गांव प्यासे हैं। इसीलिए उत्तराखंड में एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी' पहाड़ पर नहीं टिकता।

देवनौला में सत्तर वर्षीय जगदीश सनवाल बताते हैं कि उनके गांव में न कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी आता है और न ही चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने आते हैं। जब जिम्मेदार लोग गांव की ओर रुख करेंगे ही नहीं तो गांव का विकास कैसे होगा? यही नहीं गांव के मूल निवासी जो शहरों में जाकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं,उन्होंने भी गांव के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा जबकि वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। गांव में रोजगार के स्थाई साधन तो कुछ नहीं हैं, शिक्षा के हाल भी अच्छे नहीं हैं। विद्यालय है तो शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। किसी विद्यालय में एक शिक्षक है तो कई विद्यालय छात्र संख्या कम होने के कारण बंद हो चुके हैं। सरकार ने भले ही हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोल दिए हैं,लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को कई किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव के निवासी कहते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में पलायन करना लोगों की मजबूरी है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा शहरों की ओर रुख करते हैं और फिर उस शहर को ही हमेशा के लिए अपना स्थाई निवास बना लेते हैं। शहरों के बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर गांव छोड़ चुके इन लोगों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीद कर वहां रिसोर्ट, भवन बनाकर बेच रहे हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है,जो लोगों को अपनी मूल जड़ों से अलग कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक 3 लाख से अधिक लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों से शहरों की ओर पलायन कर गए हैं। 2011 तक उत्तराखंड में 1034 निर्जन गांव थे और 2011 से 2018 तक इनकी संख्या में 734 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 से 2022 के मध्य 24 गांव वीरान हुए और राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि टिहरी में नौ गांव,चंपावत में पांच, पौड़ी और पिथौरागढ़ में तीन-तीन और अल्मोड़ा तथा चमोली में दो-दो गांव ऐसे हैं जिनमें कोई आबादी नहीं है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देवभूमि कहलाए जाने वाले उत्तराखंड राज्य में घोस्ट विलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है । यह सही है कि इस बढ़ रहे पलायन को एकदम से नहीं थामा जा सकता है,लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करने की आवश्यकता है। असल में गांव से पलायन करना लोगों की विवशता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए,तो कोई अपनी जड़ों को छोड़कर क्यों जाएगा। गांवों के विकास और वहां रोजगार- स्वरोजगार के दृष्टिगत एकीकृत कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाना चाहिए। विकास की दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है और यह सभी योजनाएं गांव केंद्रित होनी चाहिए।

राजनीतिक उक्तियां जो झूठी साबित हुईं

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजनीतिक गलियारों में कुछ उक्तियां और बड़े नेताओं के कथन/वचन प्रचलित थे, वे इस बार के जनादेश और तत्परिणामी घटनाचक्र में गलत साबित हुए हैं। कहा जाता था कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। अब की बार यह सही नहीं निकला। इसकी दो सकरी और कंकरीली पगडंडियां निकली हैं, एक आंध्रप्रदेश से और दूसरी बिहार से चली। इन पर नंगे पैर चलना भी कठिन होगा। मजबूत जूता पहनना होगा। एक और उक्ति बहुत प्रचलित थी, 'जो राम को लाए हैं, राम उन्हें लाएंगे'। यह भी हास्यास्पद निकली। स्वयं राम की नगरी में ही गलत साबित हुई।

पूरे देश में भी रामजी ने तो उन्हें बहुमत नहीं दिया, दो वे नेता उन्हें ला रहे हैं जिनका राम से सीधा संबंध नहीं था। वे कथित सेकुलर हैं और हाल के रामोत्सव में दर्शन करने भी नहीं गए। चन्द्रबाबू नायडू 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, अब उन्हें मोदी में विश्वास हो गया यानी पहली उक्ति झूठी हो गई। थोड़ा पहले की अमित शाह की उक्ति थी कि 'अब नायडू के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यह भी झूठ निकला। दरवाजा खुला और लाल कॉरपेट भी बिछाई गई। नीतीश का कभी उद्‌गोष था कि मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। वे भी बहुत लचीले निकले। मोदी के पैर छुए और सत्ता का केक साझे में काटेंगे। प्राचीन नीतियों में एक श्लोक की एक पंक्ति याद आ रही है। "श्वासाना शरीराणां वाचानां महीपति"। यानी जैसे शरीर के लिए श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही राजाओं के लिए वचन, किंतु आज के राजपुरुषों की कथनी क्या है और करनी क्या है, यह सामने है। तुलसीदास जी ने भी कहा है "प्राण जाय पर वचन न जाय"।

एक अन्य उक्ति बहु प्रचलित थी, 'मोदी है तो मुमकिन है'। अर्थात् मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं, किंतु अबकी बार चुनाव में यह गलत सिद्ध हो गई। वे काम चलाऊ बहुमत भी नहीं दिला सके। मोदी का यह वाक्य बहुत प्रचारित था 'कांग्रेस मुक्त भारत'। यह भी अब दम तोड़ रहा है। कांग्रेस तो बढ़ रही है। कहीं 'मुक्त' की बजाय 'युक्त'(सत्तायुक्त) न हो जाए। अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव हेतु भी पीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर चुके हैं। इसे अभी झूठ या सच कहना जल्दी होगी, हालांकि ऐसा कहकर शाह खुद बहुत जल्दी किए हैं। पार्टी के गिरते ग्राफ के चलते क्या पता 2029 में इसकी जरूरत भी पड़ेगी या नहीं। फिलहाल इस समय तो यह उक्ति हवा हवाई ही कही जाएगी।

एक अच्छी पहल

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्त मंत्रालय ने बैंकों से महिला उद्यमियों के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने को कहा है। एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस(ईएएसई 7.0) रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत यह योजनाएं लागू की जानी हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योगों में उत्साहजनक परिमाण दिए गए हैं,जो देश की तरक्की के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग 31.50 करोड़ महिलाओं ने इस चुनाव में वोट किया था। माना जा रहा है कि महिलाओं का बड़ी संख्या में वोट एनडीए को गया है जिसके कारण वित्त मंत्रालय महिला उद्यमियों के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की नई योजनाएं लाने जा रहा है जिसके लिए बैंकों से लोन मेले लगाने का भी आवाहन किया गया है।

आगे चलकर बैंक कैंप लगाकर महिलाओं को वित्त पोषण में जानकारी और सहायता देंगे ताकि महिलाओं को नई-नई तकनीकी आधारित जानकारियां प्राप्त हो सके। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि अपनी महिला ग्राहकों को सहयोग कर उनको वित्त पोषित किया जाए। महिला उद्यमियों में पर्याप्त संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय की पहल से बैंक अपनी महिला ग्राहकों को किस स्तर तक वित्त पोषित कर सकेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल इसे एक अच्छी पहल तो माना जाना चाहिए।

हंगामा है क्यों बरपा

शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अट्ठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भी बनने जा रही है। बावजूद इसके इस बार के परिणामों को लेकर जितना बहस मुबाहिसा चल रहा है, सामान्यतया इससे पहले नहीं देखा गया। ये कुछ-कुछ ऐसा है कि अपने फेल होने का दुःख कम हो, पर दोस्त फर्स्ट आ जाए तो इसका दुःख ज्यादा होता है। क्या इस हंगामे की वजह बीजेपी की सीटों में कमी आना है या इंडिया गठबंधन की अच्छी परफॉर्मेंस? या अयोध्या के चौंकाने वाले परिणाम? चौंकाने वाले इसलिए, क्योंकि बीजेपी ने राम मंदिर की जबरदस्त मार्केटिंग की थी। कई सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए।

मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इतना प्रोपेगंडा हुआ कि एक बार को लगा कि जनता इस चकाचौंध के पार देखने में असमर्थ है, लेकिन ऐसा नहीं था। जनता जमीनी हकीकत साफ-साफ देख पाई। शायद अयोध्यावासियों को अपने घरों के बदले मंदिर तो चाहिए था, पर मंदिर के नाम पर विश्वस्तरीय मॉलनुमा कॉरिडोर नहीं। उत्तर प्रदेश को गोबर पट्टी कहकर मजाक उड़ाने वालों को प्रदेशवासियों ने यह बता दिया कि देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाले प्रदेश को लोकतंत्र के मायने मालूम हैं। इस चुनाव का जनादेश भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देता है। भले ही एनडीए को बहुमत मिला हो, लेकिन परिणामों से प्रतिपक्ष को संजीवनी भी मिली है। पिछले लोकसभा चुनावों ने जनता ने बीजेपी को सफलता के शिखर पर पहुंचाया था जिसने पार्टी को अहंकारी और अधिनायकवादी बना दिया।

दरसअल पिछले चुनाव में विपक्ष एकदम निचले स्तर पर था जिससे नीचे जाने की जगह नहीं थी और बीजेपी अपने शिखर पर थी जिससे ऊपर जाना संभव नहीं था। बीजेपी चार सौ पार का नारा देती रही और विपक्ष हर हाल में एकजुटता दिखाता रहा। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। यहां राम मंदिर का जादू नहीं चला और न ही सांप्रदायिक विभाजन काम आया। लोग बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को भूल नहीं पाए। नड्डा के बयानों ने रही सही कसर पूरी कर दी। उनका ये कहना कि पार्टी को आरएसएस की जरूरत नहीं और बिहार में उन्होंने कहा कि छोटे और क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है, एनडीए में शामिल छोटे दलों को बीजेपी से दूर करने में सहायक हुए। बहरहाल नतीजा हमारे सामने है एक लंगड़ी सरकार दो बैसाखियों पर चलकर सरकार कैसी चलाएगी इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है।

दुनिया को समझने की कोशिश

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

प्रश्न यह है कि शिक्षा के माध्यम से क्या हम दुनिया को जान सकते हैं? शिक्षा विविध भाषाओं से हमारी जान-पहचान कराती है,जानकारियों का पुलिंदा हमारे सामने पेश करती है,हमें जोड़-घटाना, गुणा-भाग करना सिखाती है,ज्ञान-विज्ञान से जोड़ती है। समझदारी विकसित करती है और आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव रोपती है। सफल होने पर खुश होना सिखाती है और असफल होने पर पुनः प्रयास करने की उत्तेजना पैदा करती है।

चूंकि आदि काल से वर्तमान तक पढ़ाई सामूहिक क्रिया रही है। इसलिए यह हमें समाज के विभिन्न समूहों से जोड़ती है और दूसरों के साथ तालमेल करके जीना सिखाती है। दुनिया के साथ चलना और सहयोग करना और विपरीत विचारों का सम्मान करना सिखाती है,तो क्या दुनिया को अनुभव से जाना जा सकता है? अनुभव हमारे जीवन में हुई घटनाओं की स्मृतियां हैं। किसी एक क्रिया की प्रतिक्रिया अनेक ढंग से हो सकती है। हम किसी को देखकर मुस्कुराएं तो उत्तर में मुस्कराहट वापस आ सकती है, 'कोई जवाब नहीं' वापस आ सकता है,उपेक्षा वापस आ सकती है या नाराजगी भी। इस स्थिति में मुस्कुराने की प्रतिक्रिया में भी भ्रम की स्थिति है। इसलिए मुस्कराहट का उपयोग सोच-समझकर किया जाता है। जब मुस्कराहट जैसा मधुर व्यवहार अलग-अलग ढंग परिणाम देता है तो दुनिया को कैसे जाना जाए? यह समस्या केवल अहमद जैसे विद्यार्थी की ही नहीं है,प्रत्येक जिज्ञासु की है,जो शिक्षा से जुड़कर दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है तो क्या शिक्षा हमें दुनियादारी नहीं सिखाती?

सिखाती है, दुनियादारी सिखाती है,लेकिन दुनिया के रहस्य नहीं बताती,बल्कि उन रहस्यों को जानने की राह बताती है,लेकिन रास्ता इतना लंबा है कि मंजिल नजर ही नहीं आती। बस, चलते रहो, चलते रहो। अहमद ने तय किया कि वह भी पढ़ाई में मन लगाएगा। प्रभुदत्त और अहमद मिलजुल कर बातें करते और पढ़ते भी। समय बीतता गया और वे दोनों चौथी कक्षा पास हो गए। आगे की पढ़ाई झंग में संभव नहीं थी इसलिए प्रभुदत्त का झंग से पांच मील दूर मिघियाना के स्कूल में दाखिला करवा दिया गया,लेकिन अहमद झंग में ही रह गया,क्योंकि उसके अब्बा उसे झंग से बाहर जाकर पढ़ने के खिलाफ थे। अहमद ने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की,अम्मी से कहलवाया,लेकिन बात नहीं बनी और उसकी पढ़ाई झंग के स्कूल की चारदीवारी में कैद होकर रह गई। जिस दिन प्रभु झंग से जा रहा था, वह दिन दोनों दोस्तों के लिए बहुत भारी पड़ा। अहमद रो रहा था कि वह झंग से निकल नहीं पाया और प्रभु रो रहा था कि वह झंग से निकलकर अपने जिगरी दोस्त से बहुत दूर जा रहा था। क्या पता फिर मुलाकात हो, न हो!

आपका पत्र

लोकतंत्र की मजबूती

बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सामान्य मतदाता के रूप में यदि कोई भी भारतीय नागरिक जेल में बंद होता है तो वह वोट डालने का अधिकारी नहीं है, वहीं दूसरी ओर जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़ सकता है। यह बहुत बड़ी विडंबना है इसको खत्म किए जाने की आवश्यकता है। जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़े और जीत जाए, अपराधी लोग संसद में आकर कानून बनाने और बिगड़ने का काम करें। यह अपने आप में किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता। देखने में आ रहा है कि इस प्रकार के विधायकों और सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर एवं उनकी टीम ने कभी नहीं सोचा होगा कि इस प्रकार के अपराधी लोग भी निर्वाचित होकर संसद में सदस्य बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि उचित संशोधन करके इस प्रकार के जेल में बंद अपराधियों के सांसद बनने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार बार-बार के चुनाव से बचने/ सरकारी मशीनरी और पैसे के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह भी जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति केवल एक जगह से चुनाव लड़े। जब एक भारतीय मतदाता एक ही वोट डालने का अधिकारी है तो इस मतदाता को उम्मीदवार के रूप में दो जगह से चुनाव लड़ने पर भी रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्रायः यदि वह व्यक्ति दो जगह से चुनाव जीत जाता है तो एक जगह से उसे इस्तीफा देना होता है, ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र में पुनः मतदान करवाया जाता है जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः जरूरी है संविधान में संशोधन किया जाए और अपराधी चरित्र के लोग न तो चुनाव लड़ पाए और न ही कोई भारतीय नागरिक केवल एक जगह से चुनाव लड़े तो इससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, बड़ा बाजार नैनीताल

पैलानी में केन पुल से 18 तक वाहनों के आने-जाने पर रोक

कोठी में अंतर आने से पहले 3 टन तक के वाहन किए थे प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- लोनिवि की संस्तुति पर डीएम ने किया आदेश
- वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किया गया

अमृत विचार। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-2, लोनिवि की संस्तुति पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी वाहनों का आवागमन क्षतिग्रस्त पैलानी के केन नदी के पुल से तत्काल प्रभाव से 18 जून तक के लिए रोक लगा दी हैं। प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित कर दिया है।

अधिशाषी अभियंता लोनिवि ने बबेरू-तिंदवारी-सुमेरपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-134) के किमी-49 में स्थित केन नदी पर दीर्घ सेतु (पैलानी सेतु) जिसका निर्माण उप्र सेतु निगम द्वारा वर्ष 1984-85 में पूर्ण कराया गया था। जिसकी कुल लम्बाई 735 मीटर है, के क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया है कि 28 मई तथा 30 मई के निरीक्षण में पाया गया कि पैलानी सेतु के पैलानी डेरा की तरफ से 5वाँ पिलर के जोड़ के पास दायी तरफ किनारे पर दो स्लैब के टॉप लेवल में लगभग 60 एमएम का अन्तर आ गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि स्लैब के नीचे रॉक एंड रोलर वियरिंग में दरारे आ गई हैं। जिसके कारण सतह में अन्तर में आ गया है। यह अन्तर दो मुख्य स्पान के मध्य 7.00 मी स्पान वाले भाग में एक कोने में अधिक देखा गया है जो कैरिज-वे के मध्य की ओर कम होता है। इस परिस्थिति में यातायात को प्रतिबन्धित करते हुये 3 टन तक के वाहनों पर रोक लगाते हुए एक लें को चालू रखा गया था।शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने क्षतिग्रस्त पैलानी सेतु से समस्त प्रकार के वाहनों के आवागमन को तत्काल प्रभाव से 18 जून तक के लिए रोक लगा दी हैं।

पैलानी स्थित केन नदी के पुल से गुजरते वाहन। फाइल फोटो

खदान में मौरंग भरने आए ट्रक के खलासी की लू लगने से मौत

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मौरंग खदान में 45 वर्षीय खलासी की लू की चपेट में आने से तबियत बिगड़ गई। जिसे आनन-फानन ट्रक चालक उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर जनपद के थाना हथगाव क्षेत्र के सिठौरा गांव निवासी जीतू सिंह (45) पुत्र राजाराम ट्रक में खलासी का काम करता था। वहीं शुक्रवार की रात्रि में इंद्रपुरी खदान में मौरंग लेने ट्रक लेकर गए थे। वहीं शनिवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे खाना बनाकर खाया था। तभी अचानक जीतू की हालत बिगड़ने लगी। जिसे ट्रक चालक राहुल सिंह आनन फानन स्थानीय सीएचसी में में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉक्टर उमेर अली ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक ने बताया कि दोपहर में खाना बना कर खाया था। अचानक तबियत बिगड़ने लगी। शायद उसे लू लग गई थी। सीएचसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था और दो भाई थे। बेरी चौकी इंचार्ज ने बताया कि हमें इस मामले की जानकारी नहीं मिली है।

डीजे बंद करने को कहा तो कर दिया पुलिस पर हमला

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। बर्थडे पार्टी के दौरान देर रात तक बज रहे डीजे को बंद कराने गए पुलिसकर्मियों पर गुस्साए घरवालों ने हमला कर दिया। वाहन पर पत्थरबाजी की और खदेड़ लिया। अन्य थानों की पुलिस पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसमें छह पुलिसकर्मियों को चोटें आने की जानकारी मिली है। पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ नामजद और लगभग 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। 13 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

मामला भरतकूप थाना क्षेत्र के रौली कल्याणपुर गांव का है। बताते हैं कि यहां वजनी मोड़ के पास एक घर में शुक्रवार की रात बर्थडे पार्टी चल रही थी। इस दौरान तेज आवाज में म्यूजिक सिस्टम चलाया जा रहा था। इससे आसपास के लोगों को दिक्कत हुई तो किसी ने थाने में शिकायत कर दी। इस पर पीआरवी के राहुल कुमार और रामकरन बाइक से मौके पर पहुंचे। पता चला कि फूलचंद्र वर्मा के घर पार्टी चल रही है। पुलिस के मुताबिक, इनको डीजे बंद करने को कहा गया तो महिलाएं और पुरुष पुलिसकर्मियों से अभद्रता पर उतारू हो गए।

क्षतिग्रस्त पुलिस जीप।

चोटें दिखाते घायल पुलिसकर्मी। अमृत विचार

पहुंची कई थानों की पुलिस

गांववालों का उपद्रव और बवाल की आशंका भांप पुलिसकर्मियों ने थाने में सूचना दी। इस पर भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इसके बाद भी ग्रामीण नहीं माने और तेज आवाज में डीजे बजाने लगे। आरोप तो यहां तक है कि इन लोगों ने पुलिसकर्मियों पर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी, सब्बल आदि से हमला कर दिया। पुलिस के वाहनों पर पत्थरबाजी की। इस पर उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। कर्वी कोतवाली के साथ पहाड़ी, बहिलपुरवा थानों और शिवरामपुर और सीतापुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ सिटी राजकमल ने मोर्चा संभाला। बाद में एसपी अरुण कुमार सिंह और एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी भी पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। भारी पुलिस बल को देखकर आरोपी ग्रामीण भाग निकले। एसपी ने बताया कि डीजे बंद कराने को लेकर ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने का प्रयास किया।

इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

जानकारी के मुताबिक, पुलिसकर्मी राहुल की तहरीर पर भरतकूप थाने में रौली कल्याणपुर निवासी इंदू प्रसाद, सुशील, मन्नू, उमाशंकर उर्फ कल्लू, पान कुमारी पत्नी महेश निवासी लुहिया, सुलता पत्नी फूलचंद्र और कंचन पत्नी सुशील के अलावा मनोज कुमार, नीरज, रोहित निवासी मनकीपुरवा मजरा जमालपुर (बांदा), सर्वेश निवासी महोखर जमालपुर (बांदा), सूरज निवासी मनीपुर गिरवां (बांदा), नीलम पत्नी उमाशंकर निवासी रौली कल्याणपुर, राजरानी पत्नी इंद्रभवन निवासी मनीपुर आदि कुल 18 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। लगभग 20 लोग अज्ञात आरोपी हैं।

पुलिस पर लगाया आरोप

उधर, घटना का दूसरा पहलू भी है। आरोपी फूलचंद्र का कहना है कि पुलिस उसे और उसके परिवारी और रिश्तेदारों को जबरन फंसा रही है। पुलिसकर्मियों ने रुपयों की मांग की थी और जब देने से इंकार किया था तो महिलाओं से अभद्रता करने लगे थे। उसका कहना था कि घटना का एक पक्ष ही देखा जा रहा है और हमारी बात की सुनवाई नहीं की जा रही है।

काम आई सीओ की सूझबूझ

सीओ राजकमल की सूझबूझ बहुत काम आई। भरतकूप पुलिस पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे सीओ ने उत्तेजित पुलिसकर्मियों को समझाया और ग्रामीणों को भी शांत कराने की कोशिश की। उग्र होते पुरुषों और महिलाओं को भी समझाबुझाकर शांत किया। अगर उस समय गंभीरता न दिखाई जाती तो मामला बिगड़ जाता।

छात्रों ने थाने की हवालात में रील बनाकर पोस्ट की

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

अमृत विचार। मारपीट करके आए छात्रों ने हवालात में बैठकर रील बनाई और सोशल मीडिया में पोस्ट करके अपने भौकाल का इजहार कर डाला। मामला कस्बे के थाने की हवालात का है।

बीते 3 जून को दो विद्यालयों के कुछ छात्रों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें तीन छात्रों को पुलिस पकड़ लाई और थाने की हवालात में बंद कर दिया। हवालात पहुंचे छात्रों ने आराम से रील बनाई और इसको सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। साथ ही थाने के अंदर अपने भौकाल का इजहार करके रील में लिखा कि यह तो बहुत कम है। अभी और बाकी है। इसके बाद छात्रों को हवालात से छोड़ दिया गया। सोशल मीडिया में रील वायरल होने पर पुलिस बैकफुट में आ गई और छात्रों को हिरासत में लेने की बात कही है। सवाल यह उठता है कि जब किसी को हवालात में बंद किया जाता है तो उसकी तलाशी लेकर ही अंदर किया जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि हवालात के अंदर कोई घटना न हो जाये। लेकिन यहां पुलिस की लापरवाही नजर आ रही है।

भालू कालिया को मिला ललिता का साथ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- इटावा सफारी बढ़कर 6 हुई भालुओं की संख्या

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क की भालू सफारी में काफी दिनों से अकेले रह रहे नर भालू कालिया को अब मादा भालू ललिता का साथ मिला है। इसके बाद चार और भालू आ जाने से अब सफारी में भालुओं की संख्या 6 हो गई है। माना जा रहा है आने वाले दिनों में सफारी में पर्यटकों को अधिक संख्या में भालुओं के दीदार होंगे।

सफारी में पिछले कई महीनों से कालिया नर भालू अकेले रह रहा था लेकिन 4 जून को ललितपुर से ललिता नामक मादा भालू के आने से भालुओं की संख्या 2 हो गई है।

सफारी पार्क में चहलकदमी करता भालू।

इटावा सफारी पार्क के डायरेक्टर की ओर से भालू लाने के लिए 5-6 माह में किए गए पत्राचार का असर दिखा और 4 जून को एक भालू आने के बाद 7 जून की देर रात वन्यजीव प्रभाग रांची से 4 भालूओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया।

सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि इन भालुओं को प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव के निर्देश पर पहले आगरा भालू संरक्षण केंद्र में 6 जून को लाया गया था। जहां इनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी भालू स्वस्थ पाए गए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव की अनुमति के बाद 7 जून को इन भालुओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया। चारों भालुओं ने पानी पिया और दलिया व फल खाए है।

युवक की धमकी से सहमी किशोरी ने फांसी लगा जान दी

बबेरू-बांदा। शोहदे की धमकी से परेशान होकर किशोरी ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की खबर मिलते ही घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया

कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव निवासी स्वाती (17) पुत्री कल्लू निषाद ने शुक्रवार की शाम कमरे के अंदर पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे घरवालों ने उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता कल्लू निषाद ने बताया कि मंगलवार की सुबह स्वाती घर के बाहर सफाई कर रही थी। इसी बीच स्वाती ने थूक दिया। वहीं से पड़ोसी सूरज निकल पड़ा। सूरज का कहना था कि स्वाती ने उसे देख कर थूका है। इसी बात से नाराज हो कर सूरत उसी रात तमंचा लेकर घर में घुस गया। गालीगलौज कर उसे घर से उठा ले जाने और दुष्कर्म करने की धमकी दी। इसी से परेशान हो स्वाती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

अब परिषदीय स्कूलों में समर कैंप 18 से 25 तक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शिक्षक संगठनों के विरोध व गर्मी के चलते स्थगित हुआ था कैंप
- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जारी किया आदेश, एक घंटे चलेगा कार्यक्रम

अमृत विचार। प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में अब 18 से 25 जून तक समर कैंप होगा। पहले यह आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के तहत पांच से 12 जून तक होना था, लेकिन गर्मी की छुट्टियों व शिक्षक संगठनों के विरोध के चलते स्थगित कर दिया गया था। अब नया शेड्यूल जारी हो गया है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि डायट प्राचार्य, एडी बेसिक, बीएसए, डायट वरिष्ठ प्रवक्ता, डीसी समग्र शिक्षा व एमडीएम, बीईओ, एआरपी व एसआरजी कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के बारे में जागरूक करेंगे। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व परिषदीय स्कूलों में धूप व लू से बचाव के बारे में भी जानकारी देंगे।

पत्र में कहा गया है कि 18 जून को स्वस्थ जीवन शैली अपनाना, 19 जून को दीर्घकालिक खाद्य प्रणाली अपनाना, 20 को

ई-कचरा कम करना, 21 को कूड़ा कम कराना, 22 को ऊर्जा बचाना, 24 को पानी बचाना व 25 जून को सिंगल यूज प्लास्टिक को नहीं कहें विषय पर जागरुकता कार्यक्रम होंगे। खास बात यह है कि ग्रीष्मावकाश के बाद 18 जून से ही परिषदीय स्कूल खुल रहे हैं। शिक्षकों को पहले दिन से ही आयोजन कराने होंगे।

पूर्व प्राचार्य पर नकाबपोश बदमाशों का जानलेवा हमला, किए फायर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सुबह साढ़े आठ बजे दुकान पर बैठे थे पूर्व प्राचार्य
- मकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हुई घटना

अमृत विचार। कस्बे में शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे आंबेडकर चौराहा स्थित किराएदार की दुकान पर बैठे पूर्व प्राचार्य पर नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दो फायर झोंक दिए। बदमाश पूर्व प्राचार्य को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पूर्व प्राचार्य ने बदमाशों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि वह श्री गांधी इंटर कॉलेज गोहांड के प्राचार्य रह चुके हैं। वह शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे अपने किराएदार सीताराम की दुकान पर बैठे थे। तभी दो नकाबपोश बदमाश आए और रेकी करने लगे। दुकान पर बैठा देख उन पर बदमाशों ने दो फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। गोली चलाने के बाद बदमाश धमकी देकर भाग निकले। घटना के बाद अफरातफरी अपनी मच गई।

सीसीटीवी में कैद फायरिंग करने वाले नकाबपोश बदमाश। अमृत विचार

बताया पूरी वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में एक बदमाश गमछा से मुंह ढके है। दूसरे का चेहरा दिखाई दे रहा है। बताया पिछले चार माह पहले भी बदमाशों ने बाउंड्री वॉल गिरा दी थी। मौके पर पहुंचे कोतवाल उमेश सिंह ने जांच पड़ताल की। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

कन्नौज में बसपा की दरक गई 'जमीन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जनता की समस्याओं पर ज्ञापन देने तक नहीं पहुंचते पार्टी पदाधिकारी

अमृत विचार। संसदीय क्षेत्र के चुनाव में जितनी दुर्गति बसपा की हुई है, उतनी किसी भी मान्यता प्राप्त दल की कन्नौज में नहीं हुई है। इसके अलावा कई अन्य लोकसभा क्षेत्र में भी यही हाल हुआ है। एक ओर संगठन लचर है तो जनता की समस्याओं को उठाने के लिए कभी भी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नहीं दिखते हैं। लोगों का कहना है कि जब भी लोकसभा या विधानसभा क्षेत्र के चुनाव आते हैं तो बसपा सुप्रीमो मायावती वोट मांगने के लिए कन्नौज पहुंचतीं हैं।

वर्ष 1997 में फर्रुखाबाद से अलग कर कन्नौज को जनपद का दर्जा दिलाने का श्रेय उस समय की मुख्यमंत्री मायावती को ही जाता है। हालांकि खास बात यह है कि अब तक के चुनाव में एक भी बार बसपा का प्रत्याशी लोकसभा में नहीं पहुंच सका है।

वर्ष 2007 के विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में महज तिर्वा से ही कैलाश राजपूत ने पहली बार बसपा का खाता खोलकर हाथी दौड़ाया था। उसके अलावा न तो किसी विधानसभा चुनाव में जीत मिली और न ही लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में। करीब साढ़े तीन दशक के चुनाव में बसपा की दुर्गती ही होती गई है। इसका कारण मतदाताओं व आम जनता से पार्टी की दूरियां होना भी बताया जा रहा है।

महिला की मौत, झोलाछाप पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। एक क्रशर व्यवसायी के घर में चल रहे कथित क्लीनिक में बीते दिनों एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि झोलाछाप के गलत इलाज से उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि आसपास क्रशर होने की वजह से अक्सर यहां मजदूर बीमार हो जाते हैं। ऐसे में आसपास खुले कुछ क्लीनिकों में झोलाछाप इनके इलाज के नाम पर अच्छी खासी कमाई कर लेते हैं। जानकारी के मुताबिक, बीते दिन हरिहरपुर गांव की 21 वर्षीया महिला मनीषा की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसको लू लग गई थी। इलाज यही झोलाछाप कर रहा था। तबीयत में सुधार होने पर परिजन महिला को घर ले गए लेकिन कुछ समय बाद फिर बुखार आने लगा। उसे फिर अस्पताल ले जाया गया, जहां मौत हो गई। मृतका के परिजन प्रभु ने यह भी बताया कि उसकी शादी दो साल पहले बांदा जिले के बदौसा थाने के करछना निवासी अवधेश से हुई थी। पति राजस्थान में रहकर काम करता है। फिलहाल महिला अपने मायके में रह रही थी।उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी भरतकूप ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

वायरल | मंत्री जी का बधाई संदेश सोशल मीडिया पर जमकर हो रहा ट्रोल

'...तुमको पहचान जाते, खुदा की कसम मोहब्बत न करते'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भाजपा कार्यकर्ता कर रहे कमेंट कोई बता रहा राजनीतिक सौहार्द

अमृत विचार। भाजपा सरकार में समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण का सपा सांसद अखिलेश यादव को दिया गया बधाई संदेश सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल हो रहा है। उनके पत्र को लेकर भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। कोई उन्हें 'विभीषण' बता रहा है तो कोई राजनीतिक सौहार्द की मिसाल कह रहा है। वहीं, कई लोग इस पत्र का राजनीतिक 'निहितार्थ' निकालकर सपा से नजदीकी बढ़ाने की कोशिश बता रहे हैं।

जिले में मंत्री असीम अरुण का पत्र फेसबुक पर इस समय तैर रहा है। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस संदेश को अपनी वॉल पर पोस्ट कर अपने विचार व्यक्त किए हैं तो उसमें अन्य लोग तीखी कमेंटबाजी कर रहे हैं। एक कार्यकर्ता ने लिखा है कि 'इनकी विभीषण वाली मानसिकता के कारण ही आज ये दिन आया है, इनको जाति के आधार पर रेवड़ी दी गई थी मगर न ही पालिका चुनाव में और न नहीं सांसदी में अपनी जाति का वोट परिवर्तन करा पाए, जय भीम का नारा लगवाते रहे'। एक कार्यकर्ता ने जवाब में लिखा है 'बहुत जल्द मंत्री पद जाएगा'। कार्यकर्ता विवेक पंडित लिख रहे हैं कि 'कन्नौज के विधायक असीम अरुण, जिन्होंने बोला था कि चार लाख से हराएंगे, अपना बूथ तक नहीं जिता पाए'। कार्यकर्ता उदय प्रताप सिंह ने वेबसीरीज 'पंचायत' के डायलॉग के तरीके में लिखा कि 'देख रहे हो न विनोद, कैसे बधाई दे-देकर दिल जीता जा रहा है'। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने कमेंट करते हुए लिखा कि 'अगर बेवफा तुमको पहचान जाते, खुदा की कसम हम मोहब्बत न करते'। इस तरह के कमेंट केवल बानगी भर हैं, जबकि इससे भी ज्यादा तीखे कमेंट कार्यकर्ताओं ने किए हैं। चुनाव विश्लेषकों ने इस पत्र के माध्यम से राजनीतिक 'निहितार्थ' निकालने की कोशिश की है। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव 2027 के लिए वह सपा में अपना भविष्य तलाश रहे हैं तो कई लोगों ने स्वच्छ राजनीति और राजनीतिक सौहार्द की मिसाल बताया है।

असीम अरुण।

फेसबुक पर लिखे गए कमेंट।

सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। साइबर थाना व गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर सामाजिक व धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास करने का प्रयास करने वाले को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय में शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी धर्मेन्द्र कौशल पुत्र शम्भूदयाल गुप्ता ने फैसल खान व अयान खान के खिलाफ तहरीर दी थी।

आरोप लगाया था कि इन लोगों ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एकाउंट पर समाज विशेष एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से सामाजिक व जाति सूचक वैश्य समाज के प्रति आपत्तिजनक पोस्ट की थी। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की था। इसके बाद साइबर थाना ने इंस्टाग्राम से संबंधित आईडी के बारे में सूचना एकत्रित की जिससे अयान खान पुत्र नईम खान निवासी मोहल्ला दारासराय, समधन थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज का नाम प्रकाश में आया। गुरसहायगंज कोतवाली के दरोगा रोबिन सिंह, सिपाही नीरज कुमार, कौशल कुमार ने आरोपी अयान को समधन अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से एक मोबाइल फोन रियलमी बरामद हुआ। चेक किया गया तो उसमें junai.d9544 नाम का इंस्टाग्राम एकाउंट संचालित मिला।

भाजपा प्रत्याशी के बयानों पर उठे सवाल

चित्रकूट। भाजपा प्रत्याशी रहे निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल के भितरघात और पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर दिए गए बयानों को लेकर पार्टी के नेताओं में ही रोष पनप रहा है। सोशल मीडिया में भी तरह तरह के पोस्ट किए जा रहे हैं। इस मामले में मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला की पोस्ट भी चर्चा में है।

सपा प्रत्याशी कृष्णा पटेल से हार के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने अपनी हार की वजह गिनाते हुए इसमें पार्टी के जिले के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भितरघात आदि के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल आदि के अधिकांश कार्यकर्ताओं ने भितरघात किया। जातीयता के पक्ष में मुखर होकर गए। साथ चलने वालों ने ही पीठ में छुरा घोंप दिया।

मौलाना की धारदार हथियार से हत्या

जमीन विवाद : ग्रामीणों ने आरोपियों के घर किया पथराव, भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने किया बल प्रयोग

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार। जमीन विवाद में धारदार हथियार से मौलाना फारूक अहमद(65) की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव किया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने गांव के दंपति, उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज प्रेम गौतम घटना स्थल पहुंचे। डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल, सतपाल अंतिल,एएसपी पश्चिमी संजय राय,सीओ सदर अमर नाथ गुप्ता के साथ में घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से बात कर पूरे मामले को शांत कराया।

फारूक अहमद।

पुलिस के अनुसार जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव के मौलाना फारूक अहमद (65) सोनपुर मदरसा के संस्थापक और कादीपुर मदरसा के संचालक के साथ-साथ जमीयत उलमा हिंद-प्रतापगढ़ के महासचिव थे। कादीपुर गांव में फारूक ने चंद्रमणि तिवारी को जमीन खरीदने के लिए पैसे दिए थे। तिवारी ने वह प्लॉट किसी और को बेच दिया। शनिवार सुबह जब फारूक सोनपुर गांव में तिवारी के घर गया तो उस पर हमला कर दिया गया और उसके सिर पर लोहे की रॉड, फावड़ा व कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। सूचना पर भारी तादाद में पुलिस फोर्स पहुंची। इलाके में तनाव को देखते हुए डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल मौके पर पहुंचे। ग्रामीण पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए शव उठाने नहीं दे रहे थे। एसपी और ग्रामीणों से नोकझोंक भी हुई। आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव शुरू कर दिया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। एसपी सतपाल अंतिल ने काफी रोकने का प्रयास किया,बावजूद इसके आक्रोश न थमने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे मो. असद की तहरीर पर गांव के चन्द्रमणि तिवारी पुत्र शिव लखन तिवारी, चन्द्रमणि की पत्नी सीमा तिवारी, बेटे सागर तिवारी, वैभव तिवारी एवं देवी प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। काफी देर समझाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। तब प्रशासन ने राहत की सांस ली।

गुस्साए लोग बोले- कहां है बाबा का बुलडोजर

सोनपुर गांव में मौलाना फारूक की हत्या के बाद शव को सड़क पर रखकर धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने में डीएम और एसपी को पसीने छूट गए। डीएम और एसपी से आक्रोशित परिजनों ने कहा कि योगी बाबा का बुलडोजर अब कहां है। जब तक आरोपियों के घर को बुलडोजर से नहीं ढहाया जाता तब तब वह शव को पुलिस को छूने नहीं देंगे।

दामाद को बचाने आई वृद्धा की लाठी से पीटकर हत्या

बदायूं। शराब के नशे में घर में घुसकर दबंग ने एक व्यक्ति पर लाठी से प्रहार शुरू कर दिया। बचाने आई सास पर भी हमला कर दिया। एक लाठी महिला के सिर में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में ले लिया। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भेड़ा निवासी वनासुर की सास सरस्वती (70) निवासी गांव सनेकपुर जिला मऊ उनके पास ही रहती थीं। शुक्रवार रात को भेड़ा गांव का तेजपाल शराब के नशे में आया और वनासुर के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर तेजपाल ने वनासुर पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने दोनों को शांत करा दिया। इसके बाद वनासुर अपने घर आ गया। कुछ देर बाद तेजपाल लाठी लेकर वनासुर के घर में घुस गया और हमला कर दिया। बचाने आई सरस्वती पर भी तेजपाल ने लाठियों से प्रहार कर दिए।

युवक की गोली मारकर हत्या

मदनापुर/शाहजहांपुर। दो बदमाशों ने बाइक पर लिफ्ट लेने के बाद युवक को गोली मारकर हत्या कर दी और बाइक लूट ले गए।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चित्ती निवासी विश्राम सिंह का पुत्र 22 वर्षीय गोविंद सिंह शनिवार की दोपहर मदनापुर बाजार में एजेंसी पर बाइक की किश्त जमा करके शाम पांच बजे गांव आ रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और चित्ती गांव से पहले छोड़ने को कहा। गोविंद ने दोनों को बाइक पर बैठा लिया। चित्ती गांव से पहले दोनों युवक बाइक से उतरे और गोविंद के दो गोली मार दीं। गोविंद गिर गया तो दोनों युवक बाइक लेकर फरार हो गए। परिवार वाले घायल को मेडिकल कालेज ले गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसओ अश्वनी कुमार गांव पहुंचे और पूछताछ करने के बाद अधिकारियों को सूचना दी।

खेत की रखवाली कर रहे किसान की पीटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर

- दुकान में उधार नमकीन न देना बनी हत्या की वजह

अमृत विचार। थाना पढुआ क्षेत्र के गांव चंदैयापुर निवासी एक किसान को उधार नमकीन न देने की कीमत जान देकर गंवानी पड़ी। दो आरोपियों ने शुक्रवार की रात खेत की रखवाली कर रहे किसान की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। इस पर भी गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसके पैर पकड़कर खेत में कुछ दूर तक घसीटा और फिर उसे छोड़कर भाग निकले। दोनों आरोपी शातिर अपराधी बताए जाते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद गांव चंदैयापुर निवासी धीरज वर्मा ने बताया कि उनके पिता हरिनाम वर्मा (58) ने घर पर परचून की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार को उसके पिता परचून की दुकान पर बैठे थे। इसी बीच पड़ोसी गांव कंडौहा निवासी अमन यादव उर्फ मंगू और नंद किशोर यादव उर्फ गड्डे आ गए। दोनों ने शराब पी रखी थी। दोनों आरोपी उधार लेने की बात कहते हुए दुकान पर टंगे नमकीन के पैकेट तोड़ने लगे, जिसका पिता ने विरोध किया। इस पर आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। आसपास के लोगों के आने पर दोनों आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। धीरज ने बताया कि उसका खेत बोकारिहा गांव की तरफ है। जिसमें केले की फसल खड़ी हुई है। पिता रोज फसल की रखवाली के लिए दिन और रात में खेत पर जाते थे।

'भाजपा को मिले जनादेश से मोदी व योगी को संभलने की है आवश्यकता'

संवाददाता, झूंसी, प्रयागराज

- छह दिवसीय प्रवास पर शिवगंगा आश्रम पहुंचे पुरी शंकराचार्य

अमृत विचार। गोवर्धन मठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में पूरे देश से भाजपा को मिले जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह प्रदेश के सीएम योगी को संभलने की आवश्यकता है। कहीं न कहीं इसके पीछे उनका अहंकार है। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि अगर अभी ये न संभाले तो इनका अहंकार इन्हें और गिरा देगा। कहा कि इस वक्त दोनों में अहंकार की पराकाष्ठा है। पुरी शंकराचार्य ने यह बातें शनिवार को अपने झूंसी के शिवगंगा आश्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। आम लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले जनादेश को लेकर किए गए सवाल पर पुरी शंकराचार्य ने यह बातें कहीं। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि संतों की वाणी परिस्थिति को बना देती और और घटना को बता देती है। उदाहरण के लिए अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम जी को प्रतिष्ठित किया। उन्होंने सोचा कि इसका परिणाम भाजपा के पक्ष में होगा। उन्होंने शास्त्रीय मर्यादा का उल्लंघन जान बूझकर किया। ऐसा सुना है कि भाजपा अयोध्या में भी हार गई। सीएम योगी 32 साल से मेरे परिचित है, लेकिन उन्होंने मुझे मुंह की देने के लिए एक आतंकवादी को शंकराचार्य के रूप में बुलाना शुरू किया और उसे स्थापित किया। शंकराचार्य और धर्माचार्यों को लेकर मोदी और योगी में जो अहंकार की पराकाष्ठा है। उन्हें अब संभलने की आवश्यकता है। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि नरसिंहराव आए और मुझसे टकराए, सबको पता है उनकी क्या दुर्गति हुई। ज्योति बसु, मुलायम सिंह यादव और लालू यादव मुझसे टकराए। जो सत्ता में आता है, वह पुरी शंकराचार्य से टकराता है। हम किसी से टकराते नहीं, लेकिन अगर कोई मुझे टकराता है तो मैं तो हार मानता नहीं और वह चारों खाने चित हो जाता है। मोदी और योगी की ओर इशारा करते हुए पुरी शंकराचार्य ने कहा कि अभी भी यह अगर न संभले तो चारों खाने चित हो ही जाएंगे। कहा कि अभी सपा और कांग्रेस वाले होली मना रहे हैं। उनके पौरूष से उनको विजय नहीं मिली है। बल्कि भाजपा की अदूरदर्शिता के कारण उनको विजय मिली है। केंद्र में बनने वाली गठबंधन की सरकार को लेकर किए गए सवाल पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि तोड़फोड़ और खरीद बिक्री का काम तो चलता है लेकिन अब छाती की चौड़ाई वो नहीं रह पाएगी।

इमरजेंसी के सामने धरने पर बैठ गए पूर्व विधायक के पुत्र

बहराइच। मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में दो घंटे से भर्ती बेटी को इलाज न मिलने के विरोध में पूर्व भाजपा विधायक के पुत्र धरने पर बैठ गए। इससे हड़कंप मच गया। धरने की जानकारी होने पर मेडिकल कॉलेज के चिकित्साधीक्षक पहुंचे।

शहर के सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला रायपुर राजा निवासी बृजेंद्र पाल सिंह, पूर्व भाजपा विधायक जटाशंकर सिंह के पुत्र हैं। बृजेंद्र पाल सिंह की पुत्री चेष्ठा सिंह (15) की तबियत खराब हुई। सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगी तो पूर्व विधायक के पुत्र ने बेटी को शनिवार दोपहर 12.15 बजे मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ले गए। यहां पर काफी मिन्नत के बाद भी इलाज नहीं हुई। जिस पर पूर्व विधायक के पुत्र ने 25 नंबर वार्ड में जाकर डॉक्टर रजत से इलाज की बात कही, लेकिन डॉक्टर नहीं आए।

टहनियों के सहारे बिछा दी मौत की लाइन

बिजली विभाग का कारनामा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार। जिले के बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बुजुर्ग की जान चली गई। लापरवाही का आलम तो देखिए, एक सूखे पेड़ की टहनियों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन दौड़ा दी गई। शुक्रवार को इंसुलेटर पर बंधा तार नीचे आ गया, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग की जान चली गई थी। शनिवार को सोसल मीडिया पर सूखे पेड़ की टहनियों में बंधे तार की फोटो वायरल हुई तो बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ गई। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारी संविदाकर्मियों की लापरवाही बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। साथ ही पेड़ से तारों को हटा लिया है। यह भी कहा कि मृतक को शासन से अनुमन्य मुआवजा दिया जाएगा।

सूखे पेड़ की टहनियों पर बंधी हाईटेंशन की लाइन। अमृत विचार

मामला लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली बिजली सब स्टेशन अंतर्गत गांव डहर का है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने एक सूखे पेड़ की तीन डालों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की लाइन दौड़ा दी। शुक्रवार की तड़के आई आंधी के कारण इंसुलेटर बंधी लाइन नीचे आ गई। सुबह डहर गांव के मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 साल के रामपाल भार्गव खेत में घास काटने गए थे तो वह इस लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव वालों संग परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की थी। इधर शनिवार को सूखे पेड़ की तीन डालों पर बंधे इंसुलेटर से निकाली गई बिजली लाइन की तस्वीर वायरल हुई तो हर कोई हैरान रह गया। सोसल मीडिया पर इंसुलेटर बंधा ये पेड़ खूब ट्रेंड हो रहा है। लोगों का कहना है कि यह बिजली विभाग की नई खोज है, जिसमें अब उन्हें खंभे की जरूरत नहीं रह गई है।

अधिशासी अभियंता करेंगे जांच

- बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रथम राम शबद मामले को लेकर गंभीर हैं। उनका कहना है कि यह सब संविदा कर्मियों की लापरवाही से हुआ है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों आए तूफान के कारण बिजली पोल गिर गया था, जिसके कारण आनन फानन लाइन बिछा दी गई थी, लेकिन यह जेई स्तर की बड़ी लापरवाही है। मामले की जांच अधिशासी अभियंता ग्रामीण अमित कुमार को सौंप दी है। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बुजुर्ग की मौत का बेहद अफसोस है। मृतक के परिजनों को शासन से अनुमन्य मुआवजा मिलेगा।

मठ बाघंबरी के महंत बलबीर गिरी मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

महंत बलबीर गिरी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

प्रयागराज। मठ बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि ने शनिवार को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मुलाकत की। वहां उन्होंने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे कैलाशवासी महंत नरेंद्र गिरि की समाधि व प्रतिमा अनावरण को लेकर वार्ता की। महंत नरेंद्र गिरि की समाधि व प्रतिमा अनावरण । जुलाई माह में होगा। इस दौरान उन्होने प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। महाकुंभ के मद्देनजर होने वाले ज्यादातर कार्यों के बारे में सीएम को जानकारी दी। वहीं, कैलाशवासी नरेंद्र गिरी महाराज की समाधि और प्रतिमा अनावरण के लिए बातचीत हुई। अगले महीने प्रतिमा के अनावरण के साथ-साथ नवर्निमित गोशाला के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया।

शनिवार को मठ बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मुलाकात करने के लिए लखनऊ पहुंचे। यहां प्रयागराज में चल रहे विकास कार्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मठ में विकास कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि अगले महीने कैलाशवासी महंत नरेंद्र गिरि जी महाराज की समाधि और मूर्ति के अनावरण होगा।

14 तक करा लें आधार कार्ड में संशोधन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- यूआईडीएआई ने निर्धारित की 50 रुपये की फीस

अमृत विचार। अगर आपने कई वर्षों से अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है तो यह खबर आपके काम की है। आधार कार्ड को मुफ्त में अपडेट करवाने की आखिरी तारीख 14 जून 2024 (शुक्रवार) है। इसके बाद आधार कार्ड में कुछ भी बदलाव कराने के लिए आपको 50 रुपये का शुल्क अदा करना पड़ेगा। डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत लिख गई है तो आप यूआईडीएआई के नियमानुसार केवल एक बार ही संशोधन करा सकते हैं। इसके लिए जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, अंकपत्र, कार्यदायी संस्था की ओर से दिया गया फोटोयुक्त पहचानपत्र में से कोई एक दस्तावेज लाना जरूरी है।

लगभग हर उम्र के लोगों के पास आधार कार्ड के रुप में प्रमुख दस्तावेज है लेकिन देखने में आया

है कि काफी समय पहले के बने आधार कार्ड में साफ फोटो न आने के साथ कई लोग दूसरे स्थान पर विस्थापित हो गए हैं। या फिर अपने नाम में कुछ बदलाव किया है। ऐसे में आधार कार्ड में भी बदलाव कराने की सुविधा यूआईडीएआई अभी तक क्या था कि कोई भी आधार कार्ड में सिर्फ एक बार अपने निकट के डाकघर में जाकर संशोधन करा सकता था लेकिन अब इसमें बदलाव करते हुए शुल्क लेने की व्यवस्था तय कर दी गई है। अब 14 जून के बाद आधार कार्ड में संशोधन कराने पर 50 रुपये का शुल्क देना होगा।

आधार कार्ड संबंधित कार्य बैंक और डाकघर जैसे सरकारी संस्थानों में प्रमुखता के साथ किया जा रहा है। डाक विभाग के अधिकारियों के अनुसार अपने नाम में बदलाव के लिए जिन दस्तावेजों की जरुरत होंगी। उनमें विकलांगता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, अधिवास प्रमाणपत्र/, निवास प्रमाणपत्र, मनरेगा, एनआरईजीएस जॉब कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, किसान फोटोग्राफ पासबुक, अंकतालिका, विवाह प्रमाणपत्र, नागरिकता प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र/ स्थानांतरण प्रमाणपत्र, सेवा फोटो पहचान पत्र, एससी/एसटी/ ओबीसी प्रमाणपत्र, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, पेंशनभोगी का फोटो कार्ड, राज्य स्वास्थ्य विभाग के राजपत्रित अधिकारी से जारी मानक प्रमाणपत्र आदि शामिल हैं। डाक अधीक्षक घनश्याम कुमार के अनुसार आधार संशोधन में 14 जून के बाद निर्धारित शुल्क देना होगा।

बाहर से हटा तो गुरुद्वारे में लगा दिया भिंडरावाला का पोस्टर

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- तहसीलदार ने पहुंचकर कमेटी से वार्ता की तो फिर से हटाया

अमृत विचार। गुरुद्वारा में भिंडरा वाला के पोस्टर को लेकर प्रशासन के साथ आंख-मिचौली थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को गुरुद्वारा के बाहर से हटाए जाने के बाद पोस्टर गुरुद्वारा परिसर के अंदर लगा दिया गया। तहसीलदार गुरुद्वारा पहुंचे और कमेटी से वार्ता की। इसके बाद पोस्टर हटा दिया गया।

पूरनपुर-खुटार रोड पर स्थित रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा था। पुलिस ने पोस्टर हटाने को कहा था। निर्धारित समय में पोस्टर न हटाए जाने पर गुरुद्वारा के प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बुधवार रात अज्ञात लोगों ने पोस्टर हटा दिया। इससे आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने शुक्रवार को

भिंडरावाला का दूसरा पोस्टर लगा दिया था। देर शाम पहुंचे एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कमेटी से बातचीत की। उसके बाद पोस्टर हटा दिया गया। इसके बाद कमेटी ने पोस्टर को गुरुद्वारे के अंदर लगा दिया। शनिवार शाम तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने कमेटी से बात की। सहमति के बाद अंदर से भी पोस्टर हटा दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि कमेटी ने सौहार्दपूर्ण तरीके से पोस्टर खुद ही उतार दिया। कोई विवाद नहीं है।

माफिया अशरफ के दोनों सालों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद अब उनके रिश्तेदारो पर गाज गिरना शुरु हो गयी है। पुरामुफ़्ती पुलिस ने अब माफिया अशरफ के साले जैद मास्टर और सद्दाम की हिस्ट्रीशीट खोलते हुए हिस्ट्रीशीट नंबर जारी कर दिया है। सद्दाम को मिला नंबर 34 बी व जैद मास्टर को 35 बी नंबर जारी किया गया है।

अशरफ का साला सद्दाम इन दिनों बदायूं जेल में बंद है। वह उमेशपाल हत्याकांड मामले में आरोपी बनाया गया है। जैद मास्टर पर 2009 से 2024 तक कई अपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जबकि सद्दाम पर 2015 से अब तक कुल 15 मामले दर्ज हैं। वह इस घटना की पूरी साजिश में शामिल हुआ था। जेल में बंद रहे अशरफ से सभी शूटरो को सद्दाम ने ही मिलवाया था।

10 दिवसीय होगा कार्यक्रम | भाजपा की हार पर आ रही टिप्पणी को लेकर संत घर-घर जाकर लोगों को समझाएंगे

नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव पर लगेगा संतों, मुख्यमंत्रियों का जमावड़ा

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के 10 दिवसीय जन्मोत्सव में कई राज्यों के मुख्यमंत्री के अलावा संत-धर्माचार्यों का अयोध्या में जमावड़ा लगेगा। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बताया कि 12 से 21 जून तक जन्मोत्सव का कार्यक्रम चलेगा। इन 10 दिनों के बीच श्री रामचरितमानस का अष्टोत्तर शतपाठ, श्रीराम महायज्ञ, श्री मद्भागवत कथा और फूल बंगले की झांकी सजाई जाएगी, जिसमें शामिल होने के लिए पूरे देश के संतों को भी हमने आमंत्रित किया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन देश अलग-अलग हिस्सों से आये साधु-संतों के साथ चिंतन करेंगे। सामाजिक समरसता के विषय मे वार्ता की जाएगी। कहा

महंत नृत्यगोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जानकारी देते हुए।

- महंत कमल नयन दास ने कार्यक्रम की जानकारी दी

कि हमारा मुख्य विषय राष्ट्र है।

21 जून को आयोजित होने वाले संत सम्मेलन में अयोध्या सीट पर हार पर भी मंथन किया जा सकता है। हालांकि अयोध्या को लेकर हो रही तरह-तरह की आलोचना के विषय में महंत कमलनयन दास ने बताया कि ज्ञान के अभाव में लोग ऐसा बोल रहे हैं। उनको बताना चाहूंगा कि अयोध्या के संतों ने भाजपा को वोट दिया है। अयोध्या से भाजपा जीती हुई है। अयोध्या की भोली-भाली जनता को बरगलाया गया। उनको लालच दिया गया है। प्रलोभन दिया गया है। उनको आरक्षण के नाम पर डराया गया है। सम्मेलन के माध्यम से लोगों से अपील की जाएगी। किसी के बहकावे में ना आएं। हम लोग अयोध्या विधानसभा से जीते हुए हैं। इस तरह से टिप्पणी करना सही नहीं है। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो साधु-संत गांव-गांव और घर-घर बताने के लिए जाएंगे।

योगी समेत आरएसएस के पदाधिकारी लेंगे भाग

- देशभर से लगभग 500 से अधिक जगद्गुरु, पीठाधीश्वर, धर्माचार्य, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साई समेत संघ और विश्व हिंदू परिषद के बड़े पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

रामलला व बीजेपी का संबंध वोट से नहीं: डॉ. हिमंत

अयोध्या। लोकसभा चुनाव में जीत के बाद असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा भाजपा के 11 नवनिर्वाचित सांसदों के साथ शनिवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे। इस दौरान कई विधायक भी उनके साथ थे। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा ने लोकसभा चुनाव में अयोध्या सीट हार के बाद सोशल मीडिया पर ट्रोल को लेकर कहा यह सही नहीं है। लोग यह ना समझें रामलला और बीजेपी का संबंध वोट से हैं। उन्होंने कहा कि हमें पांच साल नहीं, 50 साल लंबी सरकार चलानी है। जीतने हारने का काम चुनाव से पहले सोचना चाहिए। चुनाव के बाद यह वार्ता ही नहीं करना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। इसके सभी हनुमानगढ़ी पहुंचे। इसके बाद रामलला का भी आशीर्वाद लिया।

दर्शन कर लौटे असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा व अन्य।

सुरक्षा के बीच अब्बास अंसारी पैरोल पर गाजीपुर रवाना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार। माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी को पैरोल पर गाजीपुर भेज दिया गया। शनिवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच उसे जिला जेल से रवाना किया गया। अब्बास अंसारी तीन दिन गाजीपुर में रहकर अपने पिता की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। वहां से 12 जून को कांसगंज लाने के बाद अब्बास अंसार को जिला जेल में दाखिल कर दिया जाएगा।

अब्बास अंसारी।

माफिया मुख्तार अंसारी का विधायक बेटा अब्बास अंसारी कासगंज जेल में निरुद्ध है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उसे नौ से 11 जून तक पैरोल मिली है। इसके लिए अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डाली थी, जो मंजूर हो गई।

> अब्बास अंसारी को शनिवार दोपहर एक बजे कड़ी सुरक्षा के साथ गाजीपुर के लिए भेजा गया है। वह 11 जून तक गाजीपुर में रहेगा। इसके अगले दिन 12 जून को कासगंज लाकर जिला जेल में शिफ्ट किया जाएगा।
>
> – विजय विक्रम सिंह, जेल अधीक्षक

गाजीपुर में अब्बास अंसारी 9,10 और 11 जून तक रहकर अपने पिता मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। वकील केशव मिश्रा ने बताया शनिवार दोपहर एक बजे पुलिस अब्बास अंसारी को लेकर गाजीपुर के लिए रवाना हुई। तीन दिन तक अब्बास अंसारी गाजीपुर में रहेगा। वहां अब्बास अंसारी अपने पिता मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। शाम पांच बजे तक अब्बास अंसारी को उनके परिवार के लोगों से मिलने दिया जाएगा। छह बजे के बाद उसे गाजीपुर जेल में रखा जाएगा।

एक नजर

रामोजी राव के निधन पर योगी ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। योगी ने मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके योगदान को अभूतपूर्व और अतुलनीय करार दिया है।

सपा नेता डीपी यादव के निधन से अखिलेश दुखी

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा के मुरादाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव (58वर्ष) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

स्थाई वैध लाइसेंस वाले कर रहे ज्यादा दुर्घटनाएं

नीरज मिश्र, लखनऊ

▸▸ प्रदेश में हादसों के कारणों पर हर साल तैयार होती रिपोर्ट

▸▸ 28,752 एक्सीडेंट हुए वैध लाइसेंस धारकों से

अमृत विचार: आमतौर पर धारणा रहती है कि जिनके पास वैध या पक्के लाइसेंस नहीं हैं और उन्होंने वाहन चलाने की ट्रेनिंग ठीक से नहीं ली है। ऐसे में सबसे अधिक हादसे बिना लाइसेंस वाले ही करते हैं। लेकिन सच में ऐसा नहीं है। सबसे ज्यादा हादसे वैध लाइसेंस धारक ही करते हैं। यह हम नहीं बल्कि हर साल तैयार होने वाली रिपोर्ट कह रही है। बीते कैलेंडर वर्ष-2023 के आए प्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि इनमें सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं वैध स्थायी लाइसेंस वालों से हुई हैं। दरअसल दुर्घटना के बाद सबसे पहले वाहन चलाने वाले के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जाती है। इसी से पता चलता है कि उसके पास वैध डीएल है या नहीं।

सबसे ज्यादा होती हैं दुर्घटनाएं: अच्छे मार्ग और उस पर अनियंत्रित गति में फर्राटा भरते वाहनों से सबसे अधिक दुघर्टनाएं नेशनल हाइवे पर होती हैं। बीते वर्ष एनएचएआई पर 9,971 हादसे हुए। इसमें 5,679 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक्सप्रेस-वे पर 3,275 हादसों में 1,761 लोगों की मौत हुई। वहीं एनएच से जुड़े अन्य विभागों पर 1,938 घटनाओं में 1,006 लोग काल कवलित हुए।

ये है आंकड़ा

बीते वर्ष का जो आंकड़ा आया है उनमें करीब 28,752 एक्सीडेंट वैध लाइसेंस धारकों के हिस्से आए हैं। तो लर्नर लाइसेंस वालों ने 2,830 और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों ने 3,534 दुर्घटनाएं की हैं। इनमें 9,418 लोग ऐसे भी हैं जिनसे घातक एक्सीडेंट हुए हैं। इनसे बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं।

2023 में हुईं दुर्घटनाएं

लाइसेंस के प्रकार	हादसों की संख्या
वैध लाइसेंस धारक	28,752
लर्नर लाइसेंस	2,830
बिना लाइसेंस	3,534

"हादसे लापरवाही के कारण होते हैं। मामूली सी असावधानी हादसे का सबब बन सकती है। ऐसा नहीं है कि वैध लाइसेंस धारक हादसे करते हैं। दरअसल लंबे समय से वाहन चला रहा लाइसेंसधारक व्यक्ति थोड़ा लापरवाह हो जाता है। इसी को लेकर विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि सुधार आएगा।

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

आश्रम पद्धति विद्यालयों को मिले प्रधानाचार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रवक्ताओं की प्रोन्नति

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग के संचालित 22 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (आश्रम पद्धति विद्यालय) में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की गई है। ये नियुक्ति यहां पढ़ाने वाले प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर की गई है। राज्य सरकार का इसके पीछे उद्देश्य इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने का है। इसी वर्ष फरवरी माह में भी 11 प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया गया था।

दरअसल, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा 103 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि विद्यालयों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है, ताकि विद्यालयों के प्रशासनिक कार्यों के साथ तकनीक आधारित शिक्षा के ढांचे को और मजबूत किया जा सके।

भाजपा का स्पीकर नहीं होना चाहिए : संजय

अमृत विचार, लखनऊ: आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, भाजपा के स्पीकर से लोकतंत्र को खतरा है इसलिए यदि टीडीपी की मांग पूरी नहीं की जाएगी तो इंडी गठबंधन इस पर विचार करेगा।

गोमती नगर पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस काफ्रेंस में उन्होंने मतगणना में धांधली की आशंका जाहिर करते हुए कहा कि फर्रुखाबाद, बांसगांव और फूलपुर की सीटों पर भाजपा के जीत का अंतर दो से चार हजार है। वो भी तब जब काउंटिंग के अंतिम समय में बिजली काट दी गई थी। क्या बिजली काट कर कोई खेला किया गया है।

अभियंताओं की लापरवाही ले रही लोगों की जान

जमीन-भवन के निकट से गुजरी बिजली लाइनों से हो रही मौत

रमेश चन्द्र, लखनऊ

▸▸ नहीं दुरुस्त हो रहीं बिजली की जर्जर लाइनें

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति से जुड़े अभियंताओं की लापरवाही से आम लोगों की जान जा रही है। जर्जर बिजली लाइनें न बदले जाने व जमीन-भवन से निर्धारित दूरी पर लाइनों के न होने के कारण लोग करंट की चपेट में आ रहे हैं। पिछले दिनों राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना (रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) चल रही है। इस योजना में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, उपकेंद्रों की 'ओवरलोडिंग' कम करने, बिजली चोरी रोकने व दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नंगे तारों की जगह एबीसी केबिल बिछाये जाने, आवश्यक स्थानों पर बिजली खंभे लगाये जाने आदि कार्य शामिल हैं। इस योजना के तहत स्वीकृत साढे.सोलह हजार रुपये से सुधार कार्य चल रहा है।

पावर कॉरपोरेशन व सहायक वितरण कंपनियों के अफसरों की ओर से इस योजना पर तेजी से सुधार कार्य होने का दावा किया जा रहा है, पर धरातल पर सुधार कार्य का असर नहीं दिख रहा है। स्थानीय खराबियों के कारण भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग बेहाल हैं। इस बीच, बिजली लाइनों की चपेट में आने से लोग मौत के शिकार हो रहे हैं।

लखीमपुर में बुजुर्ग की मौत पर रिपोर्ट तलब

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने लखीमपुर में बिजली लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग राम पाल भार्गव के मौत प्रकरण को गंभीरता से लिया है। कॉरपोरेशन ने लखीमपुर के संबंधित अधीक्षण अभियंता को मामले की जांच कर रिपोर्ट कॉरपोरेशन में भेजने को कहा है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद दोषी अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में बिजली आपूर्ति सुधार के साथ ही करंट से हो रही मौत की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित बिजली निगमों व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। अफसरों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने को कहा गया है। इस पर ध्यान न देने वाले अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

–जीडी द्विवेदी, निदेशक वितरण, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन

प्रमुख घटनाएं

- बीते दिन लखीमपुर में मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 साल के रामपाल भार्गव खेत में घास काटने गए थे, वापस लौटते वक्त वह इस लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।
- सात मई को हरदोई जिले के हरपालपुर में गांव में फसल की रखवाली कर रहे पति को खाना देने गई पत्नी हेमकली पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। करंट की चपेट में आई पत्नी को बचाने के लिए पति भी पहुंच गया। घटना में दोनों की मौत हो गई।
- 22 मई को फतेहपुर के मलवां क्षेत्र में ट्रैक्टर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई थी।
- 11 मार्च को गाजीपुर में बरातियों से भरी बस हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गई थी। इस घटना में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी लाइन ठीक नहीं की गई थी। घटना के बाद अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता को निलंबित किया गया था, जबकि एक संविदा कर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई थी।

विरोध लखनऊ के हजरतगंज स्थित प्रताप भवन के बाहर नीट दोबारा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

राहुल वायनाड सीट से जल्द दे सकते हैं इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हो रही चर्चा

अमृत विचार: कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में लाने की कवायद के बीच उनके दो सीटों में से एक सीट को छोड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में चर्चा है कि राहुल केरल की वायनाड सीट छोड़ सकते हैं। प्रदेश के नेताओं ने राहुल गांधी से रायबरेली सीट न छोड़े जाने की अपील की है।

2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़े थे। वह अमेठी से चुनाव हार गये थे, जबकि वायनाड सीट पर उन्हें विजय हासिल हुई थी। 2024 के चुनाव में भी वह वायनाड सीट के साथ ही रायबरेली सीट से चुनाव मैदान में उतरे। नेहरू-गांधी परिवार की ओर से विरासत समझी जाने वाली इस सीट पर राहुल ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को हराकर जीत हासिल की। जबकि वायनाड सीट पर उन्होंने 3,64,422 मतों से जीत हासिल की है। 2019 में उन्होंने चार लाख से ज्यादा मतों के अंतर से चुनाव जीता था। शनिवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस प्रकरण पर चर्चा हुई। इस पर औपचारिक फैसला 17 जून से पहले आने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में केरल के नेताओं ने वायनाड की जनता की भावनाओं को अवगत कराया।

हेड कांस्टेबल से दरोगा बने 643 पुलिसकर्मी

अमृत विचार, लखनऊ: चुनाव आचार सहिंता खत्म होते ही प्रदेश सरकार कार्मिकों का लगातार प्रमोशन कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षकों की प्रोन्नति के बाद अब 643 हेड कांस्टेबल से दरोगा के पद पर प्रोन्नति का तोहफा मिला है। डीआईजी स्तापना प्रभाकर चौधरी ने पुलिस कर्मियों के प्रोन्नति की लिस्ट जारी की है।

ढाई करोड़ का गोल्ड लोन फ्रॉड करने वाला बैंक मैनेजर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक का मैनेजर रहते हुए किया था फ्रॉड

▸▸ थाणे क्राइम ब्रांच और एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से हुआ गिरफ्तार

अमृत विचार: महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक में बतौर मैनेजर ढाई करोड़ के गोल्ड लोन का फ्राड करने वाला आरोपी राजधानी में गिरफ्तार किया गया है। फ्राड के बाद थाणे में मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ था, तभी से थाणे क्राइम ब्रांच और उप्र. एसटीएफ तलाश रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि जौनपुर के मछली शहर निवासी गिरिजा शंकर तिवारी थाणे में फेड बैंक का मैनेजर था। शनिवार को पता चला कि आरोपी सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के खेवली हसनपुर में मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। थाणे क्राइम ब्रांच की टीम यहां पहले से मौजूद थी। इस दौरान क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और गिरिजाशंकर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गिरिजा शंकर ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्ष 2009 से विभिन्न बैंक एवं इंश्योरेंस कम्पनियों में पदस्थ रहा तथा दिसंबर 2021 से फैड बैंक महाराष्ट्र में ब्रान्च मैनेजर के पद पर रहते हुए, ग्राहकों से कम ब्याज दर पर गोल्ड लोन देने के लिए गोल्ड जमा करवाता रहा था। लेकिन उस गोल्ड को बैंक में जमा न करके अपने पास ही रखे रहा। गोल्ड लोन की धनराशि भी ग्राहकों को स्वंय के स्तर पर ही दी गई। बाद में गोल्ड सहित गिरिजाशंकर गायब हो गया। बताया कि उसने गोल्ड को बेच कर प्रापर्टी में निवेश किया है। इस समय ट्रोनिका प्रापर्टी सोल्यूशन प्रालि के नाम से लखनऊ में प्रापर्टी का काम करता है।

वर्ग पहेली-95

बाएं से दाएं

1. 1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5. 1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

ऊपर से नीचे

1. 1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण 3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4. 1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6. 1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।



वर्ग पहेली -94 का हल

		1 सं	स्	का	री	
2 वि		क				3 धू
भा		ट		4 रे		म
5 ज	ग	म	गा	ह	ट	
न		य		न		6 फे
का				ना		र
री		7 ब	न	मा	ली	

आईजीआरएस पर मिले आवेदनों का तेजी से हो निस्तारण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्री भी करें समीक्षा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। यहां जनसुनवाई को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिगण हों, अन्य जनप्रतिनिधि हों अथवा अधिकारी, कर्मचारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए।

इसी क्रम में योगी ने कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई- कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई- ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।

विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। वहीं भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में मंत्रीगण योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना तय किया जाए।

बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों का न रहना बना चर्चा की विषय

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में उप्र. से भाजपा को लगे झटके के बाद से यहां से लेकर दिल्ली तक मंथन जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शनिवार को मंत्रियों की बुलाई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का मौजूद न होना चौंकाने वाला रहा।

राजनीति और शासन के गलियारों में इसकी चर्चा रही। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद दोनों उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी लखनऊ वापसी के बजाय शनिवार को दिल्ली में ही बने रहे। इधर लखनऊ की बैठक में सहयोगी दलों की तरफ से आशीष पटेल, ओम प्रकाश राजभर संजय निषाद और अनिल कुमार मौजूद रहे। इनके अलावा मंत्री से सांसद बने अनूप वाल्मीकि और जितिन प्रसाद भी यहां आए। इन्हीं मंत्रियों में से एक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दिल्ली से ऋषिकेश जाएंगे। वहीं केशव मौर्य के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

ओपी राजभर ने दी प्रतिक्रिया

योगी की बैठक से निकले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने मीडिया कहा कि अपने-अपने विभागों में बेहतर काम करने के लिए कहा गया है। पार्टी की हार-जीत पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनुपस्थिति पर कहा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह है, जहां दोनों मौजूद रहेंगे।

सुडोकू-8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			7		2			5
	6	1		8		2		
			3		1			8
				2			9	3
		7	5		4	6		
4	8			1				
2			1		6			
		8		5		1	4	
9			4		8			6

सुडोकू - 7 का हल

7	6	1	8	2	9	5	3	4
3	9	8	4	6	5	1	2	7
5	4	2	3	7	1	9	6	8
9	2	3	1	5	8	7	4	6
4	5	7	6	9	3	8	1	2
8	1	6	2	4	7	3	9	5
6	7	5	9	1	4	2	8	3
1	8	4	7	3	2	6	5	9
2	3	9	5	8	6	4	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .20 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष – आज का दिन किसी विशेष घटना से आपको अवगत कराएगा। कारोबार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे।

वृष – आज अहंकारी व्यवहार के कारण कुछ नजदीकी लोग आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे। शाम के समय आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद और सौहार्दपूर्ण रहेगा। कड़े और मजबूत निर्णय आप ले सकते हैं।

मिथुन – आज विदेशों में जॉब के इच्छुक लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल है। परिजनों के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। फिल्म और अन्य ललित कलाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

कर्क – आज व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से थोड़े मायूस हो सकते हैं, लेकिन इस बीच आप नया कुछ जानने की भी चेष्टा करते रहेंगे। मित्रों से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संभव है की आपको परेशानियों का समाधान मिल जाए।

सिंह – आज किसी कार्यक्रम में सम्मिलित भी हो सकते हैं। भविष्य को लेकर भय उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य खराब हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

कन्या – आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक ग्राहकों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विरोध करने लोग भी आपके अनुकूल हो जाएंगे। सभी काम अच्छी गति से होते रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

तुला – आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। स्वतंत्र होकर काम करना पसंद करेंगे। सामाजिक हितों के कार्यों में आप भाग लेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

वृश्चिक – आज आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आप अपने काम को बदलने का भी विचार कर सकते हैं। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ धन को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

धनु – आज परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने की भी योजना बना सकते हैं, किंतु रात के समय वाहन चलाने से आपको बचना चाहिए। आप घर में काफी अच्छा समय बिताएंगे। प्रेमी जन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

मकर – आज आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है। शोध कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। घर में साधु-संतों का आगमन हो सकता है। किसी कानूनी मामले का बातचीत से समाधान निकल सकता है। जीवनसाथी आपकी काफी मदद करेगा।

कुंभ – आज ऐसे लोगों के सामने अपनी बात न रखें जो आपका सम्मान न करते हैं। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कमीशन से जुड़े व्यवसाय में अच्छा लाभ हो सकता है। घर के रख-रखाव में धन खर्च होगा।

मीन – आज आप किसी अनावश्यक बात को लेकर परेशान रहेंगे। धार्मिक विषयों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। छात्रों को पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ेगा। आप आराम करने के मूड में रहेंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधारने पर काम कर सकते हैं।

आज की फिल्में

फर्ज
दोपहर : 12 .00

मेला
रात : 07 .39

खिलाड़ी 786
सुबह : 10 .58

गली बॉय
रात : 08 .00

ग्रैन टूरिस्मो
सुबह : 10 .38

इफ चैप्टर टू
रात : 08 .45

त्रिशूल
सुबह : 09 .50

सारांश
रात : 07 .45

द रिर्टन ऑफ रिबेल
सुबह : 08 .26

पुलिसवाला गुंडा 2
शाम : 05 .03

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति–मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार– बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊ?
औरत– मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

संशोधन के लिए नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स की होगी जांच

नीट परीक्षा विवादः गठित की गई समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक (ग्रेस मार्क्स) वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने कहा कि समिति फिर से जांच करके अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगी, जिससे नतीजों में संशोधन में किया जा सके।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक

विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यार्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा-1,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा-कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद करने की मांग की, राज्य के छात्रों के साथ अन्याय का आरोप

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को तत्काल रद करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बात करते हुए कहा-शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं। इसके परिणाम ऐसे हैं कि महाराष्ट्र के किसी भी छात्र को राज्य के सरकारी या निजी कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा।

गुरुकुल स्कूल ऑफ आर्ट के छात्र मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले अपने हाथ से बनाई उनकी पेंटिंग के साथ पोज देते हुए। ● एजेंसी

एक नजर

दो आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे दो आतंकवादियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारामूला के तिलगाम निवासी जलील अहमद राठेर और मोहम्मद अशरफ मीर आतंकवादियों के आकाओं के तौर पर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने आठ कनाल और चार मरला जमीन कुर्क की।

पूर्वी दिल्ली में दो मंजिला इमारत में लगी आग

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार पूर्वी आजाद नगर में आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई थी, जिस पर दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में फिर हिंसा

● उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए एक कमांडो की टुकड़ी भेजी गई

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए।

जिरीबाम के जिलाधिकारी ने बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा-मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।'' अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर भड़की हिंसा के बाद यहां के लगभग 239 लोगों को उनके गांवों से निकाल कर जिरी शहर के खेल परिसर में स्थापित किए गए नए शिविरों में भेजा गया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद छह जून को जिला प्रशासन ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

पोंजी फर्म का निदेशक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा में 123 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से 123 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी के निदेशक तुषार भांजो को पश्चिम बंगाल के हरिदेवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों ने कहा आरोपियों ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बंगलादेश के लगभग 34,000 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी निदेशक भांजो को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आयकर अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पांच जून को एसीजेएम, अल्लीपुर, कोलकाता की कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड के आधार पर भुवनेश्वर लाया गया और शनिवार को कटक में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कंपनी हरित कृषि निधि लि., मेसर्स ट्रांसविजन ड्रीम मल्टी ट्रेड प्रा. लि. और उसके निदेशक तुषार भांजो के खिलाफ शिकायतकर्ता मनमोहन डोरा के आरोप पर मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दिल्ली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। बीबीए ने कहा-बच्चों को शिक्षा दिलाने का झांसा देकर तस्करी कर लाया गया था।

एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बीकेई ने निकाला रोष मार्च

सिरसा, एजेंसी

कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण

● बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा

पंजाब के मोहाली हवाई अड्डे पर हुए घटनाक्रम में महिला सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने सिरसा में जोरदार रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च यहां नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ।

बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों और उनके परिवारों के खिलाफ

आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट पर पिछले ढाई साल से उसकी पोस्टिंग है। इतने लंबे समय में एक भी शिकायत उसके खिलाफ नहीं है। फिर कंगना रनौत के साथ ही ऐसा क्यों हुआ, यह भी जानने का विषय है। अलौख ने कहा कि प्रशासन कुलविंदर कौर द्वारा मोहाली हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की सच्चाई को छिपाकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहा है। सुश्री रनौत की शुरू से यह आदत रही है कि वह हमेशा भडक़ाऊ बयान देकर समाज में अराजकता फैलाती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी देश को बांटने वाले और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़वाने वाले बयान देते रहते हैं।

भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ मामला दर्ज हो : मजीठिया

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने शनिवार को मांग की कि फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज होना चाहिए। श्री मजीठिया ने एक्स पर वीडियो संदेश जारी कर इस पर ऐतराज उठाया कि सीआईएएफ जवान कुलविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और रनौत के खिलाफ नहीं। उन्होंने पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कार्यवाही करने का आरोप लगाया और मामले की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच करने की मांग की।

सुरक्षाकर्मियों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए : शबाना आजमी

नई दिल्ली। दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला कॉन्स्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना पर शनिवार को कहा कि सुरक्षाकर्मियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक कॉन्स्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	9800-10000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7700-7800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	17300-17400
अरहरस्पेशल1	14700-14800
चनादाल	8300-8400
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7300-7350
मसूरदाल	7500-7550
उड़ददाल	9000-11800
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8700-9500
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1325-1350
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

भारत में अपनी कंपनियों के माध्यम से रोमांचक काम करने को उत्साहित : मस्क

ईवी कंपनी टेस्ला के मालिक ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों के माध्यम भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने की मस्क की शुभकामनाओं की सराहना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जवाब में एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज

नई दिल्ली। बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

दूसरी उड़ान के लिए यात्रियों को चेक-इन नहीं ले जाना पड़ेगा अपना सामान

नई दिल्ली, एजेंसी

● दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से सीधे टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव

दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह,

अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-1 तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,000
गिन्नी (प्रति नग)	54,400-54,600
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,000
सोना जेवरात गिन्नी	71,000
चांदी पक्की	885 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,000
चांदी आभूषण	91,700।

पान मसाला और तंबाकू निर्माता कंपनियों को टैक्स चोरी में अब होगी मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

● जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए जारी किया नया फार्म

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

एसकेआरएयू के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

बीकानेर। राजस्थान में बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह 11 जून को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.आर.छींपा, दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र-कर्नाटक व दिल्ली शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में किया गया खुलासा

ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6

प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा-भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में 5% की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।

भारत-पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर रहेगी नजर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है।

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा।

मैच का समय : रात आठ बजे

- नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच की आलोचना के बाद आईसीसी ने इसे स्वीकारा

क्यूरेटर भी न्यूयॉर्क की पिचों को लेकर भ्रमित हैं : रोहित शर्मा

न्यूयॉर्क। नासाउ काउंटी मैदान के पिच के अप्रत्याशित बर्ताव से हैरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में इससे क्या उम्मीद की जाए क्योंकि यहां की ड्रॉप-इन विकेट को लेकर क्यूरेटर भी भ्रमित हैं। ड्रॉप-इन पिचों को आयोजन स्थल से दूर तैयार करने के बाद मैदान में लगाया जाता है। न्यूयॉर्क में खेले गये मैचों में कम स्कोर बने हैं। इसमें आयरलैंड के खिलाफ भारत का पहला मैच भी शामिल है, जब आयरलैंड 100 से कम स्कोर पर आउट हो गया था। आईसीसी को भी पिच की खामियों को स्वीकार करते हुए एक बयान जारी करना पड़ा। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि न्यूयॉर्क हमारा घरेलू मैदान नहीं है। हमने यहां दो मैच खेले हैं लेकिन हमें इसकी प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह अलग-अलग दिनों में अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है, इसलिए क्यूरेटर भी भ्रमित है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि हमें किस तरह की सोच रखने की जरूरत है। हम नहीं जानते कि हम किस पिच पर पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं, इसलिए जो भी बेहतर क्रिकेट खेलेगा वह मैच जीतेगा। रोहित ने कहा कि आउटफील्ड धीमी होने से चिंताएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आउटफील्ड धीमी है। कुछ शॉट्स को मैदान पर बहुत अधिक उछाल मिलता है, और कुछ मैदानी शॉट में गति नहीं रहती है। ऐसे में विकेटों के बीच दौड़ना महत्वपूर्ण है। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलने की जरूरत है। रोहित ने कहा कि बेहतर क्रिकेट खेलकर ऐसे बाहरी कारकों को बेअसर किया जा सकता है और टीम के उनके साथी अक्सर कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

पाकिस्तान: बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मो. रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराह: फवाद आलम

नई दिल्ली, एजेंसी

- एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित उनसे पार पाना होगा काफी मुश्किल

पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी। भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

आलम ने कहा कि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अनुभव और कौशल से भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा। पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत की स्थिति मजबूत : क्रिस गेल

न्यूयॉर्क। वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारत को जीत का प्रबल दावेदार करार दिया। गेल ने रविवार को खेले जाने वाले मैच को लेकर आईसीसी से कहा कि पाकिस्तानी टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उलटफेर वाली हार के बाद सीधे भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चुनौती है।

बांग्लादेश ने श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

श्रीलंका ने 9 विकेट पर 124 रन का दिया लक्ष्य, बांग्लादेश ने 6 गेंद शेष रहते दर्ज की जीत

डैलस, एजेंसी

श्रीलंका को बौना साबित करते हुए बांग्लादेश ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका के पहले खेलते हुये 9 विकेट पर 124 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का लक्ष्य छह गेंद शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

टी-20 विश्वकप के इतिहास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की यह पहली जीत है। ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका एक समय 4 विकेट पर 100 रन बना कर मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ रहा था मगर रिशाद हुसैन (22 रन पर 3 विकेट) ने पारी के 15वें ओवर में दो गेंदों पर चरिथ असलंका (19) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लिया। उन्होने अपने अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा (21) को चलता किया, जिसके बाद श्रीलंका की पारी का पतन तेजी से शुरु हो गया और उसके 5 खिलाड़ी स्कोर में महज 24 रन का ही इजाफा कर सके। रिशाद हुसैन के अलावा मुस्तफ़िजुर रहमान (17 रन पर 3 विकेट) ने श्रीलंका को रफ्तार पकड़ने का मौका नहीं दिया। तस्किन अहमद ने 2 विकेट लिए। पथुम निसंका (47) ने क छोर पकड़ कर बांग्लादेश के गेंदबाजों का इम्तिहान लिया। उन्होने 28 गेंदो में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश एक समय 3 विकेट खोकर मात्र 28 रनों पर संघर्ष की स्थिति में थी मगर तौहीद हृदोय (40) और लिटन दास (36) ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को धुना। तौहीद ने मात्र 20 गेंदो में 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और चार छक्के लगाए। वह हसरंगा की गेंद पर आउट हुए, वहीं, दास भी हसरंगा के 108वां शिकार बने, जिसके साथ ही हसरंगा ने टी-20 में लसिथ मलिंगा के सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ दिया है। पारी के 18वें ओवर में नुवान तुषारा में रिशाद हुसैन और तस्किन अहमद को दो गेंदो पर आउट कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया था मगर जीत के लिए आखिरी दो ओवर में जरुरी 12 रनों को महमुदउल्लाह (16 नाबाद) ने 19वें ओवर में पाकर बांग्लादेश की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

पहली पारी में श्रीलंकाई खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रिशाद हुसैन और बांग्लादेश को जीत दिलाने के बाद महमुदउल्लाह।

मिलर ने किया नीदरलैंड्स का शिकार दक्षिण अफ्रीका चार विकेट से जीता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स (33) के बाद डेविड मिलर (59*) के साहसिक प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के लो स्कोरिंग मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स को 7 गेंद शेष रहते 4 विकेट से हरा दिया।

नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर नीदरलैंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 103 रन बनाए, दक्षिण अफ्रीका ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 106 रन बना कर लक्ष्य हासिल किया। डेविड मिलर ने अपनी टीम को नीदरलैंड के खिलाफ तीसरी हार से बचा लिया। 104 रन के मामूली दिख रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के 4 विकेट (क्विंटन डिकॉक, रीजा हैड्रिक्स,एडन मार्करम और हेनरिच क्लासेन) 12 रन पर गिर गए। ऐसे समय में मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने टीम के स्कोर को 77 रन तक पहुंचाया। स्टब्स बास डि लीडी की गेंद पर आउट हो गए। मार्को जानसन (3) के तौर पर छठा विकेट गिरने के बाद मैच बराबरी का हो गया था। मिलर ने 19वें ओवर में ही डि लीडे को दो छक्के और एक चौका लगा कर सात गेंद शेष रहते जीत दिला दी। नीदरलैंड को जीत की उम्मीद जगाने में हालांकि गेंदबाजों ने कोई कोरकसर नहीं छोड़ी थी। बल्लेबाजी के बाद गेंद से भी बैन वीक ने प्रदर्शन किया और दो दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन की दिशा दिखायी वहीं विविआन किंगमा ने भी 12 रन देकर 2 अहम विकेट झटके। इससे पहले एंगलब्रेख्त और वैन बीक ने दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के समक्ष जुझारु खेल का प्रदर्शन करते हुये अपनी टीम को लड़ने की स्थिति में पहुंचाया।

ऑटनील बार्टमैन (11 रन पर 4 विकेट) और मार्को यानसन (20 रन पर 2 विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी के समक्ष नीदरलैंड्स के छह बल्लेबाज मात्र 48 रन पर पवेलियन वापस पहुंच चुके थे। ऐसे कठिन समय में वैन बीक क्रीज पर आये और एक छोर पर टिके एंगलब्रेख्त के साथ मिल कर टीम के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। नीदरलैंड्स के लिये सातवें विकेट के लिये यह सबसे अधिक रनो की साझीदारी रही। नीदरलैंड्स का स्कोर और ज्यादा हो सकता था मगर आखिरी ओवर में बार्टमैन ने दो रन खर्च कर एक के बाद एक तीन विकेट झटक लिये और नीदरलैंड्स को नौ विकेट पर 103 रनों पर सीमित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिये अनरिख़ नॉर्खिये (19 रन पर दो विकेट) तीसरे सफल गेंदबाज रहे। हालांकि उनके लीड गेंदबाज कागिसो रबाडा विकेट चटकाने में असफल रहे।

शॉट लगाने के बाद स्टब्स और मिलर।

स्कोर बोर्ड

नीदरलैंड्स : 103/9, विक्रमजीत सिंह 12, साइब्रैंड एंगलब्रेख्त 40, लोगन वैन बीक 23, **गेंदबाज़ी :** मार्को यानसन 2, ऑटनील बार्टमैन 4, अनरिख़ नॉर्खिये 2

साउथ अफ़्रीका : 106/6 (18.5 ओवर) ट्रिस्टन स्टब्स 33, हाइनरिक क्लासन 4, डेविड मिलर 59*, मार्को यानसन 3 **गेंदबाज़ी :** विवियन किंगमा 2, लोगन वैन बीक 2, बास डलीडे 1

खेल डायरी

अंशु ने बुडापेस्ट में जीता रजत

बुडापेस्ट। भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में चीनी की केक्सिन होंग से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। अंशु को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत जीता जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थीं। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने पहले दिन रजत जीता था।

कुमुद सैनी ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

सुवोन। भारतीय तीरंदाज कुमुद सैनी ने शनिवार को तीरंदाजी एशिया कप 2024 के तीसरे चरण में महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। 17 वर्षीय कुमुद सैनी ने महिलाओं के कंपाउंड तीरंदाजी स्वर्ण फाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क येरिन को 143-140 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले ही राउंड में 28-26 की बढ़त ले ली। दूसरे राउंड में उन्होंने अपनी बढ़त 58-55 तक बढ़ा ली लेकिन तीसरे राउंड में वह 86-84 पर आ गईं। इसके बाद सैनी चौथे राउंड में चार अंकों की बढ़त बनाने में सफल रहीं और 114-111 से आगे हो गईं। इस शूटिंग प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में उनका प्रदर्शन निर्णायक रहा और उन्होंने तीरंदाजी एशिया कप 2024 सुवोन में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक हासिल किया। शनिवार को सैनी की जीत के साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने टूर्नामेंट में कुल पांच पदक अपने नाम कर लिए हैं। भारतीय महिला कंपाउंड और मिश्रित टीमों ने शुक्रवार को रजत पदक जीते जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों ने कांस्य पदक जीते। कुमुद सैनी ने पहले क्वार्टर-फाइनल में सिंगापुर की लोह त्ज़े चीह कोंटेसा को 147-142 से हराया था और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की चो यूजू को 142-137 से हराकर महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा के स्वर्ण फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 51वें स्थान पर

गैलोवे (अमेरिका)। भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमश: 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को 6-2, 6-1 से हराया।

स्वियातेक पहले सेट में 1-2 से पीछे चल रही थी, इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। स्वियातेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह स्थान बहुत पसंद है। मैं हर साल यहां आने की प्रतीक्षा करती हूं। स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है। पाओलिनी ने कहा कि मैं आपको बधाई देती हूं इगा। मुझे लगता है कि आपके खिलाफ खेलना बड़ी चुनौती है। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है, जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।

महिला फाइनल में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ पोलैंड की इगा स्वियटेक।

अल्काराज का फाइनल में होगा अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना

पेरिस। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। अल्काराज का सामना जर्मनी के ज्वेरेव से होगा।

अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर किया बड़ा उलटफेर

जार्जटाउन, एजेंसी

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की गेंदबाजी के बाद गुरबाज की बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया।

जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आल आउट हो गई जो उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर 4-4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी को आई अफगानिस्तान के गुरबाज और इब्राहिम जदरान में पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी पर 6 विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज ने 56 गेंद में 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 44 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान अब दो मैचों में 4 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है। अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी।

भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी

लंदन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में 6 हार का क्रम शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवाकर रोकने में विफल रही। भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी, जिससे उसे सातवीं हार मिली।

सुनिलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और दीपिका (15वें मिनट) ने शुरुआती क्वार्टर में गोल किए लेकिन जर्मनी की विक्टोरिया हस (23वें और 32वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्टिन कुर्ज (51वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 55वें मिनट में जूल ब्लूएल ने मैदान गोल दाग कर जर्मनी की जीत पक्की कर दी। भारत पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी 4 मैच हार गया था। भारतीय टीम रविवार को इस दौरे का आखिरी मैच ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

- एफआईएच प्रो लीग में लगातार मिली सातवीं हार

नॉर्वे शतरंज दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप किया प्रदर्शन

कार्लसन ने जीता खिताब, प्रज्ञाननंदा से हारे नाकामुरा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता।

कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।

- प्रज्ञाननंदा ने अपने अभियान का जीत से किया सकारात्मक अंत
- कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान को किया समाप्त

महिला खिलाड़ियों ने भी अंक किए अर्जित

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए। अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। उनके बाद लेई (14.5 अंक), भारत की आर वैशाली (12.5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है। वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 से अधिक नये चेहरे नवीनता का तत्व लायेंगे। वहीं महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ा रहे होंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे। उनके साथ संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के 20 से अधिक सदस्य भी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राज्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

रिपोर्टों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगु देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।

नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की चल रहीं तैयारियां। ● एजेंसी

नई दिल्ली में समारोह की पूर्व संध्या पर रिहर्सल के दौरान कर्तव्य पथ पर एक कारकेड।

न्यौता मिलने पर विचार करेगा इंडिया गठबंधन

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण फिलहाल इंडिया गठबंधन के नेताओं को नहीं मिला है, लेकिन न्योता मिलने के बाद इस पर विचार किया जाएगा। मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए नौ जून को शपथ ग्रहण करेंगे। उनके साथ उनके मंत्रिपरिषद के कई दूसरे सदस्य भी शपथ ले सकते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, कल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सिर्फ अंतरराष्ट्रीय नेताओं को निमंत्रण गया है। अभी तक हमारे नेताओं को निमंत्रण नहीं आया है।

विदेशी प्रतिनिधि और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कुछ नेता उन गणमान्य व्यक्तियों तथा विशेष आमंत्रित लोगों में शामिल हैं, जो राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सोलापुर वंदे भारत ट्रेन की पायलट सुरेखा यादव भारतीय रेलवे के उन 10 लोको पायलटों में शामिल हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है।

शेख हसीना दिल्ली पहुंचीं

नयी दिल्ली, एजेंसी

● सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंचे

भारत ने शनिवार को घोषणा की कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित उसके पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के नेता नौ जून को प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में हसीना और अफीफ के अलावा समारोह में भाग लेने वाले अन्य नेताओं में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। शनिवार को हसीना के दिल्ली पहुंचने के कुछ ही देर बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे सबसे मूल्यवान साझेदारों में से एक की यह यात्रा भारत-बांग्लादेश के बीच मित्रता के घनिष्ठ और गहरे संबंधों को और मजबूत करेगी।

विमान से उतरतीं प्रधानमंत्री शेख हसीना।

एक नजर

डेनमार्क की प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पर हमला

कोपेनहेगन (डेनमार्क)। कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को हमला कर दिया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पुष्टि की कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ एक घटना हुई है और एक 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार को सुनवाई पूर्व हिरासत के लिये कोपेनहेगन जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री रूस की वांछितों में

मॉस्को। रूस ने यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री यूलिया तिमोशेंको का नाम अपनी वांछित सूची में शामिल किया है। सरकारी मीडिया ने गृह मंत्रालय से मिली सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी तास ने कहा कि तिमोशेंको को अनिर्दिष्ट आपराधिक आरोपों में वांछित के रूप में सूचीबद्ध किया है। इस सूची में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके पूर्ववर्ती पेट्रो पोरोशेंको तथा यूक्रेन और नाटो देशों के कई अधिकारी और सांसद शामिल हैं।

एडीएफ विद्रोहियों ने की 50 नागरिकों की हत्या

किंशासा। पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हाल ही में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) विद्रोहियों के कारण हुए घातक हमलों में कम से कम 50 नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से शनिवार को दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एडीएफ ने उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में पूरी रात दो हमले किए, जिसमें मंगलवार और शुक्रवार को कम से कम 50 नागरिक मारे गए।

कराची में रासायनिक विस्फोट, एक की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में शनिवार को एक रासायनिक टैंकर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। स्थानीय पुलिस ने मीडिया से कहा कि यह विस्फोट तब हुआ जब खड़े टैंकर में कुछ वेल्डिंग का काम चल रहा था।

इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया

सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान कर लिया गया था अपहरण

यरूशलम, एजेंसी

● बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया

● 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है, जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। इसके साथ ही मध्य गाजा में भीषण लड़ाई में बच्चों सहित कम से कम 94 फलस्तीनी मारे गए। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मध्य गाजा में भारी लड़ाई हुई, जहां बंधकों को बचाया गया तथा शनिवार को हुए कई हमलों में

बच्चों सहित कम से कम 94 लोग मारे गए। मध्य गाजा स्थित एक अस्पताल के अधिकारी खलील देगरान ने बताया कि गाजा में उस जगह पर भीषण लड़ाई जारी है, जहां से इजराइली सेना ने शनिवार सुबह चार बंधकों को रिहा कराया। उन्होंने कहा कि डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में लगभग 100 फलस्तीनियों के शव लाए गए और 100 से अधिक घायल भी लाए गए। इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान जीवित बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है।

नवंबर में एक सप्ताह के संघर्षविराम के दौरान बंधकों में से लगभग आधे लोगों को रिहा कर दिया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि जिन चार बंधकों को छुड़ाया गया उन्हें हेलीकॉप्टर से चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया और वे 246 दिन तक अपहर्ताओं के चंगुल में रहने के बाद अपने प्रियजनों से मिल पाए।

पूर्व अंतरिक्ष यात्री एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत

सिएटल, एजेंसी। सेवानिवृत्त मेजर जनरल एवं अपोलो 8 के पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। वह 90वर्ष के थे। एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया। उनके बेटे और वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने एसोसिएटेड प्रेस से उनके निधन की पुष्टि की।

विलियम एंडर्स ने 1968 में प्रतिष्ठित अर्थराइज तस्वीर खींची थी। अर्थराइज पृथ्वी और चंद्रमा की सतह के एक हिस्से की तस्वीर है जो एंडर्स ने चंद्र की कक्षा से ली थी। उनके बेटे ग्रेग एंडर्स ने कहा, परिवार बहुत दुखी है। वह कुशल विमान चालक थे और हमें उनकी बहुत याद आएगी। विलियम एंडर्स ने कहा था कि यह फोटो (अर्थराइज) अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है।

चेरुकुरी रामोजी राव का निधन

हैदराबाद, एजेंसी

ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में तकलीफ के चलते पांच जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान शनिवार को तड़के 04.50 बजे उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

कृषक परिवार में जन्मे थे रामोजी

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेदापरुपुडी में एक कृषक परिवार में जन्मे रामोजी के स्वामित्व वाली कंपनियों में मार्गदर्शी चिट फंड, ईनाडु अखबार, ईटीवी नेटवर्क शामिल हैं। राव के छोटे पुत्र चेरुकुरी सुमन की 07 सितंबर, 2012 को ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। राव रामोजी समूह के प्रमुख थे, जो दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म निर्माण केंद्र रामोजी फिल्म सिटी, ईनाडु अखबार, टीवी चैनलों के ईटीवी नेटवर्क और फिल्म निर्माण कंपनी उषा किरण मूवीज के मालिक थे। उनके अन्य व्यावसायिक उपक्रमों में मार्गदर्शी चिट फंड, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ़ होटल्स, कलंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया अचार और मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हैं। उन्होंने तेलुगु सिनेमा में अभिनय के लिए चार फिल्मफेयर पुरस्कार, पांच नंदी पुरस्कार और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किए थे। वर्ष 2016 में पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का अंतिम संस्कार रविवार को रामोजी फिल्म सिटी के पास राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश दिया।

द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने जताया शोक

उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। रामोजी राव के निधन से भारत ने मीडिया और मनोरंजन जगत के एक दिग्गज व्यक्ति को खो दिया।
– द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

रामोजी राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत में अमिट छाप छोड़ी है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। – नरेंद्र मोदी

बराबरी के आधार पर भारत के साथ दोस्ती का आह्वान

लाहौर, एजेंसी

● पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी बोले- यह उपयुक्त समय

ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने शनिवार को कहा कि पुराने प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच बराबरी के आधार पर दोस्ती के लिए यह बिल्कुल उपयुक्त समय है।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कभी करीबी रहे चौधरी ने कहा, खान और पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भारत में दोस्त बनाने के पक्ष में थे। वर्ष 2023 में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को छोड़ चुके 48 वर्षीय चौधरी यहां नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल एजुकेशन द्वारा आयोजित भारतीय चुनाव एवं दक्षिण एशिया पर उसके प्रभाव विषयक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय पंजाब यहां से महज कुछ किलोमीटर दूर है लेकिन पाकिस्तानियों को वहां जाने के लिए दुबई से उड़ान लेनी होती है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच कोई वीजा नहीं होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों को बराबरी के आधार पर दोस्ती की चर्चा करने की जरूरत है।

मोदी पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर

वाशिंगटन, एजेंसी

● पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक साक्षात्कार के दौरान की तारीफ

● कहा- मोदी पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित

पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।

पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

बुशरा बीबी ने सजा निलंबन के लिए याचिका दायर की

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने शनिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर फर्जी विवाह मामले में सजा निलंबित करने और बाद में उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले नाम से चर्चित एक मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्होंने इद्दत काल में कथित रूप से शादी की थी।

रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में हमलों में 28 की मौत

कीव, एजेंसी

● यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में हुआ हमला

● फ्रांस निर्मित बम गिराए और अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी गई

रूस के आंशिक कब्जे वाले खेरसोन और लुहांस्क जैसे क्षेत्रों में यूक्रेन के हमले में कम से कम 28 लोगों की जान चली गयी। इन क्षेत्रों में रूस द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों देशों की सेनाओं ने बीती रात एक दूसरे पर ड्रोन दागे। मास्को (रूस) समर्थित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बताया कि यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में शुक्रवार को यूक्रेन के हमले में 22 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 घायल हो गये।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, साल्डो ने कहा कि शहर पर यूक्रेनी सैन्य बलों ने पहले फ्रांस निर्मित बम गिराये और फिर अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी। यूक्रेन में ही (रूस के) आंशिक कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में रूसी गवर्नर पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र की राजधानी लुहांस्क (लुहांस्क की राजधानी का नाम भी लुहांस्क है) में शुक्रवार को यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद मलबे से दो और शव निकाले गये और इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी।

बॉलीवुड हलचल

हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आयेंगे संजय दत्त

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हॉरर कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। संजय दत्त अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री में न केवल अभिनय, बल्कि इसका सहनिर्माण भी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह घोस्टबस्टर यानी भूत पकड़ने वाले बने हैं। फिल्म की घोषणा साल 2022 में ही हुई थी, लेकिन फिर इसे लेकर खास जानकारियां सामने नहीं आई थी। अब फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हॉरर कॉमेडी होने के साथ ही फिल्म म्यूजिकल भी है। आजकल हॉरर जॉनर काफी पसंद किया जा रहा है। कुछ वर्षों पहले मैंने ही संजय को एक म्यूजिक वीडियो के लिए अप्रोच किया था। उनके पास इस फिल्म कहानी थी। उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और हम इससे जुड़ गए। हमने स्क्रिप्ट और कास्ट को फाइनल कर लिया। सिद्धांत सचदेव फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। दीपक मुकुट ने बताया संजय फिल्म में घोस्टबस्टर जरूर बने हैं, लेकिन उनके पास तरह-तरह के गैजेट्स यानी यंत्र होंगे, जिससे वह आत्माओं और भूत-प्रेत को ढूढेंगे और पकड़ेंगे। फिल्म की कहानी एक पेड़ के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसमें सुपरनेचुरल शक्तियां होंगी।

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी आज 49 वर्ष की हो गयी। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की। शिल्पा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में शिल्पा ने शाहरूख खान की प्रेयसी की भूमिका निभाई थी। शिल्पा ने अपने सिने करियर में उस दौर के सभी दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम किया है। वर्ष 2009 में शिल्पा ने जानेमाने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह कर लिया।शिल्पा ने वर्ष 2014 प्रदर्शित फिल्म ढिसकियाऊ से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरूआत की लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।

सन्नी देओल ने शेयर किया अपना शर्टलेस लुक

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के मायो हीरो सन्नी देओल ने सोशल मीडिया पर अपना शर्टलेस लुक शेयर किया है। सन्नी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लाहौर 1947 को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सन्नी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। सन्नी देओल शर्टलेस नजर आ रहे हैं और सनग्लासेज में उनका लुक काफी शानदार लग रहा है। सन्नी ने अपने इस लुक की कई झलकियां वीडियो में दिखाई है। इसमें उनका चेहरा भी काफी बदला हुआ दिख रहा है। सन्नी देओल ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।

परिवार के रिसॉर्ट का अवैध हिस्सा ढहाया

पुणे पोर्श हादसा

सातारा। महाराष्ट्र के सातारा जिले में प्रशासन ने शनिवार को महाबलेश्वर में उस रिसॉर्ट में अवैध निर्माण को ढहा दिया, जिसका स्वामित्व पुणे पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल किशोर के परिवार के पास है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारियों ने महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में अनधिकृत निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को एक पोर्श कार ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया है कि यह किशोर नशे की हालत में कार चला रहा था। दुर्घटना तब सुर्खियों में आई, जब किशोर को बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए।

खगोल विज्ञान पृथ्वी से नजर आएगा दुर्लभ नोवा विस्फोट

वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड में धमाके का इंतजार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : ब्रह्मांड में एक भयानक नोवा विस्फोट होने जा रहा है। यह विस्फोट पृथ्वी से देखा जा सकेगा। दुनियाभर के वैज्ञानिकों को इस धमाके का इंतजार है। हमसे तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर यह धमाका होगा।

इस दुर्लभ खगोलीय घटना की खबर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जारी की है। कभी भी यह धमाका हो सकता है। इसकी निश्चित तिथि अभी तय नहीं है। मगर वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिस कारण वैश्विक खगोलविद इस दुर्लभ नोवा विस्फोट का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पेशेवर और शौकिया खगोलविद की नजरें रात के आकाश में गहरे एक छोटे तारामंडल पर केंद्रित हैं। यह कोरोना बोरेलिस के उत्तरी क्राउन के सात सितारों के बीच एक अंधेरा स्थान है, जहां नोवा विस्फोट की यह घटना होगी। विस्फोट की चमक इतनी उज्ज्वल कि यह पृथ्वी पर नग्न आंखों से दिखाई देगी। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह आकाशीय घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है। यह विस्फोट युवा वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं के शोध के लिए पुख्ता सबूत दे जाएगी। नासा ने इस घटना के वैज्ञानिक कारण को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की है।

वैज्ञानिक रिबका हौन्सेल नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में नोवा घटनाओं में विशेषज्ञता रखने वाली वैज्ञानिक हैं। उनका कहना है कि अगली पीढ़ियों के वैज्ञानिकों के लिए यह घटना एक नई ऊर्जा के समान होगी।

सुपरनोवा से अलग है नोवा विस्फोट की घटना

किसी तारे के अंत मे होने वाली घटना सुपरनोवा कहलाती है, लेकिन नोवा इससे अलग घटना होती है, जो तारे के बौना बन जाने के बाद भीतर की ऊर्जा विस्फोट के सात बाहर फेक देता है। नोवा विस्फोट कई बार होते रहता है। विस्फोट की घटना हजारों साल तक चलते रहती है, जो बहुत छोटे चक्रों के साथ लगभग सौ वर्ष में एक बार होती है।

अंतरिक्ष में नोवा विस्फोट की काल्पनिक तस्वीर।